सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,756 |
| निफ्टी | 25,245 |
| सोना | 97,157 |
| चांदी | 1,05,200 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



पहले टेस्ट में हार के बाद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं: गौतम गंभीर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 26 जून 2025 | 12 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 178, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

ADMISSION OPEN NOW

STATE INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT DHARAMSHALA (SIHM)

V.P.O. KHANYARA, DHARAMSHALA DISTRICT KANGRA (H.P.)

(DEPARTMENT OF TOURISM & CIVIL AVIATION GOVT. OF H.P. SHIMLA)

HIMACHAL TOURISM

LIMITED SEATS

COURSES

* Food Production * Bakery
* Food & Beverage Service
* Front Office Operation
* House Keeping Operation
* 3 Year Degree B.Sc Degree in H & HA

OUR FACILITIES

* Computer Lab. * Basic Training Kitchen
* Front Office Lab. * Advance Training Kitchen
* Guest Room. * Bakery Lab. * Linen Room
* Library. * Laundry. * Training Restaurant
* Cafeteria. * Wi-fi Campus... Etc



Get 100% JOB Placement

01892-246036,82191-03472,98058-57883, 98053-89061, Email id: sihmdharamshala@gmail.com | website: www.sihmdharamshala.org

## कुल्लू में चार जगह फटे बादल

### जीवा नाला, शिलागढ़, स्नो गैलरी और होरनगढ़ में तबाही, तीन लोग बहे

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** हिमाचल के कुल्लू जिले में बुधवार दोपहर बाद चार जगह बादल फटने से खूब तबाही हुई। कुल्लू के जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गड़सा) घाटी, स्नो गैलरी (मनाली) और होरनगढ़ (बंजार) में बादल फटे हैं। जीवा नाला की बाढ़ के बाद बिहाली गांव को भी खतरा पैदा हो गया है। सैंज सड़क पर पार्क बोलेरो कैंपर गाड़ी फ्लैश-फ्लड में बह गई। सियूंड मार्ग को भी नुकसान हुआ है और एक अस्थायी दुकान बह गई है।

सैंज घाटी के रैला बिहाल क्षेत्र में 4 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस घटना में तीन व्यक्तियों के बह जाने की सूचना है, जो सामान निकालते समय हादसे का शिकार हो गए। बंजार उपमंडल के होरनगढ़ क्षेत्र में फ्लैश फ्लड के कारण बंजार-बठाहर सड़क पर बना एक छोटा पुल तथा एक वाहन भी बह गया है।

**जिला प्रशासन ने शुरू किया सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन**

उधर, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा राहत, खोज एवं बचाव कार्य जारी है। जिला प्रशासन कुल्लू इस आपदा के मद्देनजर पूरी तरह सतर्क है। राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला प्रशासन की टीमें तैयार हैं। आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में सर्च और रेस्क्यू टीमें तुरंत भेजी जाएंगी। साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी जिले में पूर्व से ही तैनात है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है।

### मनूणी खड्ड में बहे 15 मजदूर, दो शव बरामद

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** खनियारा स्थित इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्रल प्रोजेक्ट सौकणी दा कोट के पास बुधवार दोपहर बाद मनूणी खड्ड में पानी का बहाव अचानक बढ़ गया। इससे 10 से 15 मजदूर तेज धारा में बह गए। घटना के वक्त सभी मजदूर खड्ड किनारे बने एक शेड में रह रहे थे। एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी तक 2 शव बरामद कर लिए गए हैं, बाकी की तलाश जारी है। डीसी हेमराज बैरवा ने भी मामले की पुष्टि करते हुए कहा है अभी तक 2 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, बाकी की तलाश जारी है। वहीं, स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया पर घटना की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा, 'मजदूरों का बहना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है।'

## न्यूज शॉर्ट्स

### पंजाब के पूर्व अकाली मंत्री मजीठिया अरेस्ट



**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ने पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी आय से अधिक संपत्ति के केस में की गई है। अमृतसर से गिरफ्तार करने के बाद विजिलेंस की टीम मजीठिया को मोहाली ले गई। जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बीच अकाली दल के नेताओं और समर्थकों का कोर्ट के बाहर पहुंचना शुरू हो गया है, कार्यकर्ता यहां पर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। विजिलेंस ने मजीठिया के घर से 29 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, 2 आईपैड, 8 डायरियां और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हल्द्वानी में नहर में गिरी कार, चार की मौत

**एजेंसी, नैनीताल।** सुशीला तिवारी अस्पताल से बच्चे की डिलीवरी के बाद किच्छा जा रहे परिवार की कार नहर में समा गई। घटना बुधवार की सुबह सात बजे मंडी समिति के गेट के सामने कैनाल नहर में हुई। दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हुई है। दो गंभीर रूप से घायल है। कार में सवार महिला की जहां जान बच गई वहीं उसका तीन दिन पहले जन्मा बच्चा नहीं बच सका। उसके पति की भी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश की नाकाम

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर उनके नापाक इरादों पर पानी फेर दिया। सूत्रों के अनुसार, घने जंगलों की आड़ में 3-4 आतंकियों का समूह एलओसी पार कर भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। भारतीय सेना ने सतर्कता दिखवाते हुए गोलीबारी की, जिसमें एक आतंकी मारा गया और एक घायल होकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की ओर भाग गया। सुरक्षाबलों ने राजौरी, पुंछ, सांबा और कठुआ में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एनएच की धीमी रफ्तार पर अनुराग ठाकुर तल्ख - पेज 2
- हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला ई-स्कूटरों का सहारा - पेज 3
- कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी और तानाशाही का पर्याय: त्रिलोक - पेज 6
- एसपी और एडीएम ने ध्वस्त पुल का किया निरीक्षण - पेज 9
- स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करें नियमित जांच - पेज 12

### मुख्यमंत्री सुक्खू की पंजाब-हरियाणा को दो टूक

## पहले दो बीबीएमबी का 4000 करोड़ एरियर, फिर किशाऊ बांध पर बात

अनंत ज्ञान, शिमला



**बीबीएमबी के सभी प्रोजेक्ट्स से 12 फीसदी मुफ्त बिजली भी चाहिए**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दो टूक कहा कि पंजाब और हरियाणा जब तक बीबीएमबी का एरियर नहीं देते, तब तक राज्य सरकार किशाऊ बांध परियोजना पर आगे नहीं बढ़ेगी। बुधवार को शिमला में मीडिया से बातचीत में सीएम ने कहा कि हिमाचल के 4 हजार करोड़ रुपए के एरियर पर बीबीएमबी कुंडली मारकर बैठा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के 14 साल बाद भी हिमाचल को एरियर नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि कभी पंजाब तो कभी हरियाणा अड़ंगे डाल देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल पहले बीबीएमबी को हिमाचल का एरियर देने के आदेश दिए, लेकिन अब तक यह राशि नहीं लौटाई गई। उन्होंने पंजाब-हरियाणा से हिमाचल के एरियर भुगतान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट देने की मांग की। सुक्खू ने कहा कि उन्होंने यह बात केंद्र सरकार से भी साफ तौर पर स्पष्ट कर दी है। राज्य सरकार अपना हक नहीं मरने देगी। हिमाचल बीबीएमबी के सभी प्रोजेक्ट्स से 12 फीसदी मुफ्त बिजली की भी मांग कर रहा है, क्योंकि इन परियोजनाओं के कारण बिलासपुर का बड़ा हिस्सा उजड़ गया, लेकिन लोगों को आज तक पूरा हक नहीं मिला।

### सुप्रीम कोर्ट ने 2011 में सुनाया था फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट ने 2011 को एक फैसला हिमाचल के पक्ष में सुनाया था। तब कोर्ट ने बीबीएमबी के प्रोजेक्ट में हिमाचल की हिस्सेदारी 7.19 फीसदी तय की। इससे पहले का लगभग 4000 करोड़ रुपए भुगतान के भी बीबीएमबी को निर्देश दिए गए, लेकिन यह एरियर अब तक हिमाचल को नहीं मिला है।

## कांग्रेस ने लोकतंत्र को किया था 'कैद' : मोदी

### खड़गे बोले- भाजपा नेता अपना झूठ छिपाने के लिए 'नाटक' कर रहे

एजेंसी, नई दिल्ली



**आपातकाल के 50 साल पूरे, भाजपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे पर किया वार पलटवार**



इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं।'

इस दिन, भारतीय संविधान के मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया। कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री को जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'आज महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली का इनके पास जवाब नहीं है। काला धन लाने की बात थी, वह कहां है? ये लोग अपने झूठ को छिपाने के लिए आज नाटक रच रहे हैं और संविधान हत्या दिवस मना रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

### भारत ने बंद किया ऑपरेशन सिंधु

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने ईरान से भारतीय को निकालने के लिए शुरू किए ऑपरेशन सिंधु को बंद कर दिया है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया कि ईरान और इसराइल देशों के बीच युद्ध विराम होने के कारण ऑपरेशन सिंधु को बंद कर रहे हैं। दूतावास ने लोगों को निकालने के लिए नए नामों को रजिस्टर करने के लिए खोली गई डेस्क को बंद कर दिया है। हालांकि, एक्स पर एक पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि यदि वहां मौजूद भारतीयों को किसी भी तरह का खतरा होता है तो हम अपनी रणनीति में बदलाव करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## ईरान का कुछ नहीं बिगाड़ पाए अमेरिकी बम

### सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दावा, ट्रंप ने नकारा

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी मीडिया हाउस सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद भी उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम तबाह नहीं हुआ है। यह दावा एक सीक्रेट रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। इस रिपोर्ट में ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद हुए नुकसान का अनुमान लगाया गया है। एक सीक्रेट सोर्स ने सीएनएन को बताया कि हमले से ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम सिर्फ कुछ महीनों के लिए ही पीछे हुआ है।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर पोस्ट कर इन दावों को खारिज किया है। ट्रंप ने कहा कि 22 जून को अमेरिकी हमले के बाद इजराइली एजेंट्स ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट गए थे। उन्होंने ही बताया कि फोर्डो न्यूक्लियर साइट पूरी तरह तबाह हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर शुरू किया तो फिर हमला करेंगे : ट्रंप



**डोनाल्ड** ट्रंप ने बुधवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो समिट में मीडिया से बात की। इसमें उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू किया तो फिर हमला करेंगे।

## 'रेरा' जुर्माने पर सरकार को राहत नहीं, याचिकाकर्ता को नोटिस

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने रेरा के अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति में बेवजह देरी पर राज्य सरकार पर लगाए गए 5 लाख के जुर्माने को माफ करने की अर्जी पर कोई राहत नहीं दी है। कोर्ट ने इस मामले में याचिकाकर्ता को नोटिस जारी कर 23 जुलाई तक अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने 20 जून को सरकार को 5 लाख का जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना 13 मार्च, 2025 को रेरा अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति के लिए सिफारिश भेजे जाने के बावजूद अभी तक अधिसूचना जारी न करने के कारण लगा था। कोर्ट ने यह राशि 25 जून, 2025 तक हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करने के आदेश दिए थे, जिसे सरकार ने जमा करवा दिया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधवालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने इस आवेदन पर फैसला लेने से पहले याचिकाकर्ता का पक्ष जानना जरूरी समझा है।

## संविधान को इंदिरा ने रखा ताक पर राहुल गांधी रखते हैं जेब में : अनुराग

### कांग्रेस का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर अमिट काला धब्बा

अनंत ज्ञान, शिमला



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर बिहार के मोतिहारी व मुजफ्फरपुर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल के दौरान कांग्रेसी अत्याचारों पर विस्तार से अपने विचार रखे। एक जनसमूह को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने संविधान को ताक पर रखा तो वहीं राहुल गांधी उसे जेब में रखते हैं। अनुराग ने कहा कि 50 साल पहले 25 जून 1975 को कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता ने आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी न मिटने वाला धब्बा लगाया था।

## शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल की एक और छलांग, 5वें स्थान पर पहुंचा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस-2025) में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचकर शिक्षा के क्षेत्र में एक असाधारण प्रगति दर्ज की है। यह उल्लेखनीय सुधार स्कूलों के विलय, स्टाफ के युक्तिकरण, त्वरित भर्ती और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना जैसे लक्षित सुधारों का परिणाम है। शिक्षकों और छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर दौरों ने भी शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

जानकारी के अनुसार, समग्र शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा 2 जुलाई, 2025 को दिल्ली में इस ऐतिहासिक उपलब्धि की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

## 2026 से साल में दो बार होगी सीबीएसई दसवीं की परीक्षा

### पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी और दूसरी ऑप्शनल

एजेंसी, नई दिल्ली



सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बुधवार को यह जानकारी दी है।

नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा। 12वीं कक्षा की परीक्षा पुराने एक्जाम पैटर्न के अनुसार ही होगी। (अनंत ज्ञान)

### नए पैटर्न की तीन अहम बातें

- दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में विद्यार्थियों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।
- विंटर बाउंड स्कूलों के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी।
- अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**अंतरिक्ष यात्रा** | एक्सिओम-4 की सफल लॉन्चिंग, शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट मिशन पर

## अंतरिक्ष में 41 साल बाद फिर पहुंचा एक और भारतीय

एजेंसी, फ्लोरिडा



भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत बुधवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए। उनका यह मिशन पहले 6 बार तकनीकी दिक्कतों के कारण टल चुका था। उनके साथ तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। शुभांशु स्पेस में जाने वाले दूसरे और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

मिशन भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में सभी एस्ट्रोनॉट ने उड़ान भरी। यह स्पेसक्राफ्ट करीब 28.5 घंटे के बाद 26 जून को शाम 4:30 बजे से आईएसएस जुड़ेगा। अंतरिक्ष में पहुंचते ही शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों! हम 41 साल बाद वापस अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। यह एक अद्भुत सफर है। हम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। मेरे कंधों पर मेरा तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। यह मेरी यात्रा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की शुरुआत नहीं है, यह भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इस सफर का हिस्सा बनें। आइए हम सब मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। जय हिंद! जय भारत!' (अनंत ज्ञान)

**चारों ने नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भरी उड़ान**

### 'हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो गया'

**एक्सिओम** मिशन-4 की लॉन्चिंग सफल होने पर शुभांशु शुक्ला के माता-पिता आशा शुक्ला और शंभु दयाल शुक्ला भावुक हो गए। उन्होंने बेटे की सफलता पर ताली बजाकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि उसकी वजह से आज हमारा सीना गर्व से चोड़ा हो गया।

### शुभांशु के साथ गए ये अंतरिक्ष यात्री

**मिशन** में शुभांशु के साथ अमेरिका की अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोस उजनांस्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू भी शामिल हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## आईटीआई में छात्रों को बताए जाएंगे नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य पर वीरवार को जिले भर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, शिक्षा विभाग और अन्य विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले इन कार्यक्रमों में आम लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया जाएगा तथा नशीले पदार्थों की तस्करी की शृंखला को तोड़ने के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील की जाएगी। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। सुबह साढ़े ग्यारह बजे आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी नशे की समस्या एवं इसके उन्मूलन पर व्यापक चर्चा करेंगे।

## विकास खंड कार्यालय को भेंट किया वाटर कूलर


माया देवी वाटर कूलर की भेंट के दौरान, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बारीं पंचायत के चाहड़ गांव की माया देवी ने अपने स्व. पति बुद्धि सिंह चौहान की याद में विकास खंड कार्यालय टौणी देवी को वाटर कूलर भेंट किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा व पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर भी मौजूद रहे। पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर ने बताया कि पंचायत के लोग विकास कार्यों के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी पूरी भागीदारी से सहयोग करते हैं। उन्होंने माया देवी तथा परिजनों का इसके लिए आभार जताया है। माया देवी ने पंचायत क्षेत्र में वाटर कूलर लगवाने का आग्रह किया था तथा इसके लिए उन्होंने विकास खंड कार्यालय में स्थापित करने का सुझाव दिया था।

## छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**संजीव कुमार, अनंत ज्ञान, भोटा।** पीएश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, भाषण और पोस्टर के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए।

## पेंशनर्स संघ ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा की अध्यक्षता में सत्र 2025-27 के लिए 2 जुलाई को होने वाले प्रदेश इकाई के द्विवार्षिक चुनाव के सिलसिले में पेंशनर भवन, हमीरपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खानपान व्यवस्था, सिटिंग एवं अतिथि स्वागत आदि मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया व इसके लिए हमीरपुर खंड इकाई को सभी प्रबंधों का दायित्व संभाला गया। इसके अतिरिक्त बैठक में प्रदेश स्तरीय चुनाव में जिला हमीरपुर की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पेंशनर भवन, हमीरपुर में चुनाव तिथि से पूर्व सफाई एवं पानी आदि की व्यवस्था को भी बनाए रखने हेतु पदाधिकारियों को सूचित किया गया। प्रदेशाध्यक्ष के अतिरिक्त प्रबंधन बैठक में जिला प्रधान केसी गौतम, प्रदेश मु. संगठन सचिव पुरुषोत्तम दास शर्मा, उपप्रधान सुभाष शर्मा, महासचिव शंभू राम जसवाल, कोषाध्यक्ष बनारसी दास पटियाल, वरि. उपप्रधान रंजीत ठाकुर व रत्न चांगरा, साली ग्राम ठाकुर, विचित्र सिंह ठाकुर, हेमराज शर्मा, दीप चंद शर्मा, जगदीश चंद शर्मा, देव राज पटियाल, उर्मिला आनंद, बलदेव सिंह ठाकुर, राजकुमार पटियाल, देव राज सहित अन्य पेंशनर्स शामिल हुए।

## आईटीआई सुजानपुर में 30 को होंगे इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड कंपनी हरिद्वार स्थित अपने प्लांट के लिए आईटीआई डिप्लोमा धारक युवाओं की भर्ती करने जा रही है। इसके लिए कंपनी के अधिकारी 30 जून को आईटीआई सुजानपुर में साक्षात्कार लेंगे। आईटीआई सुजानपुर के प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2022, 2023 और 2024 में फिटर, एमएमवी, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन और इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई पास कर चुके युवा और वर्तमान में फाइनल ईयर के युवा इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उनकी आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित युवाओं को 23,626 रुपए मासिक वेतन, वर्दी, मेडिकल सुविधा, सस्ता खाना और कई अन्य सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार 30 जून को सुबह साढ़े नौ बजे अपने प्रमाणपत्रों सहित आईटीआई सुजानपुर में पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## 30 तक ई-केवाईसी करवाएं हमीरपुर के बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी न करवाने वाले उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इसे 30 जून तक भोटा चौक स्थित उपमंडल कार्यालय में आकर करवा लें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01972-222218, मोबाइल नंबर 97363-58605 और 70186-51059 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बिझड़ी में स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विकास खंड बिझड़ी की समस्त पंचायतों को स्वच्छ तथा साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के संदर्भ में पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों तथा युवक मंडलों के प्रधानों को जागरूक करने के लिए बुधवार को खंड विकास अधिकारी बिझड़ी के कार्यालय में विशेष जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक सतीश कुमार ने भारत सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जारी एप के बारे में पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत सचिवों को जानकारी दी। समन्वयक सतीश कुमार ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025के संदर्भ में इस से पहले करेर, भकरेड़ी और तथा बणी में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025में शामिल होने के लिए पंचायतों को 15 जुलाई तक एप के माध्यम से भाग लेना होगा, के बादकेंद्र की टीम सर्वेक्षण करेगी।

## दाड़ला पंचायत में उल्टी और दस्त के मरीजों में इजाफा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** दाड़ला पंचायत में उल्टी और दस्त के मरीजों में और इजाफा हो गया है। बुधवार को 9 और मरीज बीमारी से ग्रस्त पाए गए, जिनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा इलाज किया जा रहा है। उधर, बुधवार को ड्यूटी ट्रैक्टर हेल्थ आईजीएमसी शिमला तथा मेडिकल कॉलेज की एक टीम पंचायत में पहुंची। उन्होंने बीमारी के कारणों का पता किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष तीन टीमों का गठन किया गया है, जबकि जल शक्ति विभाग ने भी अपने स्तर पर पंचायत में सभी वॉटर रिसोर्सेस के क्लोरिनेशन का कार्य किया। जलशक्ति विभाग के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा जो पानी के सैंपल लिए गए हैं, जो कि सभी सैंपल ठीक पाए गए हैं। उधर, कार्यवाहक बीएमओ डॉ. राजकुमार ने बताया कि पंचायत में जिन विभिन्न पेयजल स्रोतों के सैंपल लिए गए हैं, अभी तक उनकी रिपोर्ट नहीं आई है। उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि यह बीमारी गांव में कैसे फैली।

## 15वें वित्त आयोग के कार्यों को पूरा करवाया जाए

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पंचायत समिति सुजानपुर टिहरा की बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति की अध्यक्ष आरती कुमारी व खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जम्वाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत समिति सचिव शेर सिंह, पंचायत समिति सदस्य व विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभागों से संबंधित संचालित की जा रही स्कीमों की जानकारी सदन में दी गई। बैठक में 15वें वित्त आयोग के कुछ एक कार्य जो किसी कारणवश नहीं हो पाए, उन्हें बदलने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया व सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सदन में प्रस्ताव रखा कि पंचायत समिति 15वें वित्त आयोग की राशि जो पंचायतों की तबदील की जा रही है, उन कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करवाया जाए।

## डडोह वासियों को मिलेगी सड़क की सुविधा

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान, गलोड़।** डडोह गांव के लगभग 40 के करीब परिवारों को सड़क की सुविधा नहीं थी। गांव के लोगों ने पंचायत के पूर्व प्रधान राजीव ठाकुर से इस सड़क को लेकर एक बैठक की और लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल शिमला में मुख्यमंत्री से मिला। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्या का तुरंत हल करने और सड़क की सुविधा गांव तक पहुंचाने के आदेश लोक निर्माण विभाग को दिए। मात्र 20 दिन के अंदर लोनिवि ने प्रथम चरण में सड़क के निर्माण के लिए 30 लाख रुपए के ऑनलाइन टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया है इस मामले पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजिंदर सिंह ने बताया कि इस सडक के लिए 30 लाख के करीब प्रथम चरण में सड़क निर्माण के कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए हैं। शीघ्र ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### अटारी-मनाली एनएच की गुणवत्ता से नहीं संतुष्ट, गडकरी को पत्र लिख कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# एनएच की धीमी रफ्तार पर अनुराग तल्ख

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** अटारी-मनाली नेशनल हाईवे के निर्माण और इसकी गुणवत्ता को लेकर सांसद अनुराग ठाकुर भी नाराज हैं। उन्होंने केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर संबंधित कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। काबिलेगौर यह है कि इस सड़क के निर्माण में लगी कंपनी के खिलाफ लोगों की शिकायतें हैं और निर्माण कार्य की गुणवत्ता में शुरू से ही सवाल उठ रहे हैं। लोग पहले भी जब अनुराग मंत्री थे, उस समय भी कई बार गुहार लगा चुके थे, लेकिन कंपनी टस से मस नहीं हुई।

पिछले साल दिसंबर माह में इसके निर्माण का काम मुकम्मल होने की अवधि थी, मगर छह महीने ज्यादा गुजर जाने के बाद भी काम अभी भी अधूरा है। अब पाड़छू में जो कुछ हुआ है, उसको लेकर निर्माण कंपनी फिर से सवालों के घेरे में है। हमीरपुर से अवाहदेवी तक तकरीबन 24 किलोमीटर की सड़क अभी भी कई जगह पर हिचकोले खा रही है। 'अनंत ज्ञान' ने भी सड़क के इस मुद्दे को पिछले सप्ताह जोर-शोर से उठाया था। अनुराग ठाकुर ने पत्र में लिखा है कि हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर-मंडी रोड के निर्माण कार्य को गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को सौंपा गया था, जिसने इसे एम/एस सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को सबलेट कर दिया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उन्होंने चिंता जताई कि निर्माण कार्य न केवल अत्यंत धीमा है, बल्कि गुणवत्ता भी असंतोषजनक है। सबसे चिंताजनक घटना पाड़छू नाला के पास निर्माणाधीन पुल के ढहने की है, जो जनता की सुरक्षा और आधारभूत ढांचे पर गंभीर खतरा है। इसके अलावा निर्माण के दौरान कई रिटेनिंग वॉल भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। सांसद ने कहा है कि इस संबंध में जन शिकायतों के बाद कई बार परियोजना अधिकारियों के साथ बैठकें की गईं और साइट निरीक्षण भी किया गया। दिशा समिति की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि निर्माण की गुणवत्ता सुधारी जाए और कार्य में तेजी लाई जाए, लेकिन संबंधित अधिकारियों और निर्माण कंपनियों ने निर्देशों की अवहेलना की, जिससे पाड़छू नाला पर पुल का ढहना जैसी घटनाएं हुईं।

अनुराग ने गडकरी से अनुरोध किया है कि दोषी कंपनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और परियोजना को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए ताकि जन सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर की विश्वसनीयता बनी रहे। गौरतलब है कि इसका निर्माण शुरू हुए 3 साल से ज्यादा का समय हो गया है।


ANURAG SINGH THAKUR
Member of Parliament (Lok Sabha)



नितिन गडकरी को लिखा गया पत्र (दाएं) 'अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा।

### पिछले साल दिसंबर में मुकम्मल होना था निर्माण

### टू-लेन बन रहा रोड

**यह** पूरा रोड टू-लेन बन रहा है। इस पर तकरीबन 224 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इसका काम 22 जून, 2022 को शुरू हुआ था और यह 20 दिसंबर, 2024 को मुकम्मल होना था, मगर अभी भी काम काफी मात्रा में आधा अधूरा दिखता है। मै. गवार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी जो इसके निर्माण में लगी है, वही अगले 5 साल तक इसका रखरखाव करेगी, मगर पहले काम तो मुकम्मल हो।

### कई जगहों पर कटिंग का काम अब भी अधूरा

**कई** जगह अभी भी कटिंग का काम अधूरा है। जहां-जहां बाईपास बनाए गए हैं, उनमें भी तीन जगह कटिंग होनी है। हमीरपुर के नित से लेकर बीच के जिन-जिन हिस्सों में टारिंग का काम हुआ है, वह भी अप टू द मार्क नहीं है, जो कि कई जगह से उखड़ना शुरू हो गया है।

# बड़ा पंचायत के जोल सरूहूं गांव के निवासी मटमैला पानी पीने को मजबूर

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के जोल सरूहूं गांव के निवासी वर्तमान समय में मटमैला पानी पीने पर मजबूर हैं। उक्त गांव के लोगों का कहना हैं कि पिछले लगभग 20 दिनों से उनके गांव में जलशक्ति विभाग द्वारा पानी की सुविधा के लिए लगाए गए नलों से मटमैला पानी आने से उन्हें वर्तमान समय में स्वच्छ पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। उक्त गांव के निवासी लेख राज के साथ आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल ज्ञान चंद, देव राज, निर्मल सिंह, किशन चंद आदि ने बताया कि वर्तमान समय में पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार (रिंटू) उनके गांव को अपनी जेब से अपने ट्रैक्टर के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध करवा हैं।

लोगों ने यह भी बताया कि उनके गांवों में आए दिन पेयजल समस्या की किल्लत रहती है। हर वर्ष गर्मियों एवं बरसात के मौसम में उन्हें भारी पेयजल समस्या का सामना करना पड़ता है। उनकी इस समस्या के हल के लिए कई बार गांव वासियों ने सरकार और स्थानीय प्रशासन से आवाज उठाई, लेकिन आज दिन उनकी इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं हो पाया है। गांववासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की जोरदार मांग की है।

इस बारे में बड़ा पंचायत के उपप्रधान अशोक कुमार ने गांव वासियों की इस समस्या की पूर्ण रूप से पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गांव वासियों की इस समस्या का स्थायी समाधान करने का विशेष आग्रह किया है।

### पंचायत उपप्रधान अशोक अपनी जेब से पहुंचा रहे स्वच्छ पानी की सुविधा

### क्या कहते हैं जलशक्ति विभाग के अधिकारी

इस बारे में जल शक्ति विभाग के नादौन स्थित कार्यालय के अधिकारी (एस डी ओ ) अमित चौधरी से बात क़ी जाती हैं तो उनका कहना हैं कि इस बारे में विभाग के पास कोई. भी लिखित शिकायत नहीं आई हैं अगर फिर भी लोगों. को इस प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं तो उसका समाधान किया जाएगा।

# आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था : राजीव भारद्वाज


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजीव भारद्वाज, विधायक आशीष, लखनपाल व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बड़सर/हमीरपुर**

भाजपा ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में बुधवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करके कांग्रेस पर कई निशाने साधे।

कांगड़ा लोकसभा से सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि आपातकाल भारत के लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। यह वह समय था, जब एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की निर्मम हत्या की गई। उन्होंने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 21 महीनों तक चला यह आपातकाल भारतीय लोकतंत्र को झकझोर देने वाला समय था, जो कांग्रेस की तानाशाही प्रवृत्ति और सत्ता के प्रति उसके लालच को उजागर करता है।

प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला, प्रदेश कार्यकारी सदस्य नवीन शर्मा, जिला महामंत्री अजय रिंटू, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने कहा कि आज की पीढ़ी को उस इतिहास को जरूर जानना चाहिए।

# झंडा रस्म व शोभायात्रा के बाद मां कलंझड़ी मेला शुरू

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** हमीरपुर-आवाहदेवी सड़क किनारे एनआईटी से तीन किलोमीटर दूर सराहकड़ गांव में माता कलंझड़ी देवी मेला बुधवार को शुरू हो गया। मेले की शुरुआत रांगड़ा परिवारों के पुश्तैनी घर से झंडा पूजन, शोभा यात्रा और शंखनाद से हुआ। मुख्यातिथि समाज सेवी सुरेश रांगड़ा ने विशेष पूजा-अर्चना कर मेले की शुरुआत की। अधिष्ठात्री देवी के नाम से विख्यात इस धार्मिक मंदिर में दूर दूर से लोग माथा टेकने और रोट चढ़ाने पहुंचे।


मुख्य अतिथि सुरेश रांगड़ा द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के बाद मेले की शुरुआत की गई।

**जोधाराम मिस्त्री ने बनाया मंदिर :** कलंझड़ी माता मंदिर के पुश्तैनी पुजारी एवं संचालक अजय रांगड़ा ने बताया कि उनके पड़दादा जोधा राम मिस्त्री ने करीब 170 साल पहले इस मंदिर का निर्माण किया था। जोधाराम ने ही अंग्रेजों के जमाने में हमीरपुर तहसील भवन का निर्माण करवाया था। अजय रांगड़ा ने बताया कि उनके दादा स्वतंत्रता सेनानी स्व. सूबेदार श्रवण सिंह तथा दादी प्रभी देवी ने मंदिर की खूब सेवा की। पुश्तैनी पुजारी अजय रांगड़ा ने बताया कि उनके पिता स्व. सूबेदार मेजर जय कृष्ण, चाचा हवलदार शक्ति चंद ने भी कलंझड़ी माता मंदिर की लगातार सेवा की और मंदिर को भव्य रूप दिया। अब भी मंदिर की तहज्मीन पिता स्वर्गीय सूबेदार मेजर जय कृष्ण के नाम है। वर्तमान में पुश्तैनी पुजारी अजय रांगड़ा ने मंदिर की सेवा कर इसे भव्य रूप प्रदान किया है।

**यूं मिली माता कलंझड़ी की मूर्ति :** अजय रांगड़ा के मुताबिक सराहकड़ गांव के साथ लगाते इलाके में कुछ लोग हल जोत रहे थे। अचानक हल एक जगह फंसा और बार-बार हल जंप मारने लगा। जब वहां खुदाई की तो माता की मूर्ति निकली। लोगों ने अनुष्ठान पूर्ण उस मूर्ति को वर्तमान स्थान पर लाया और रख दिया। इसके बाद इस मूर्ति को यहां से कोई न हिला सका। आज भी वही मूर्ति सिद्ध पीठ महामाया काली श्री कलंझड़ी देवी मूल स्थान सराहकड़ में मंदिर के अंदर विराजमान है।

**रांगड़ा परिवारों की कुलदेवी है मां कलंझड़ी**
सिद्ध पीठ महामाया काली श्री कलंझड़ी देवी आज भी रांगड़ा परिवारों की कुल देवी है। यहां रांगड़ा परिवार हर खुशी के मौके पर मन्नत मांगने और माथा टेकने दूर-दूर से आते हैं। पुजारी अजय रांगड़ा के दादा सूबेदार श्रवण सिंह के 6 पुत्र थे। उन्हीं के वंशज और सराहकड़ गांव के ग्रामीण मिलजुलकर माता मंदिर की सेवा करते हैं।

## स्कूल की गली में मिला टौणी देवी मेले में गुम हुआ पर्स

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** माता टौणी देवी मेले में भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए शातिरों ने 2 महिलाओं के पर्स उड़ा लिए, उन्हें तब आभाष हुआ जब वे किसी अन्य दुकान में पैसे देने के लिए पर्स ढूंढने लगीं। इसकी शिकायत मौके पर पुलिस को दी गई, जिन्होंने शक के आधार पर कुछ महिलाओं कि तलाशी भी ली।

इस बारे चौकी प्रभारी एसआई इंदरजीत सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने घटना की पुष्टि की और कहा कि जिन महिलाओं के पर्स गुम हुए, उन्हें यह पता ही नहीं है कि कहां ये घटना हुई, फिर भी पुलिस ने महिला कांस्टेबल के साथ पूरे मेले में संदिग्ध लोगों की जांच की। यह जेबकतरा गिरोह था या कोई नशेड़ी, जिन्होंने ईमानदारी दिखाते हुए केवल पैसे और पर्स रख लिए बाकि जरुरी डॉक्यूमेंट जिनमे 4 आधार कार्ड और एक कैंटीन कार्ड स्कूल कि गली में फेंक दिया, जोकि चर्चा का विषय है।

# बरसात के पानी की निकासी न होने से करंट लगने का बढ़ा खतरा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**


टोवा क्षेत्र की सड़क पर जमा बारिश का पानी।

**नादौन।** नादौन शहर के वार्ड नं. 3 सेरी में बरसात के पानी की निकासी न होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश का पानी टोवा की ओर जाने वाली संपर्क सड़क में बिजली के ट्रांसफार्मर के पास जमा हो जाता है, जिससे न केवल आम लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, अपितु ट्रांसफार्मर के पास पानी जमा होने से बिजली के करंट लगने का भी खतरा बना रहता है।

इस संपर्क सड़क से स्कूली बच्चों का भी आना जाना रहता है। इस क्षेत्र के निवासी रिटायर्ड प्रिंसीपल विजय चौधरी, अरविंद सेठी, ओंकार वर्मा, लक्की शर्मा, राम चंद्र, केएस राणा व सन्नी वर्मा आदि का कहना है कि इस संपर्क सड़क के किनारे पानी की निकासी के लिए टोवा की ओर नाली का निर्माण तो किया गया है, लेकिन टोवा से आगे पानी की निकासी का कोई प्रावधान न होने के कारण पानी रिवर्स होकर सड़क में जमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान इस संपर्क सड़क में एक से डेढ़ फुट तक बरसाती पानी जमा हो जाता है बना रहता है। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से आग्रह किया है कि जो बीते साल लेबर चौंक से पत्तन की ओर जाने वाली सड़क के नीचे अंडर ग्राउंड बड़ी नाली बनाई है, उस नाली में ही इस क्षेत्र के पानी को डाला जाए ताकि समस्या का समाधान हो।

नप के अध्यक्ष शम्मी सोनी व ईओ रमन शर्मा का कहना है कि समस्या ध्यान में आई है। जेई को मौका पर भेजकर पानी की निकासी की संभावनाओं का जायजा लिया जाएगा तथा लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

### बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास बैठक में एडीबी प्रोजेक्ट पर विशेष चर्चा

# टूरिस्ट सुविधा बढ़ाने पर न्यास करेगा मंथन

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विकास कार्यों को लेकर न्यास सदस्यों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान एडीबी प्रोजेक्ट के अंतर्गत दियोटसिद्ध में टूरिज्म सुविधा उपलब्ध करवाने बारे चर्चा की गई है।


बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास की बैठक में चर्चा करते गणमान्य।

इसमें बनाए जाने वाले प्रोजेक्टों के निमार्ण स्थलों को कार्यन्वयन संस्था को सुपुर्द करना, पूर्व निर्मित पुराने भवनों को अनुपयोगी करने तथा सर्वे रिपोर्ट शामिल रही। मुख्य मंदिर व नए तैयार होने वाले प्रशासनिक भवन सरायों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए अलग से टैंक निमार्ण कश मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना बारे विचार-विमर्श किया गया है। मंदिर न्यास द्वारा चढ़ावे में अधिक मात्रा में प्राप्त होने वाले राशन को बेचने पीडीएस के आधार पर रेट निर्धारित करने, मंदिर न्यास द्वारा संचालित सरायों में एसओपी लागू करने के साथ ही नए सिरे से कीमतें निर्धारित करने बारे चर्चा की गई है। न्यास द्वारा संचालित अतिथि गृह चकमोह में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंतासेक्शन चकमोह को दिए कमरे के साथ ही श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी को देखते हुए अपर व लोअर बाजार में दुकान के बाहर सजाए गऐ सामान को दुकानों के अंदर ही रखने पर भी चर्चा की गई।

न्यास कर्मचारियों की हाजिर नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाती है, के आश्रितों को न्यास में करूणामूलक आधार पर नौकरी देने बारे भी न्यास सदस्यों द्वारा मंथन किया गया। मंदिर न्यास कार्यालय व मंदिर न्यास द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने, सरायों की छतों पर सोलर पावर प्लांट स्थापित करने, मंदिर न्यास में प्राप्त सोना-चांदी के निपटान (शुद्धिकरण) बारे, मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की संख्या में बढ़ौतरी, बाबा जी की गुफा/थड़ा में लगी सजावटी चांदी वाले भाग की मुरम्मत के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने की।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में मंदिर अधिकारी संदीप चंदेल, न्यास के सदस्य सुभाष ढटवालिया, नरेश लखनपाल, सतीश सोनी, सुरेंद्र सोनी, पवन कालिया, निकाराम शर्मा, कमल पठानिया के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंदिर अधिकारी ने कहा बैठक में पास किए गए मुद्दों को अप्रूवल के लिए भेजा जाएगा।

### विरोध | किन्नरों के व्यवहार को लेकर डीसी के पास पहुंची थी महिला मंडल की सदस्य

# महिला मंडल के सदस्यों से अर्द्धनारेश्वरों ने मांगी माफी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** उहल पंचायत में अर्द्धनारेश्वरों द्वारा बधाई के नाम पर वसूले जाने वाली राशि के मामले में बुधवार को अर्द्धनारेश्वरों के मुखिया ने उपायुक्त हमीरपुर के सामने महिला मंडल के सदस्यों से माफी मांगी है, साथ ही यह आश्वासन दिया है कि वे कभी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे। अर्द्धनारेश्वरों के मुखिया ने माना कि उनके एक साथी से गलती हुई, जिसकी वजह से हमारी समाज में छवि खराब हुई है।


परनाली महिला मंडल की सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल जो कि डीसी से मिला।

उन्होंने कहा कि अगर इस तरह की कोई गलती आगे होती है तो जो भी सजा देंगे, हमें मंजूर है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि बधाई के नाम पर जो भी उन्हें देंगे, वे खुशी-खुशी ले लेंगे, किसी प्रकार की जबरदस्ती नहीं करेंगे और अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे। गौर रहे कि उहल पंचायत के परनाली गांव में कुछ दिन पहले अर्द्धनारेश्वरों ने शादी के बाद 21 जून को बधाई लेने के पहुंचे थे। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद और बधाई देने के लिए 31 हजार रुपए की मांग की थी। घरवालों ने बधाई के तौर पर 11 हजार रुपए दिए और अन्य सामान भी दिया, लेकिन अर्द्धनारेश्वरों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

अर्द्धनारेश्वरों के इस व्यवहार को लेकर गांववासी और जिनके घर शादी हुई थी, उन्होंने भी इसका विरोध जताया, साथ ही यह चिंता जताई थी कि अर्द्धनारेश्वरों के इस तरह मनमानी राशि वसूलने की समस्या का समाधान किया जाए। इसी मुददे को लेकर परनाली महिला मंडल की सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल 23 जून को उपायुक्त से मिला था। उपायुक्त ने इसे शिमला में कार्रवाई करने के लिए भेज दिया था।

बुधवार को फिर से परनाली महिला मंडल का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलने के लिए पहुंचा था। इस अवसर पर महिला मंडल परनाली की प्रधान सुमन चौहान ने बताया कि जब से उपायुक्त के पास मनमानी राशि वसूल करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायत की थी, तब से अर्द्धनारेश्वरों की मुखिया उनके पास इस मामले को सुलझाने की बात कर रही थी। उन्होंने कहा कि बुधवार को महिला मंडल की सदस्यों से अर्द्धनारेश्वरों की मुखिया ने माफी मांग है व आगे से ऐसा न करने का भी आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि किन्नरों ने सभी गांव वालों के सामने भी माफी मांगी है और आगे से ऐसी गलती न होने की बात भी कही है।

बता दें कि अर्द्धनारेश्वरों द्वारा बधाई के तौर पर लिए जाने वाले शगुन को लेकर पहले भी कई मामले ऐसे आ चुके हैं जिसमें अर्द्धनारेश्वरों ने मनमर्जी से राशि वसूली है। इसी बात से अन्य लोग भी परेशान थे, विशेषकर गरीब लोग जो उनकी मांग को पूरा नहीं कर सकते हैं। महिलाओं ने शगुन की राशि भी तय करने की मांग की थी। इस अवसर पर परनाली महिला मंडल प्रधान सुमन चौहान, सचिव गीता शर्मा, सिमरो देवी, आशा शर्मा, सुनीता देवी, रक्षा देवी, कांता शर्मा, किरण शर्मा, माया शर्मा, परमिला देवी, शकुंतला देवी उपस्थित थी।

# हेमराज अकादमी ने जीता हेमराज मेमोरियल नेशनल बास्केटबाल टूर्नामेंट


सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने विजेताओं को किया सम्मानित।

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

हेमराज मेमोरियल बास्केट बाल एसोसिएशन द्वारा 3 दिवसीय नेशनल ओपन बास्केटबाल टूर्नामेंट संपन्न हो गया जिसमें हेमराज अकादमी ने जय माता अवहदेवी को हराकर खिताब जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कै. रणजीत सिंह राणा रहे। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद राशि देकर सम्मानित किय। इस अवसर पर प्रमुख व्यवसाई राज बहल, बीएसएफ में कार्यरत डीएसपी सुरजीत सिंह भी शामिल रहे।

इस टूर्नामेंट में हिमाचल पंजाब आर्मी व विभिन्न अकादमी की 20 टीमें ने भाग लिया । आज फाइनल मे हेम राज अकादमी ने जय माता अवहदेवी को 76/61 से हराया। इस दौरान मुख्यातिथि विधायक रणजीत राणा ने कहा कि टौणी देवी स्कूल बास्केटबाल कि नर्सरी कही जाती है क्योंकि इस स्कूल से निकले खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक नाम कमाया है। अपनी तरफ से सहयोग राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल बलबीर सिंह, कृष्ण चंद, संजीव चौहान, एसडी शर्मा, लवकेश, जगदीश शर्मा, सुरेंदर कुमार, प्रीतम चंद, रविंदर ठाकुर, हंस राज, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन शिमला में मानव कल्याण सेवा समिति (एनजीओ) चौपाल द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'एक प्रयास नशा मुक्त भारत के लिए' का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और इस महत्वपूर्ण पहल के लिए एनजीओ को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी विवि बी-फार्मेसी, बी-आर्क के अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी-फार्मेसी (एलोपैथी) अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया है। बी-फार्मेसी आठवें सेमेस्टर की मई-2025 में आयोजित परीक्षा में 1346 परीक्षार्थी बैठे थे, जिसमें से 1257 उत्तीर्ण हुए हैं। बी फार्मेसी के अंतिम सेमेस्टर के शैक्षणिक सत्र 2021-25 की ओवरऑल टॉपर श्रुति वर्मा, दूसरे स्थान पर कुमारी साक्षी और तीसरे स्थान पर अपर्णा शर्मा रही। बी -फार्मेसी (आयुर्वेद) में किरण कुमारी ने पहला, सलोनी ने दूसरा और मान्या शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बी-आर्क अंतिम सेमेस्टर में दीक्षित वर्मा पहले, विदुषी कटोच दूसरे और आकांक्षा गुप्ता तीसरे स्थान पर रही। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि बी फार्मेसी अंतिम सेमेस्टर के नियमित और री-अपीयर का परिणाम घोषित किया है। परीक्षार्थी तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

### एक्सिओम-4 मिशन में कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफलता पर गर्व : लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना/दिल्ली।** आज पूरे विश्व ने एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन ने सफलतापूर्वक अंतरिक्ष उड़ान भरी। इस मिशन में भारत के प्रतिभाशाली प्रतिनिधि कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की एक नई शुरुआत की है। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ (पंजी.), दिल्ली तथा देशभर की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने वैज्ञानिक समुदाय को कोटि-कोटि बधाई एवं आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि भारत के विज्ञान मंदिर की महान विभूतियों ने इस उपलब्धि द्वारा भारत का नाम वैश्विक स्तर पर ऊंचा किया है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने कहा कि 'हम एक्सिओम-4 मिशन की सफलता हेतु समस्त संबंधित वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं मिशन टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। इस मिशन में अमेरिका, पोलैंड, हंगरी तथा भारत जैसे देशों के वैज्ञानिकों का संयुक्त प्रयास सराहनीय है। हम विशेष रूप से कैप्टन शुभांशु शुक्ला के योगदान के लिए कृतज्ञ हैं।' यह मिशन अंतरिक्ष में अंतरराष्ट्रीय सहयोग, तकनीकी नवाचार एवं भारत की वैज्ञानिक शक्ति का प्रमाण है, जो आने वाले समय में देश के युवाओं को प्रेरित करेगा।



### परिवहन पेंशनरों को 25 तारीख को पेंशन मिलने पर पदाधिकारियों ने की निंदा



बैठक में उपस्थित हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी पेंशनर समस्या समाधान मंच के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी पेंशनर समस्या समाधान मंच की प्रदेश स्तरीय बैठक हमीरपुर के एनजीओ भवन में अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। पुरोहित ने बताया कि हिमाचल परिवहन पेंशनर अपनी मांगों को लंबे अरसे से पूरा करने की बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी सरकार व प्रबंधक समय पर पेंशन देने में असमर्थ है। माननीय अदालत से भी पेंशनरों के हक में फैसले हो चुके हैं, लेकिन फिर भी प्रबंधन उन्हें भी दे पाने में आनाकानी कर रही है। एचआरटीसी मुख्य कार्यालय में चहेतों के केस निपटाने में व्यस्त है बाकी पेंशनरों को स्टाफ की कमी, पैसों की कमी का रोना रोते हैं। पेंशन के मामले में जो पेंशन सरकारी स्तर पर सरकार दे रही है, पेंशन रूल 1999 के अंतर्गत सचिव परिवहन द्वारा जारी किए आदेशों को भी वर्तमान सरकार लागू करने में असमर्थ है। समस्या समाधान मंच ने बुधवार को आयोजित बैठक में सरकार द्वारा 25 तारीख को देय पेंशन की कड़े शब्दों में निंदा की व मांग की है कि परिवहन निगम के पेंशनरों को पहली तारीख को पेंशन देना सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा मंच पुनः माननीय न्यायालय की शरण में जाने से गुरेज नहीं करेगा। यही नहीं मार्च 2024 के पश्चात सेवानिवृत परिवहन पेंशनरों को आज तक न पेंशन लगाई जा रही है और न ही पेंशन के एरियर, एडीए का एरियर चरणबद्ध तरीके से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशनर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, परंतु चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसलिए प्रबंधन चिकित्सा बिलों को समय पर जारी नहीं करता है तो गंभीर परिणाम भुगतने के लिए प्रबंधन व सरकार को तैयार रहना होगा। इस बैठक में अशोक पुरोहित, राम गोपाल शर्मा, होशियार सिंह गुलेरिया आदि उपस्थित रहे।

# हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला ई-स्कूटरों का सहारा

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिखाई हरी झंडी, प्रदेश के आठ जिलों में किया जाएगा तैनात

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ओक ओवर शिमला से 12 ई-स्कूटरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ई-स्कूटर हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किए गए हैं और इन्हें प्रदेश के आठ जिलों में तैनात किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य एचआईवी, एसटीआई, टीबी और हेपेटाइटिस से ग्रसित मरीजों को उनके घर-द्वार पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे दवाइयां, जांच और परामर्श उपलब्ध कराना है।



ई-स्कूटरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह हिमाचल में अपनी तरह का पहला समर्पित प्रयास है, ताकि कोई भी व्यक्ति बेहतर उपचार सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने जोर दिया कि सरकार के इस संवेदनशील निर्णय से इन बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे वे स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। सीएम ने स्वास्थ्य विभाग और राज्य एड्स नियंत्रण समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रेड रिबन क्लब, युवा, शैक्षणिक संस्थान और गैर-सरकारी संस्थाएं एचआईवी के बारे में लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रदेश को एचआईवी मुक्त बनाने को सरकार और लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी बताया।

### ई-स्कूटर सरकार के प्रयासों को बनाएंगे मजबूत

**उन्होंने** विश्वास व्यक्त किया कि ये ई-स्कूटर सरकार के प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 6 हजार से अधिक व्यक्ति एचआईवी से ग्रसित हैं, जिनमें से अधिकांश में इस वायरस का प्रभाव कम है, जो सरकार की नीतियों और निरंतर प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार गंभीर

**उन्होंने** यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसी दिशा में स्वास्थ्य विभाग को ये ई-स्कूटर प्रदान किए गए हैं।

# सीएम सुक्खू बोले-प्रशिक्षु अधिकारी जन कल्याण पर ध्यान करें केंद्रित



लोक प्रशासन के अधिकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों के एक समूह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने इन अधिकारियों से जन कल्याण केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, कार्य कुशलता तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

इस समूह में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2024 बैच के दो अधिकारी और हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) तथा संबद्ध सेवाओं के 2025 बैच के 19 अधिकारी शामिल थे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश सरकार की योजनाओं और नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अधिकारियों से जन कल्याण और सुशासन की दिशा में कार्य करने को कहा, ताकि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पर्यटन और जलवायु राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ हैं, और प्रदेश सरकार इन क्षेत्रों के सतत विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने हाल ही में किन्नौर जिले में भारत-चीन सीमा के पास स्थित शिपकी-ला के अपने दौरे का जिक्र किया, जहां सीमांत पर्यटन की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा, अब तक 2500 से अधिक लोग इस स्थल को देख चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## शिमला में नशा मुक्ति समारोह 26 को, सीएम सुक्खू करेंगे शिरकत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कल 26 जून को शिमला में राज्य-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आज हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों के सशक्तिकरण विभाग के एक प्रवक्ता ने दी।

इस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक प्रयासों को मजबूत करना है। इसमें प्रदेश भर से पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे।

समारोह के दौरान 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले सभी विभागों, जिलों, स्वयंसेवी संस्थाओं और व्यक्तियों को मुख्यमंत्री द्वारा 'नशा मुक्त हिमाचल, स्वस्थ हिमाचल' पहल में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## पेंशनभोगी 30 सितंबर तक जमा करें जीवन प्रमाणपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी पेंशनभोगियों को वर्ष 2025-26 के लिए अपना जीवन प्रमाणपत्र आगामी एक जुलाई से 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश दिए हैं। हिमाचल प्रदेश कोष नियमावली एवं वित्त विभाग द्वारा जारी अनुदेशों के तहत यह प्रक्रिया सुनिश्चित की जानी है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन करवाने वाले पेंशनभोगियों को भविष्य में कोषागार कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। यह बायोमेट्रिक सत्यापन एक वर्ष तक वैध रहेगा। सभी पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण-पत्र अवश्य जमा करें, ताकि पेंशन वितरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से चलती रहे।

### सुक्खू सरकार पर जयराम ठाकुर का तीखा हमला, बोले-

## स्वास्थ्य सेवाओं पर 'आपातकाल' और दवा के लिए भटक करे कैंसर मरीज

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं पर एक अलग तरह का आपातकाल लगा रखा है, जिससे आम जनता, खासकर कैंसर के मरीज, बेहाल हैं। शिमला स्थित आईजीएमसी कैंसर अस्पताल में महिलाओं को कैंसर की दवा नहीं मिल रही है, जिससे मरीज और उनके परिजन दवा के लिए भटकने



बीमारी के इलाज को लेकर भी संवेदनहीनता बरतने के लगाए आरोप

को मजबूर हैं। ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर इस गंभीर बीमारी के इलाज को लेकर भी संवेदनहीनता बरतने का आरोप लगाया।

जयराम ने सरकार की 'घर तक दवा पहुंचाने' की योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले अस्पतालों में भर्ती और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को दवाएं उपलब्ध करवाई जाएं, फिर बड़ी-बड़ी योजनाओं की बात की जाए। उन्होंने बिलासपुर के एक कैंसर मरीज की मौत का भी हवाला दिया, जिसकी जान कथित तौर पर 3 महीने तक दवा न मिलने के कारण गई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस बयान को 'सतही' बताया कि उन्हें कैंसर दवाओं की अनुपलब्धता की जानकारी नहीं है। उन्होंने इस मामले की गहन जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी भी मरीज का इलाज प्रभावित न हो।

## इंदिरा गांधी ने आपातकाल का चलाया था 'हथौड़ा' : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इसे 'आजादी के इतिहास का काला अध्याय' बताया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए हाईकोर्ट के फैसले को दरकिनार कर देश में आपातकाल लगाया और संविधान पर 'सबसे बड़ा हथौड़ा' चलाया।



निरीक्षण स्थल का दौरा करते डॉ. राजीव बिंदल।

बिंदल ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के 26 जून को शिमला के होटल पीटरहॉफ में होने वाले कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में सुबह 9.30 बजे पौधारोपण, 10.30 बजे प्रेस वार्ता, 11.15 बजे युवा मोर्चा द्वारा मॉक पार्लियामेंट और 12 बजे से संगोष्ठी का आयोजन होगा।

बिंदल ने बताया कि आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाला गया, जिनमें अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जयप्रकाश नारायण जैसे बड़े नेता और पत्रकार भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि उस समय बोलने की स्वतंत्रता सहित हर प्रकार की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई थी।

### शिमला में आज होगी 'युवा संसद' और डॉक्यूमेंट्री

**बिंदल** ने कहा कि 26 जून को पीटरहॉफ में होने वाले इस कार्यक्रम में किरेन रिजिजू समेत कई नेता मौजूद रहेंगे। इसमें मीडिया को संबोधन, आपातकाल पर 'युवा संसद' में बहस और एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन होगा। निरीक्षण के दौरान विधायक बलबीर वर्मा, प्रत्याशी संजय सूद, प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## प्रियदर्शनी धर्माणी ने पास की एलाइड सेवा परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एलाइड सर्विस की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिला बिलासपुर के गलयाना गांव की रहने वाली प्रियदर्शनी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर एक मिसाल पेश की है। मंगलवार को एलाइड सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ।



प्रियदर्शनी ने प्रथम प्रयास में ही सहायक कर एवं आबकारी अधिकारी की परीक्षा पास कर ली। प्रियदर्शिनी के पिता राकेश धर्माणी 1998 बैच के एलाइड टॉपर रह चुके हैं। वर्तमान में डिप्टी डायरेक्टर ट्रेजरी के पद पर कोष एवं लेखा मुख्यालय शिमला में कार्यरत हैं। प्रियदर्शिनी को इनका भी प्रशासनिक सेवाओं में मार्ग-दर्शन रहा और बेटी ने सफलता हासिल कर ली। प्रारंभिक शिक्षा हिम सर्वोदय स्कूल घुमारवीं, सेकेंडरी व व सीनियर सेकेंडरी डीएवी घुमारवीं और डीएवी बिलासपुर से की।

बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स एमसीएम कॉलेज चंडीगढ़ से की और कला स्नातकोत्तर पंजाब यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स विषय में की। उन्होने चंडीगढ़ जोकटा अकादमी से कोचिंग ली है और इस परीक्षा की तैयारी की। आखिरकार पहले ही प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की। प्रियदर्शनी ने कहा कि मेहनत से ही सफलता मिलती है सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। ईमानदारी व सच्ची लगन से परीक्षा की तैयारी करोगे तो सफलता जरूर कदम चुमेगी।

## चंबा में जेल से भागे आरोपी ने अपने ही परिजन को मारी गोली

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा के एक गांव में एक ऐसी घटना घटित हुई जिसने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। एक फरार कैदी, जो पिछले महीने चंबा जिला कारागार से चकमा देकर भाग निकला था, ने बीती रात मंगलवार को एक घर में घुसकर अपने ही परिजन को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया।

घटना रात के समय हुई जब ग्रामीण चैन की नींद में थे। अचानक चली गोली ने न केवल एक बुजुर्ग को घायल किया, बल्कि पूरे गांव में दहशत फैला दी। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने तुरंत चंबा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग के कंधे में गोली लगी है और उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने पुष्टि की है कि आरोपी की धरपकड़ के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है।

## शिमला विवि में 'आपातकाल' पर हुई संगोष्ठी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला की शोध समिति ने 'आपातकाल 1975 भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय की पुनर्समीक्षा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। संगोष्ठी में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने मुख्यातिथि के रूप में आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके दुष्परिणामों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पड़े प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने 1975 के आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक अग्निपरीक्षा बताया, जिसने नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को गंभीर रूप से प्रभावित किया।

इस संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। धन्यवाद भाषण निकिता लखनपाल ने दिया, जिसमें उन्होंने इस तरह की महत्वपूर्ण संगोष्ठियों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# आपात स्थिति में अब सैनिकों की सहायता को तैयार सेना पुलिस

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** सैनिकों और पूर्व सैनिकों की मदद के लिए अब एक और सशक्त कदम उठाया गया है। भारतीय सेना पुलिस ने रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक 24×7 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 155306 की स्थापना की है, जो पूरे भारतवर्ष में कार्य करेगा। यह सेवा सिविल पुलिस की हेल्पलाइन 100 की तरह कार्य करेगी, और आपात स्थितियों जैसे सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, प्राकृतिक आपदा या किसी आपराधिक गतिविधि के समय त्वरित सहायता उपलब्ध कराएगी। यह जानकारी संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स-सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर), हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा (सेवानिवृत्त), महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष रोशन लाल चौहान ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी।

- **सेना पुलिस हेल्पलाइन नंबर 155306 शुरू, 24×7 पूरे भारत में करेगा काम**
- **सिविल पुलिस नंबर 100 की तर्ज पर मिलेगा लाभ**

### टेक्नोलॉजी से लैस और महिलाओं सहित प्रशिक्षित स्टाफ तैनात

**कैप्टन** वर्मा ने बताया कि इस हेल्पलाइन में प्रशिक्षित सैनिक और महिला सैनिक 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे। कॉल की पहचान, कॉल रिकॉर्डिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं से यह सुसज्जित है। इसका नेटवर्क सभी सेना पुलिस के फॉर्मेशन हेडक्वार्टर और सिविल पुलिस स्टेशनों से जुड़ा रहेगा। कॉल करने वाले को रैंक, नाम, लोकेशन और घटना का संक्षिप्त विवरण देना होगा, जिसके बाद नजदीकी सेना या सिविल पुलिस को सूचना दी जाएगी।

### इन मामलों में न करें कॉल

**हेल्पलाइन** का उपयोग केवल आपात स्थितियों में किया जाएगा। भूमि विवाद, पारिवारिक झगड़े, कोर्ट में लंबित मामले, टोल छूट, तलाक विवाद, पूछताछ आदि में इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता। सेना मुख्यालय द्वारा सभी सैनिकों और पूर्व सैनिकों को इस हेल्पलाइन के बारे में समय-समय पर जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। यह कदम देशभर में सैनिकों के साथ हो रही कुछ हालिया उत्पीड़न की घटनाओं को देखते हुए उठाया गया है।

**राजनीति** सत्ता सुख में कांग्रेस को संगठन की जरूरत नहीं, भाजपा तो हर रोज कर रही कार्यक्रम

# 'ठंडे बस्ते' पर सवार कांग्रेस की राजनीति में आखिर चल क्या रहा?

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल में कांग्रेस की राजनीति भी इन दिनों अजीबो-गरीब 'मरहले' में चल रही है। सत्ता सुख भोग रहे इसके नेताओं को क्या संगठन की जरूरत नहीं रही है? सवाल तो चर्चा में है, मगर सवालों का क्या? इसका फर्क फैसला लेने वाले नेताओं पर पड़ने का नाम नहीं ले रहा।

सत्ता का सुख असरदार तरीके से चल रहा है, ऐसे में संगठन की जरूरत अभी दिखती भी नहीं है। हालात जब ठीक चल रहे हों, तो फिर सवाल पूछने वाले पूछते रहें। इसका फर्क पड़ने वाला नहीं है। इसके बिलकुल विपरीत भाजपा के कुनबे में भी जितना कुछ ठीक चल रहा है, वह सामने तो दिख रहा है। अंदरुनी तौर पर उसमें भी हालात



अपनी डफली अपना राज अलापने से काम नहीं हैं, लेकिन इस पार्टी में एक चीज जो साफ दिखती है। वह यही कि कार्यकर्ता 'मूवमेंट' में है, उस पर जितने कार्यक्रम 'थोपे' जा रहे हैं। उनका प्रभाव सामने भी दिख रहा। वैसे कांग्रेस के मुकाबले में भाजपा संगठनात्मक तौर पर हमेशा ही मजबूत रही है।

उधर कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने 'चुटकी' लेते हुए यहां तक कह दिया कि कांग्रेस एक जन आंदोलन है, संगठन की इसे जरूरत नहीं है। फिर वह यह भी बोला, 7 महीनों से जिस सत्तारूढ़ पार्टी का ऊपर से नीचे तक संगठनात्मक ढांचा ही गायब हो, उसकी दशा-दिशा पर टिप्पणी करना जरूरी नहीं है।

### भाजपा में अटका पड़ा है प्रदेशाध्यक्ष का फैसला

**भाजपा** में केवल प्रदेशाध्यक्ष का फैसला अटका पड़ा है। राष्ट्रीय नेतृत्व की वजह से है, उसके मंडल स्तर पर ढांचे में मुकम्मल चीजें हो चुकी हैं। जिला अध्यक्ष भी बन चुके हैं। केवल कार्यकारिणी का ऐलान होना है। शायद भाजपा के लिए इसकी अभी बड़ी जरूरत नहीं है, क्योंकि काम तो उनका चल ही रहा है। मंडल स्तर पर इसकी सबसे ज्यादा जरूरत रहती है। वह ढांचा बने हुए काफी समय हो चुका है। प्रदेश स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर पार्टी का ढांचा मुकम्मल तौर पर सक्रिय दिख रहा है।

### निकाय चुनावों में कौन होगा कांग्रेस का खैरख्वाह

**अब** क्योंकि इसी साल के अंत में स्थानीय निकायों के चुनाव हिमाचल में होने हैं। कई नए नगर निगम नगर पंचायत और नगर परिषदें भी बनी हैं। इन सभी में परिस्थितियों से जूझने के लिए जिला स्तर पर या ब्लॉक स्तर पर कौन कांग्रेस का खैरख्वाह होगा, किस नेता के हवाले क्या होगा? कौन असरदार रहेगा, कौन जवाब देह होगा, क्या इसकी भी जरूरत कांग्रेस के आला नेताओं को महसूस नहीं हो रही? खैर जो भी हो भाजपा के मुकाबले में कांग्रेस का आम वर्कर इस वक्त चिंता में डूबा हुआ दिखता है।

### सत्ता 'सिस्टम' ठीक है तो कार्यकर्ताओं की क्या जरूरत

**कांग्रेस** के भीतर सत्ता में शुमार जवाबदेह नेता संगठनात्मक ढांचे को लेकर कितने संजीदा हैं। इसका पता जमीनी तौर पर कार्यकर्ताओं से बात करने पर पता चल ही जाता है। अब उसके निचले स्तर के कार्यकर्ता भी शायद खुलकर बोलने लग पड़े हैं कि पार्टी को इसकी जरूरत नहीं दिखती। सत्ता का 'सिस्टम' जब ठीक चल रहा हो, तो कार्यकर्ताओं की जरूरत क्या है, लेकिन एक बात साफ दिखती है कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व हिमाचल के संगठनात्मक ढांचे को लेकर जल्दबाजी में कतई नहीं दिखता। हो भी क्यों, सत्ता के अभी अढ़ाई साल बाकी हैं, इसलिए इस तरफ ज्यादा तुवज्जो देने की जरूरत नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### बुटेल ने अखाड़े के शेड को दिए 10 लाख

**कुलदीप सोनी, अनंत ज्ञान, नगरी।** तीन दिवसीय बाबा लाखदाता नगरी छिंज मेला संपन्न हो गया। समापन समारोह में विधायक आशीष बुटेल ने बतौर मुख्यतिथि के रूप मे शिरकत की। उन्होंने अखाड़े के शेड के लिए दस लाख रुपए की घोषणा की। वहीं, मेले के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से 75 हजार रुपए दिए। विशेष अतिथि रहे अस्वनी गुलेरिया ने मेले के सफल आयोजन के लिए 51 हजार रुपए दिए। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर रोजा राणा ने 1 लाख व विपन वालिया ने 51 हजार रुपए दिए। मेले में सांस्कृतिक संध्या में दीपक बटवाल व कुमार विक्की ने खूब वाहवाही लूटी।

### बिजली उपभोक्ता जल्द करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि विद्युत उपमंडल डाडासीबा के तहत आने वाली पंचायत डाडासीबा, नंगल चौक, सीयुल खड्ड, रैल, भलवाल, उप्पर सीयुल, लग, उड़झे खास, टिप्परी, निआड़ के जिन उपभोक्ताओं ने बिजली मीटर की केवाईसी नहीं करवाई है वे जल्द करवा लें। उन्होंने कहा कि जिन उपभोगताओं ने बिजली के बिल भी जमा नहीं करवाए हैं, वे जल्द बिल जमा करवा दें, अन्यथा बिना किसी नोटिस के विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। वहीं, विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत आने वाले जिन उपभोक्ता ने केवाईसी नहीं करवाई है वे नया या पुराना बिजली बिल और आधार कार्ड लेकर 30 जून तक विद्युत मीटर की केवाईसी उपमंडल ढलियारा से करवाएं, अन्यथा भविष्य में सब्सिडी से वंचित रह सकते है। यह जानकारी सहायक अभियंता इं. मनीष कुमार संधू ने दी।

### टिक्करी स्कूल के छात्र का नवोदय में चयन



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उच्च विद्यालय टिक्करी के छात्र सृजन ने जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में 9वीं कक्षा में प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। सृजन ने मार्च में एनएमएमएस की परीक्षा को पास कर जिलेभर में चौथा रैंक हासिल किया था। मुख्याध्यापक अनिल शर्मा ने सृजन की इस सफलता के लिए अध्यापकों और अभिवावकों को बधाई दी है।

### 'आप' ने परीक्षाओं के टकराव पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव सिंह ने कहा कि 29 जून को प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा, यूजीसी-एनईटी और आईआईटी मंडी की जूनियर असिस्टेंट परीक्षा के एक साथ होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश के मेहनती युवा आज एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं, जहां उन्हें अपने वर्षों की मेहनत और लाखों रुपयों की फीस को दांव पर लगाकर किसी एक परीक्षा को छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है।

### तीन दिवसीय एचआरवीसीए प्रशिक्षण का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा द्वारा बुधवार को आयोजित तीन दिवसीय 'हैजर्ड, रिस्क, वल्नरेबिलिटी एवं कैपेसिटी असेसमेंट' (एचआरवीसीए) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में एचआरवीसीए उपकरणों और पद्धतियों की समझ प्रदान करना है, जिससे वे अपने-अपने विभागों एवं समुदायों में बेहतर योजना और तैयारी कर सकें। बेक्टा ने कहा कि एचआरवीसीए विश्लेषण आपदा प्रबंधन की रीढ़ है, जो खतरों की पहचान, जोखिम के मूल्यांकन और क्षमता निर्माण की दिशा में एक वैज्ञानिक एवं समावेशी दृष्टिकोण प्रदान करता है। पहले दिन के सत्रों में आपदा प्रबंधन शब्दावली, एचआरवीसीए की मूल अवधारणाएं, खतरों की पहचान एवं मानचित्रण तकनीक, तथा स्थानीय स्तर पर खतरों के आकलन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# टांडा में एक वार्ड में पांच बीमारियों का इलाज

## कुल 46 बेड, लेकिन स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा अस्पताल

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**टांडा ( कांगड़ा )।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल अपनी अव्यवस्थाओं के चलते आए दिन सुर्खियों में बना रहता है। यहां एक वार्ड ऐसा है, जहां कुल 46 बेड लगे हुए हैं और इस वार्ड के अंदर पांच-पांच विभागों के मरीजों को उपचार के लिए भर्ती किया जाता है। इस वार्ड में स्टाफ की भारी कमी के चलते नर्सों को उपचार करना मुश्किल हो रहा है।

अस्पताल की पहली मंजिल में महिला वार्ड व दूसरी मंजिल में पुरुष वार्ड है, जो नेत्र रोग, कान, नाक, गला, मनोचिकित्सा, चर्म व दंत रोगियों के लिए है। सबसे अहम बात यह है कि अस्पताल में अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के लिए अलग-अलग वार्ड हैं, लेकिन इस वार्ड में पांच विभिन्न प्रकार की



पांच विभिन्न बीमारियों के मरीजों को एक वार्ड में संभालना हो रहा मुश्किल।

### मनोरोगियों को संभालना सबसे मुश्किल, नाइट शिफ्ट में सिर्फ दो नर्सें

**सबसे** ज्यादा गंभीर समस्या मनोरोगियों की होती है, जिन्हें संभालने के लिए वहां पर मौजूद स्टाफ की सांसें तक फूल जाती हैं। इस वार्ड में स्टाफ अधिक होना चाहिए, लेकिन सिर्फ आठ नर्सों को ही तैनात किया गया है। वहीं, 8 स्टाफ नर्सों में से एक की ड्यूटी रोजाना ओपीडी में भी होती है। नाइट शिफ्ट का जिम्मा मात्र दो ही स्टाफ नर्सों के हवाले होता है। जानकरी के अनुसार, पहले इन्हीं वार्डों में 12 से 14 नर्सों की तैनाती होती थी, लेकिन अब कुल संख्या 8 ही रह गई है। वार्ड में कुल पांच ब्लॉक बनाए गए हैं। हर ब्लॉक में 8 से 9 बेड लगे हुए हैं। अब सवाल यह उठता है कि शिफ्टों में तैनात सिर्फ पांच नर्सें इतने मरीजों को कैसे संभालती होंगी, क्योंकि विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त रोगियों की फाइलों को बनाने में ही अधिकांश समय निकल जाता है। वहीं, जब अनंत ज्ञान ने टांडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विवेक बनियाल से बात की तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से बात ध्यान में आई है। इस पर विचार किया जाएगा।



### इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा में कंप्यूटर साइंस ट्रेड होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए राजीव गांधी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज नागरोटा बगवां में अगस्त 2025 से बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस) ट्रेड शुरू किया जा रहा है। दाखिले के लिए हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के पोर्टल से आवेदन शुरू हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। विस्तृत जानकारी हिमाचल प्रदेश तकनीक विश्वविद्यालय हमीरपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण पुस्तिका से ली जा सकती है। कॉलेज के निदेशक प्रधानाचार्य प्रो. दीपक बंसल ने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकी ज्ञान देने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस ट्रेड में कुल 60 सीटें उपलब्ध होंगी और यह कोर्स प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू) हमीरपुर से संबद्ध होगा।

## विधायक किशोरी ने ढंढोल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



'सरकार गांव के द्वार' के तहत लोगों की समस्याएं सुनते विधायक किशोरी लाल।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंचायत** ढंढोल में बुधवार को विधायक बैजनाथ किशोरी लाल की अध्यक्षता में सरकार गांव के द्वार कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन की ऊपरी मंजिल में बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा दूरदराज क्षेत्र की इस पंचायत के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान विधायक किशोरी ने ढंढोल पंचायत व आस-पास के विभिन्न गांवों के लोगों की जन-समस्याएं सुनीं तथा शिकायतों से संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने ढंढोल गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए देशराज द्वारा भूमि प्रदान करने पर उनकी प्रशंसा की तथा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पंचायत ढंढोल जय माला, उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम, खंड विकास अधिकारी सुमन आदि मौजूद रहे।

### मणिमहेश हेलिकॉप्टर सेवा के किराये में कटौती सराहनीय कदम : पुनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** माणिमहेश यात्रा में इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए एक स्वागत योग्य बदलाव हुआ है। प्रदेश सरकार ने मणिमहेश झील तक पहुंचने वाले हेलिकॉप्टर किराये में प्रति व्यक्ति 1,200 रुपए की बड़ी कटौती की है। जहां पिछले साल हेलिकॉप्टर सेवा का किराया 5,500 रुपए था। वहीं अब यह घटाकर मात्र 4,300 रुपए कर दिया गया है। कांग्रेस नेता पुनीत मल्ली ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार के इस निर्णय से तीर्थ यात्रियों को दुर्गम पहाड़ी मार्ग के थकान भरे सफर से बचने में मदद मिलेगी और वे कम खर्च में ही मणिमहेश के पवित्र दर्शन कर सकेंगे। हेलिकॉप्टर किराया कम होने से न केवल तीर्थयात्रियों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि इससे पर्वतीय इलाकों में छोटे व्यवसायियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा प्रदेश में धर्म एवं पर्यटन के सुगम और सुरक्षित विकास का समर्थन किया है।

## नशे से दूर रहने का दिया संदेश

### डाडासीबा में निकाली 'परिवर्तन रैली', युवाओं ने संभाली कमान




डाडासीबा में बुधवार को डीएसपी राजकुमार के नेतृत्व में नशे के खिलाफ 'परिवर्तन रैली' निकाली गई।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

**पुलिस** उपमंडल डाडासीबा में बुधवार को नशे के खिलाफ 'परिवर्तन रैली' का आयोजन किया गया। डीएसपी राजकुमार के नेतृत्व में निकाली गई यह रैली बस स्टैंड से शुरू होकर मुख्य बाजार, अस्पताल, थाना, पुरानी पुलिस चौकी से होते हुए पुनः बाजार तक पहुंची।

रैली का उद्देश्य युवाओं व आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाकर उन्हें जागरूक करना था। पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडासीबा के 7 मेधावी छात्र-छात्राओं को ब्रांड एंबेसडर के रूप में चयनित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा इन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने नशा उन्मूलन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। रैली में व्यापार मंडल डाडासीबा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोगा, जसवां-परागपुर कांग्रेस महिला अध्यक्ष अनुराधा सिपहिया, सामाजिक कार्यकर्ता गुलशन चौहान, पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडलों की प्रधान सदस्याएं, विद्यालयों के शिक्षक व छात्र बड़ी संख्या में शामिल रहे।

रैली ने पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक संदेश दिया कि यदि युवा आगे आएं, तो समाज को नशे से मुक्ति दिलाना संभव है।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### SSC CHSL में नौकरी का मौका

कुल पद
3131
आयु : 18 से 27 साल
एजुकेशनः 12वीं पास
वेबसाइट
ssc.gov.in



आवेदन की अंतिम तिथि
18 जुलाई

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में भर्ती

क्वालिफिकेशन
ग्रेजुएट
प्रोबेशनरी ऑफिसर
541 पद
आयुः आयु : 21 से 30 साल
अंतिम तिथि
14 जुलाई
सैलरी : 48,480 रुपए बेसिक-पे



वेबसाइट
sbi.co.in

### एम्स गुवाहाटी में फैकल्टी पदों की भर्ती

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन
MBBS, MS/MD, M.Ch, DM की डिग्री
सैलरी :
1,01,500 - 1,68,900 रुपए प्रतिमाह
वेबसाइट
aiimsguwahati.ac.in



आयु : 58 साल
आवेदन की अंतिम तिथि
18 जुलाई

### SGPGI में 1200 पदों पर भर्ती



- आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून
- नर्सिंग ऑफिसर व अन्य

कुल पदः 1200 पद
क्वालिफिकेशन
B.Sc नर्सिंग की डिग्री
sgpgims.org.in

रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## समय की अवधि से अधिक महत्वपूर्ण समय की गुणवत्ता

**समय** का सदुपयोग जीवन के हर क्षेत्र में अतुलनीय है। समय एक ऐसी शक्ति है, जो हमेशा सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। समय का प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र में अनुभव किया जा सकता है। यह जीवन की वह धारा है, जो निरंतर बहती रहती है। न कभी थमती है, न किसी के लिए रुकती है। समय का मूल्य इस बात से नहीं तय होता कि वह कितना लंबा है, बल्कि इस बात से तय होता है कि उसका उपयोग कितना गुणवत्तापूर्वक किया गया है। समय की अवधि मात्र एक गणना है-घंटे, मिनट या दिन में। यदि उस अवधि में किया गया कार्य यदि लक्ष्यविहीन एकाग्रताविहीन या ध्यानहीन हो, तो वह समय व्यर्थ चला जाता है। इसके विपरीत गुणवत्तायुक्त समय वह होता है जब हर पल को उद्देश्य के साथ, पूर्ण एकाग्रता और जिम्मेदारी के साथ जिया जाता है।



निर्धारित कार्य को पूर्ण करने के लिए संपूर्ण मानसिक क्षमता को उसी कार्य में मगन कर दिया जाता है, किसी भी प्रकार का विचलन या भटकाव पास नहीं आने दिया जाता। उदाहरण के लिए दो छात्र 4-4 घंटे पढ़ाई करते हैं। पहला छात्र मोबाइल देखते हुए, मन इधर-उधर भटकाते हुए पढ़ाई करता है, जबकि दूसरा छात्र पूरी तन्मयता से विषय पर केंद्रित रहता है। दोनों की अवधि समान है, लेकिन गुणवत्ता में विशाल अंतर है और यही सफलता का निर्धारण करता है। वर्तमान समय में विज्ञान और तकनीकी के विकास ने ऐसी अनेक सुविधाओं को बढ़ावा दिया है, जिससे मानव मन और व्यवहार में विचलता पैदा कर दी है। मानव मन क्षणिक आनंद के लिए अपने उद्देश्यपूर्ण कार्य से भटक जाता है, परिणामस्वरुप कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है और समय की अवधि भी बढ़ जाती है, जिसके कारण निर्धारित उद्देश्य प्राप्त करने में विलंब हो जाता है और मानव का समय और ऊर्जा व्यर्थ चली जाती है। आज के तेज रफ्तार युग में लोग दिनभर 'व्यस्त' रहते हैं। यह व्यस्तता तभी फलदायक बनती है, जब उसके पीछे स्पष्ट उद्देश्य हो। समय की गुणवत्ता का अभाव अक्सर तनाव, असंतोष और अधूरे लक्ष्यों का कारण बनता है। शिक्षा, करियर, स्वयं का आत्मविकास-हर क्षेत्र में केवल समय देना पर्याप्त नहीं है, उसमें संपूर्ण समर्पण, ऊर्जा और उद्देश्य का समावेश होना जरूरी है। स्वस्थ शरीर और मन, मानसिक स्पष्टता और ऊर्जावान शरीर से ही कोई कार्य प्रभावी रूप से किया जा सकता है। जीवन के हर क्षण का महत्व तभी है, जब वह सार्थक हो। केवल वर्षों तक जीना या घंटों तक काम करना किसी भी सफलता की गारंटी नहीं है। इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने सीमित समय में महान कार्य किए, उन्होंने समय की गुणवत्ता को समझा और उसका सही उपयोग किया, इसलिए हमें यह सीखना होगा कि समय को केवल बिताना नहीं है, उसे अर्थ देना है। समय की अवधि नहीं, उसकी गुणवत्ता ही जीवन की दिशा और दशा तय करती है। सही अर्थों में देखा जाए, तो गुणवत्ता युक्त समय ही जीवन की असली पूंजी है। यही वह निवेश है, जो हमें सफल, संतुष्ट और उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर ले जाता है।



**विक्रम वर्मा**
**प्रवक्ता अंग्रेजी**
**शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा।**

## छात्र छुट्टियों का उपयोग स्मार्ट करियर प्लानिंग के लिए कैसे करें

**स्कूल की छुट्टियां छात्रों के लिए बिना पढ़ाई के दबाव के अपने भविष्य की योजना बनाने का एक बेहतरीन मौका होता हैं। इस समय का बुद्धिमानी से उपयोग करके छात्र आत्म-विश्लेषण, कौशल विकास और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही आराम और मजा भी ले सकते हैं।**

### आत्म विश्लेषण

**छात्रों** को अपने रुचियों, ताकतों और शौकों पर विचार करना चाहिए। सरल करियर या पर्सनालिटी टेस्ट से यह समझा जा सकता है कि कौन-से करियर उनके लिए उपयुक्त हैं। किसी पेशेवर या वरिष्ठ छात्रों से बातचीत करके भी नई जानकारी मिल सकती है।

### कौशल विकास

**छुट्टियों** में वे स्किल्स सीखी जा सकती हैं, जो स्कूल में नहीं सिखाई जातीं। जैसे कोडिंग, ग्राफिक डिजाइन, लेखन या पब्लिक स्पीकिंग। Coursera, Khan Academ4 या Udem4 जैसे प्लेटफॉर्म पर इनसे जुड़े छोटे कोर्स उपलब्ध हैं।

### अकादमिक सुधार

**कमजोर** विषयों पर ध्यान देना और रोज पढ़ने की आदत डालना-फिक्शन और नॉन-फिक्शन दोनों ज्ञान और संचार कौशल को बढ़ाता है।



**सौरभ गुप्ता**
**करियर काउंसलर**

### व्यावहारिक अनुभव

**इंटर्नशिप,** वॉलंटियरिंग या किसी प्रोफेशनल के साथ शैडो करना असली दुनिया की झलक देता है। कोई छोटा प्रोजेक्ट शुरू करना जैसे ब्लॉग, यूट्यूब चैनल या ऑनलाइन स्टोर भी फायदेमंद होता है।

### पोर्टफोलियो बनाना

**प्रमाण** पत्र, प्रोजेक्ट्स और अनुभवों को दस्तावेज रूप में संग्रह करना चाहिए। 16 वर्ष से ऊपर के छात्र एक साधारण LinkedIn प्रोफाइल भी बना सकते हैं।

## ज्ञान का अमृत और भविष्य का संकल्प

**हिमाचल की वादियां, जहां देवदार के वृक्ष सदियों का ज्ञान समेटे खड़े हैं और ब्यास की कलकल धाराएं जीवन का संगीत सुनाती हैं। वहाँ शिक्षा केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक पवित्र अनुष्ठान है। यह वह भूमि है, जहां हर पत्थर में इतिहास और हर सांस में आध्यात्मिकता बसी है। ऐसे में देवभूमि में शिक्षा का सूरज कैसा हो, यह विचारणीय है। वर्तमान में हिमाचल ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रशंसनीय प्रगति की है। विद्यालयों की संख्या, साक्षरता दर और डिजिटल पहलें, ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि सरकार और समाज, दोनों ने ज्ञान की मशाल को प्रज्ज्वलित रखने का प्रयास किया है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? क्या हमारी शिक्षा प्रणाली वास्तव में उन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है जो 21वीं सदी के क्षितिज पर उभर रही हैं?**

### कैसी हो हिमाचल में शिक्षा?

**हिमाचल** में शिक्षा का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो अपनी जड़ों से जुड़ा हो, फिर भी वैश्विक आकांक्षाओं को पंख दे। यह ऐसी शिक्षा हो जो संस्कृति और आधुनिकता का संगम बने। हमारी शिक्षा प्रणाली को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व का बीजारोपण करना चाहिए। आज की दुनिया में केवल उपाधि पर्याप्त नहीं है। शिक्षा ऐसी हो जो रोजगारपरक कौशल विकसित करे। व्यावसायिक प्रशिक्षण, अपरेंटिस कार्यक्रम और उद्योग से सीधा जुड़ाव युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा। पर्यटन, बागवानी, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विशेषीकृत पाठ्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं।



**कृति रोहटा,**
**प्रिंसिपल, रूट्स कंट्री स्कूल,**
**बाघी (कोटखाई)**

### शिक्षा का प्रभाव, एक नए हिमाचल का स्वप्न

**यह** शिक्षा प्रणाली हिमाचल पर गहरा प्रभाव डालेगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर यहीं मिलेंगे, तो युवा क्यों पलायन करेंगे? यह गांवों को फिर से जीवंत करेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। शिक्षित और जागरूक नागरिक एक सशक्त और प्रगतिशील समाज का निर्माण करते हैं, जो अंधविश्वासों से मुक्त और वैज्ञानिक सोच से लैस होगा। प्रकृति से जुड़ाव रखने वाली शिक्षा आने वाली पीढ़ियों को सचेत पर्यावरण प्रहरी बनाएगी, जो देवभूमि की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य की रक्षा करेंगे। जब हमारे युवा ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों से लैस होंगे, तो वे न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी हिमाचल का नाम रोशन करेंगे।

### जीवन जीने की कला को प्राथमिकता दी जाए

**हिमाचल** में शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह वह दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएगा। जब देवभूमि के हर बच्चे के मन में ज्ञान का दीप जलेगा, तभी सही अर्थों में हिमाचल ज्ञान की गंगोत्री बनेगा और एक नए समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

**विशेष रिपोर्ट :**
**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**



## ज्ञान की बात

- राज्य के कुल क्षेत्रफल का कितना हिस्सा सिरमौर जिले में आता है ?।
  **-5.02 फीसदी**
- 1950 से पूर्व कोटगढ़ तथा कोटखाई किस क्षेत्र के भाग थे ?
  **-पूर्वी पंजाब**
- 1966-1972 तक जिला बनने से पूर्व ऊना किसका भाग था ?
  **-कांगड़ा**
- अंग्रेजों ने कांगड़ा मुख्यालय को कब धर्मशाला स्थानांरित किया था ?
  **-1855 में**
- नूरपुर का प्राचीन नाम क्या था ?
  **-धमेरी**
- बथुकम्मा त्योहार मुख्य रूप से किस राज्य में मनाया जाता है ?
  **-तेलंगाना**
- वर्ल्ड एड्स डे 2024 की थीम क्या थी ?
  **- 'सही रास्ता चुनें : मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार'**

## न्यूज ब्रीफ

### अंकु हाड़ा बने बड़ी माली के विजेता



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत बाड़ी खड्ड में छिंज मेले का आयोजन किया गया। इसमें नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का ने मुख्यातिथि और विशेष अतिथि के तौर पर भाजपा युवा नेता अंकुश इंदौरिया ने शिरकत की। बड़ी माली के विजेता अंकु हाड़ा को 31000 पर की धनराशि दी गई, जबकि लक्की हाड़ा उपविजेता बने। इस मौके पर अशोक इंदौरिया, अरविंद गुलेरिया तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 10 जुलाई से पहले बिजली उपभोक्ता करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विद्युत उपमंडल नंबर-2 कांगड़ा के तहत आने वाले कछियारी, खोली, कांगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन, बोडडबल्ला, अरला देहरा, भाटी सकोट, तरसूह, पलवाणी, पलवाना, जयंती माता मंदिर, राजल, खरठ, बोहड़-क्वालू, मलाड़ू और सिरमणी आदि गांवों के विद्युत उपभोक्ता 10 जुलाई से बिजली मीटर की केवाईसी करवाएं। उपभोक्ताओं अपने साथ आधार कार्ड, मोबाइल फोन और बिजली का बिल साथ लेकर पुराना कांगड़ा बिजली विभाग के विद्युत उपमण्डल नंबर 2 के कार्यालय में आकर केवाईसी करवाएं। इसके बाद सब्सिडी से वंचित कर दिया जाएगा। यह जानकारी विद्युत उपमंडल नंबर 2 कांगड़ा के एसडीओ इंजीनियर सचिता भरमेर ने दी।

### नौरा में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के अधीन नौरा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन सरला देवी धर्मपत्नी स्व. संसार चंद के निजी निवास पर 26 जून से लेकर 2 जुलाई तक किया जाएगा। वीरवार को सुबह 9:00 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी। कथावाचक विपिन चंद्र उर्फ पंडित बबलू शर्मा नौरा वाले अपने मधुर वचनों द्वारा कथा का गुणगान करेंगे। यह कार्यक्रम सिद्धपीठ श्री पिण्डेश्वरी माता जी के सानिध्य में होगा। कथा श्रवण करने का समय 3:00 से लेकर सायं 6:00 प्रतिदिन होगा।

### चोरी का आरोपी फरीदाबाद से गिरफ्तार



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल की पुलिस टीम ने बीड़ मे मार्च 2025 में दर्ज हुए चोरी के एक मामले में नीतीश चौधरी पुत्र सतीश चौधरी हाउस नंबर 579 सेक्टर 55 फरीदाबाद (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है। नीतीश चौधरी ने 24 फरवरी को बीड़ से अपने दोस्त का लैपटॉप चुराया था और उसी दिन से फरार था। इसके बाद से पुलिस मामला दर्ज कर तलाश कर रही थी।

### पपरोला के दीपक ने पास की एलाइड परीक्षा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पपरोला के 27 वर्षीय दीपक ने एलाइड परीक्षा पास कर बैजनाथ का नाम रोशन किया है। दीपक के पिता हरिंदर पेशे से ठेकेदार हैं। दीपक ने हिमाचल एलाइड परीक्षा में सातवां स्थान हासिल कर किया है। उनका चयन एक्साइज एंड टैक्सेशन असिस्टेंट ऑफिसर के रूप हुआ है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा पपरोला से की है तथा उसके बाद स्नातक की पढ़ाई बैजनाथ कॉलेज से पूरी की है। दीपक की सफलता पर घर और पूरे इलाके में खुशी की लहर है।

### ढलियारा कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने बिखेरा जलवा



**अनंत ज्ञान, ढलियारा।** सरकारी कॉलेज ढलियारा के एनसीसी कैडेट्स ने 15 से 24 जून तक जेएनवी पेखुबेला ऊना में आयोजित सीएटीसी-187 कैंप में हिस्सा लिया। इस कैंप में 6 एचपी (1) एनसीसी ऊना के तहत विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया, जिससे यह प्रतिभा और उत्साह का एक शानदार संगम बन गया। कैडेट्स ने ड्रिल, फायरिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और निबंध लेखन सहित कई तरह की गतिविधियों में हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शनों में सीपीएल आशीष कुमार को सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में मान्यता दी गई। ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ, वाद विवाद में दूसरा और फायरिंग में तीसरा स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैडेट अमन शर्मा ने पीओपी कमांडर के रूप में कार्य किया और ड्रिल में दूसरा स्थान हासिल किया। कैडेट वंश ठाकुर ने पीओपी पायलट के रूप में चमक बिखेरी और फायरिंग में पहला स्थान हासिल किया। कैडेट जीवन मेहता ने भी ड्रिल में तीसरा स्थान हासिल करके और कंपनी कमांडर एसडी के रूप में कार्य करके अपनी छाप छोड़ी। एनसीसी इकाई ढलियारा के सीटीओ डॉ. कपिल सूद ने कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की।

### जिला परिषद सदस्य ध्रुव ने बांटे 650 डस्टबिन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** बारी खैरा वार्ड नंबर 25 के जिला परिषद सदस्य ध्रुव सिंह चौधरी ने पंचायत वाहे दा पट्ट में जिला परिषद निधि से पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड मेंबर्स के समक्ष 650 परिवारों को डस्टबिन वितरित किए। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन भी दिया।

# विधायक मलेंद्र ने घंड़रा में किया अग्निशमन भवन का भूमि पूजन

## 3.56 करोड़ रुपए होंगे खर्च, कहा-जल्द बनकर तैयार होगा स्थायी भवन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने घंड़रा (पनियाला) में 3.56 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अग्निशमन केंद्र एवं कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक ने बताया कि इस अग्निशमन केंद्र के निर्माण से स्थानीय लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि अब तक अग्निशमन केंद्र एक किराए के भवन से संचालित होता



अग्निशमन केंद्र एवं कार्यालय भवन का भूमि पूजन करते विधायक मलेंद्र।

था, लेकिन अब जल्द स्थायी भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी देने के लिए, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास कार्यों को अमलीजामा पहना रही है।

विधायक ने कहा कि इंदौरा में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। चाहे वह सड़क निर्माण हो, पेयजल योजनाएं हों, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो या शिक्षा संस्थानों का सुदृढ़ीकरण, हर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### क्षेत्र को बनाएंगे विकसित विधानसभा क्षेत्र

**मलेंद्र** ने कहा कि वह अपने क्षेत्र को एक विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनके राजनीतिक जीवन का उद्देश्य है और वह हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। कार्यक्रम में कमांडेंट होमगार्ड एसपी मदन लाल, बीएसएनएल सिविल के एक्सईएन सतपाल, एसडीओ बिजली विभाग गुरनाम सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र मनकोटिया, घंड़रा पंचायत के प्रधान जुगल किशोर, पूर्व प्रधान हरजीत कटोच, श्याम लाल, कांग्रेस नेता मास्टर कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों पर चर्चा



पठानकोट के माधोपुर में सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक हुई।

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**पंजाब**-जम्मू बॉर्डर पर स्थित माधोपुर में अमरनाथ यात्रा को लेकर अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक हुई। अमरनाथ यात्रा जल्द शुरू होने जा रही है, जिसको लेकर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुख्ता इंतजाम अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

बुधवार को पंजाब-जम्मू बॉर्डर पर पड़ते पठानकोट के माधोपुर इलाके में पुलिस द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग एजेंसियों से संबंधित सुरक्षा अधिकारी पहुंचे। बैठक में विशेष तौर पर डीजीपी पंजाब लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने शिरकत की, जहां पर उन्होंने अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों के साथ अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बारे में चर्चा की। पंजाब-जम्मू बॉर्डर पर स्थित पंजाब के माधोपुर में बनाए गए पुलिस सहायता केंद्र में श्री अमरनाथ यात्रा 2025 का भी लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया है। उन्होंने पंजाब जम्मू-बॉर्डर वह भारत पाक सीमा के साथ लगते इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बारे में भी बात की।

# भवारना में नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, भवारना।** उपमंडलीय विधिक सेवाएं समिति पालमपुर के तत्वावधान में बुधवार को भवारना पंचायत के नया स्वेरा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के सभागार में नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर में पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों की ओर से नशीली दवा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया और नशे से जीवनभर दूर रहने के प्रति भी प्रेरित किया।

थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने नशीली दवा के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से उत्पन्न वैश्विक चुनौती तथा सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र पर इसके गंभीर परिणामों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशे की कुरीति को खत्म करने से एक स्वस्थ समाज के निर्माण के साथ युवा पीढ़ी भी सही दिशा की ओर अग्रसर होगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी विनोद कुमार ने नशे की बचाव और दुष्प्रभावों पर जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रहना चाहिए तथा ऐसे किसी पदार्थ का सेवन न करें, जिससे नशा होता है। ऐसे लोगों के साथ भी न रहें, जो नशा करते हैं। लोगों को अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज व देश के जिम्मेदार नागरिक होने की भूमिका निभाना चाहिए।

# परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी मंच का फूटा गुस्सा

## उपमुख्यमंत्री पर साधा निशाना, कहा- हमारी फाइलें शिमला में फांक रहीं धूल

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**देहरा** में बुधवार को हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंच के जिला अध्यक्ष चमन लाल पुंडीर ने की। बैठक में 2016 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को लाभ न मिलने का मुद्दा गरमाया रहा।

वक्ताओं ने बताया कि पेंशन रिवाइज को लेकर जो फाइलें वर्षों से लंबित हैं, वे आज भी शिमला में धूल फांक रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अन्य विभागों के पेंशनरों को लाभ दे रही है, लेकिन एचआरटीसी पेंशनरों को सरकारी कर्मचारी ही नहीं माना जा रहा। पुंडीर ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को घेरते हुए कहा कि जब वह नेता प्रतिपक्ष थे, तब एचआरटीसी पेंशनरों की आवाज सदन में उठाते थे, लेकिन अब जब वह खुद परिवहन मंत्री हैं, तो चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज



देहरा में बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष चमन लाल पुंडीर।

तक एक भी बयान नहीं आया कि एचआरटीसी पेंशनरों को क्या मिलना है और क्या नहीं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जब काम लेना हो या आदेश देने हों, तब एचआरटीसी सरकारी मानती है, लेकिन जब सुविधाएं देने की बात आती है तो पल्ला झाड़ लेती है।

पुंडीर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान न हुआ तो प्रदेशभर में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस अवसर पर सुभाष राणा, भीखम परमार, अशोक परमार, कमल पाल, संसार चंद पठानिया, मोहन लाल, दिनेश शर्मा, कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

# 12 दिन बाद भी ट्रैकर नितिन का नहीं कोई सुराग

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** 12 दिन बीत जाने के बाद भी लापता नितिन शर्मा कोई सुराग नहीं लग पाया है। नितिन की तलाश में प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती खराब मौसम बना हुआ है। इसी वजह से चंबा प्रशासन की मदद से भेजी गई टीम अभी तक होली में ही रुकी हुई है।



**मौसम की बेरुखी बनी सर्च टीम के लिए चुनौती**

जिला प्रशासन की ओर से भेजी गई टीम ने हिमानी चामुंडा के ऊपर अर्जुन लेक और टेलिंग पास के समीप भी सर्च किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। मौसम अनुकूल न होने की वजह से ड्रोन से भी सर्च करना मुश्किल हो गया है। बुधवार को नितिन के परिजन भी निराश होकर लौट गए हैं। एडीएम धर्मशाला शिल्पी बेक्टा ने बताया कि खराब मौसम की वजह ट्रैकर की तलाश में बाधा बन रहा है, फिर भी सर्च अभियान युद्धस्तर पर चलाया है।

# स्व. किशन के नाम पर फाउंडेशन गठित करने का लिया फैसला

## 74वीं जयंती : 260 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच, 37 लोगों ने किया रक्तदान



धर्मशाला में बुधवार को पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री किशन कपूर की 74वीं जयंती पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** सांसद व पूर्व मंत्री स्व. किशन कपूर की 74वीं जयंती पर दाडनू, धर्मशाला स्थित उनके निवास स्थान पर निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर लगाया गया।

सबसे पहले पूर्व सांसद स्व. किशन कपूर को फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन भेंट किए गए। शिविर में करीब 260 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। वहीं, 37 लोगों ने रक्तदान किया।

लोगों ने टेस्ट भी करवाए व उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भेजी गई मोबाइल क्लीनिक (बस) में निःशुल्क ब्लड टेस्ट की सुविधा प्रदान की गई।

भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष व स्व. किशन कपूर के पुत्र शाश्वत कपूर ने पिता के नाम पर फाउंडेशन गठित करने का सभी की सहमति से फैसला लिया है। यह फाउंडेशन आने वाले समय में समाज सेवा के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, पूर्व मेयर ओंकार नेहरिया, भाजपा नेता विपिन नेहरिया भी मौजूद रहे।

### किसान संघ ने आंदोलनात्मक कार्यों को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश भारतीय किसान संघ हिमाचल व प्रदेश कार्यसमिति बैठक कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आयोजित हुई। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने की। बैठक में किसान संघ को गति प्रदान करने को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश स्तर पर इन दिनों 6100 किसान संघ के सक्रिय कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। संभाग स्तर पर सभी अभ्यास वर्ग हो चुके हैं। खंड स्तर पर 6 विकास खंडों के अभ्यास वर्ग हो चुके हैं। आने वाले दो माह में 56 अन्य विकास खंडों में अभ्यास वर्ग आयोजित होंगे। प्रदेशभर की 717 स्थायी ग्राम समितियों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। वहीं, बैठक में रचनात्मक, और आंदोलनात्मक कार्यों को लेकर रणनीति बनाई गई। दिनेश ने कहा कि देश विरोधी ताकतें कुछ समय पूर्व किसानों को बहलाने का काम कर रही थी, लेकिन किसान संघ के प्रयासों से इन देश विरोधी किसान संगठनों से किसान नहीं जुड़े।

# सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिव्यांग छात्रों को दिखाई मूवी



आर्मी पब्लिक स्कूल और ज्ञान ज्योति कॉलेज रजोल का धन्यवाद किया।

**अनंत ज्ञान, योल**

**सूर्य** उदय चैरिटेबल ट्रस्ट ने मैक्सिमस मॉल में दिव्यांग छात्रों ने सितारे जमीन पर मूवी दिखाई। यह फिल्म सीखने की अक्षमता वाले बच्चों की चुनौतियों और ताकत को खूबसूरती से चित्रित करती है। इस पहल का उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से सहानुभूति, जागरूकता और समावेश को बढ़ावा देना था।

स्क्रीनिंग के दौरान माता-पिता और शिक्षकों की उपस्थिति ने इसे और अधिक सार्थक बना दिया। चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक अनुराधा शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए समग्र विकास के अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस समावेशी कार्यक्रम में उनकी भागीदारी और समर्थन के लिए आर्मी पब्लिक स्कूल और ज्ञान ज्योति कॉलेज रजोल और मैक्सिमस मॉल के डायरेक्टर देवेंद्र पठानिया का धन्यवाद किया।

# कांग्रेस सरकार ने संविधान पर कुठाराघात किया : परमार



कार्यक्रम के दौरान सुलह के विधायक विपिन, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व अन्य नेता।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**सुलह** के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस का काला अध्याय है और 25 जून, 1975 को आपातकाल लगाकर कांग्रेस सरकार ने संविधान पर कुठाराघात किया था।

आपातकाल की भयाहवता के 50 वर्ष पूरा होने को लेकर जयसिंहपुर में विशेष तौर पर प्रेसवार्ता में परमार ने कहा कि कांग्रेस का स्वभाव जो 50 वर्ष पहले आपातकाल लगाते समय था, वह आज भी कांग्रेस नेताओं में वैसा ही है। जिस संविधान ने हमें बोलने का हक दिया था, लेकिन आपातकाल लगाकर बोलने की आजादी पर इंदिरा गांधी की सरकार ने पहरा लगा दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसकिता परिवारवाद व सत्ता को बचाने की थी और आज भी एक परिवार को बचाने के लिए पार्टी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता को बचाने के लिए संविधान में कई संशोधन किए हैं। इस अवसर पर जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, बैजनाथ के पूर्व विधायक मुलख राज प्रेमी, जिला पालमपुर भाजपा अध्यक्ष रागिनी रकवाल, बीडीसी चेयरमैन कुलवंत राणा आदि मौजूद रहे।

**संगोष्ठी** आपातकाल के काले अध्याय की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# आपातकाल के इतिहास से सबक लें लोगः त्रिलोक

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** कांग्रेस की ओर से लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय की 50वीं वर्षगांठ पर पर लायंस क्लब धर्मशाला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लोकतंत्र प्रहरी जो आपातकाल के समय में जो जेल में बंद रहे थे, उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि आपातकाल भारतीय राजनीति का ऐसा अध्याय है, जिससे आज भी सीख ली जाती है। यह एक चेतावनी है कि लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखना कितना जरूरी है और संस्थाओं की स्वतंत्रता कितनी महत्वपूर्ण है। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक अत्यंत संवेदनशील और विवादास्पद अध्याय है। यह वह समय था, जब देश के संविधान में मौलिक अधिकारों को सीमित कर दिया गया था।



### लोकतंत्र रक्षकों को नमन : सुधीर

**पूर्व** मंत्री और धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि आपातकाल की घोषणा कांग्रेस की सत्ता लोलुपता और निरंकुश मानसिकता का प्रतीक है। आज हम उन सभी लोकतंत्र रक्षकों को नमन करते हैं, जो जेल गए, अत्याचार झेले और फिर भी तानाशाही के खिलाफ झुके नहीं। सुधीर ने कहा कि कांग्रेस आज भी आपातकाल की मानसिकता से ग्रस्त है। 1975 की तरह आज भी वह वंशवाद, तुष्टिकरण और सत्ता के केंद्रीकरण को ही राजनीति मानती है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने ऐसे रवैये को बार-बार नकारा है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कांगड़ा से विधायक पवन काजल ने भारतीय लोकतंत्र का काला दिन बताते हुए कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का आरोप लगाया। देश पर थोपा गया आपातकाल हमारे लोकतंत्र पर किया गया सबसे बड़ा आघात था।

### इन्हें किया सम्मानित

**संगोष्ठी** में आपातकाल के समय जेल में रहे लोकतंत्र प्रहरी गोपी चंद अग्रवाल, नरेंद्र नाथ, सुनील मनोचा, पूर्व एडिशनल एडवोकेट जर्नल एडवोकेट राकेश भारती, कमल किशोर पाधा, स्व. कुलदीप सचदेवा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण कुमार (कूका), पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, वरिंदर चौधरी, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, भाजपा प्रदेश सचिव विशाल चौहान, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु आदि मौजूद रहे।

# सलोल-तरखानकड़ सड़क का जल्द पूरा होगा काम : काजल

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने बुधवार को चकली कुरियाला तरखानकड़ गांव स्थित काथला माता मंदिर में आयोजित वार्षिक भंडारे में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सलोल से तरखानकड़ तक निर्माणाधीन सड़क का काम जल्द पूरा कर ग्रामीणों को सड़क सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में महिलाओं और बेरोजगारों के साथ अन्याय हुआ है। महिलाओं को चुनावी वादे के अनुसार हर महीने 1500 रुपए नहीं मिले। बेरोजगार रोजगार की तलाश में ओवरएज हो रहे हैं।

कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर एक भी नई ईंट नहीं लगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए कई स्टार्टअप योजनाएं शुरू की हैं। फोरलेन सड़कों का निर्माण केंद्र सरकार की देन है। प्रदेश सरकार कांगड़ा क्षेत्र की सड़कों में पड़े गड्ढों को भरने और पैचवर्क कराने में भी नाकाम रही है। काजल ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 2006 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। इससे साफ है कि भाजपा हिमाचल में विपक्ष में रहते हुए भी जनता से जुड़ी है। काजल ने मंदिर कमेटी को शेड निर्माण के लिए बजट देने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर चुनी लाल, विजय, ईश्वर दास, गगन होशियार, हरवंश, सरवन चौधरी, रजनीश, सौरभ, अंकुश, रवि आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भंफड पंचायत में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** वेद माता गायत्री जन कल्याण समिति व विश्व युवक केंद्र दिल्ली एवं ग्राम पंचायत भंफड द्वारा पौधरोपण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत की प्रधान ईश्वरी पालसरा मौजूद रही। वहीं इस दौरान पंचायत के सभी वार्ड सदस्य भी मौजूद रहे। वेद माता गायत्री जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल बेथूवान सहित समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

### पूनम बनी भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की राज्याध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा पूनम को परिषद की राज्य प्रेस सचिव मनोनित किया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि प्रदेश के जिला शिमला के रामपुर के क्याव गांव से संबंध रखने वाली पूनम को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की राज्य अध्यक्ष की कमान सौपी गई है। उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी।

### सुन्नी में महिलाएं सीख रही सिलाई, कढ़ाई



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सहयोग वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से सुन्नी में महिलाओं को निशुल्क सिलाई, कढ़ाई व बुनाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक वर्षीय प्रशिक्षण के दौरान नियमित रूप से आने वाली महिलाओं को सहयोग की तरफ से प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। फाउंडेशन के चेयरमैन शिव राम ने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना है। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अपनी आजीविका खुद कमा सके ऐसे कार्य के लिए फाउंडेशन द्वारा भविष्य में अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी लॉन्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बताया है कि फाउंडेशन की 5 मुख्य गतिविधियां है। फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, नारी सशक्तिकरण और गौसदन निर्माण पर केंद्रित कार्य कर रही है। बहरहाल पहले चरण में महिलाओं को निशुल्क सिलाई, कढ़ाई और बुनाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

### डॉ. रोहित नेगी ने लोगों को किया जागरूक

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर के खनेरी स्थित महात्मा गांधी चिकित्सा सेवाएं परिसर में विश्व फुलबहरी दिवस मनाया गया। इस मौके पर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रोहित नेगी ने लोगों को फुलबहरी रोग के लक्ष्मण और उपचार बारे जागरूक किया। उन्होंने लोगों को बताया फुलबहरी कोई ला इलाज रोग नहीं है। यदि इसका उपचार किया जाए तो यह ठीक हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस रोग के बारे में आम जन में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं लेकिन वे सब तर्कहीन हैं। यह रोग छूत से फैलने वाला भी नहीं है। कुछ लोग इसे रोग को कुष्ट रोग की निशानी मानते हैं। लेकिन यह सब मिथ्या है। उन्होंने बताया कि अपने खान-पान पर यदि ध्यान दिया जाए तो इस रोग से बचा जा सकता है। हर साल 25 जून को विश्व स्तर पर इस दिवस को मनाया जाता है। आज इस दौरान फूल बाहरी रोगियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर प्रशिक्षु नर्सो ने स्लोगन आदि बनाकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। नर्सिंग संस्थान की वार्डन मधु ने भी अपने विचार रखें।

## नाथपा बांध से छोड़ा जाएगा अतिरिक्त पानी, लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी



नाथपा बांध में लगातार बढ़ रहा जल प्रवाह, लोग नदी के किनारों से दूर रहें।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित नाथपा बांध में जल प्रवाह लगातार बढ़ रहा है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आज, 25 जून को प्रातः 06:45 बजे, बांध के रेडियल गेट्स के माध्यम से लगभग 145 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी सतलुज नदी में छोड़ा गया छोड़ा गया है।

बांध प्रबंधन द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, रेडियल गेट्स के ज़रिए छोड़ा जाने वाला कुल पानी 810 क्यूमेक्स रहेगा, जबकि एसएफटी के माध्यम से 81 क्यूमेक्स पानी पहले से ही डिस्चार्ज हो रहा है। इस प्रकार, डाउनस्ट्रीम की ओर कुल संभावित डिस्चार्ज 891 क्यूमेक्स तक पहुंच सकता है।

प्रशासन ने नाथपा बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के निवासियों, मछुआरों, किसानों और पर्यटकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और नदी के किनारों से दूर रहें। यदि भविष्य में जलस्तर और बढ़ता है, तो सुरक्षा की दृष्टि से और अधिक पानी छोड़ा जा सकता है।

## आपदा में मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा जरूरी : डीसी

### शिमला में आयोजित 'मनो-सामाजिक देखभाल' कार्यशाला

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** आम तौर पर जब हम आपदा प्रबंधन की बात करते हैं, तो हमारा ध्यान राहत, बचाव और पुनर्वास जैसे भौतिक पहलुओं पर अधिक केंद्रित रहता है। लेकिन शिमला में आयोजित 'मनो-सामाजिक देखभाल' कार्यशाला ने आपदा प्रबंधन के एक बेहद महत्वपूर्ण और अकसर उपेक्षित पहलू को उजागर किया है, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा। डीसी का शिमला का ये कथन कि आपदा के समय लोगों की मनोस्थिति को संभालना सबसे बड़ी चुनौती होती है, इस मानवीय दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

बीते वर्ष की समेज त्रासदी, जिसने गहरा जख्म दिया, ने प्रशासन को सिखाया है कि सिर्फ भौतिक नुकसान की भरपाई काफी नहीं है, बल्कि आपदा से प्रभावित व्यक्तियों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को भी समझना और संबोधित करना आवश्यक है।



शिमला में 'मनो-सामाजिक देखभाल' कार्यशाला की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

यह कार्यशाला इस बात का प्रमाण है कि शिमला प्रशासन आपदा प्रबंधन को केवल एक प्रशासनिक कार्य के रूप बजाय, एक संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण के साथ देख रहा है, जहां मानवीय संवेदना और मनोवैज्ञानिक सहायता को उतनी ही प्राथमिकता दी जा रही है जितनी कि भौतिक संसाधनों को।

## नेरवा में ढाबों से दस घरेलू गैस सिलेंडर बरामद

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** बुधवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने ढाबों से दस घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किये हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व उपभोक्ताक्ता मामले निरीक्षक चौपाल आतिश ठाकुर की अगवाई में गैस एजेंसी इंचार्ज चौपाल गौरव तथा दो पुलिस जवानों की टीम ने नेरवा बाजार में औचक निरिक्षण कर विभिन्न ढाबों से दस घरेलू गैस सिलेंडर बरामद कर जब्त किए। आतिश ठाकुर ने बताया कि एलपीजी गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आर्डर 2005 आवश्यक वास्तु अधिनियम, 1955 के तहत दंडनीय धारा के तहत कार्रवाई कर मामला आगामी कार्रवाई के लिए एसडीएम चौपाल को प्रेषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में भी नेरवा, चौपाल, कुपवी सहित अन्य स्थानों पर भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी तथा जो भी घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करता पाया जाएगा। उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उधर, विभाग की इस कार्रवाई से ढाबा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## आपदा में सभी विभाग मिलकर करें काम : एसडीएम

### राजेश वर्मा ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** उपमंडल सुन्नी के तहत आपदा प्रबंधन पर बैठक उपमंडलाधिकारी सुन्नी राजेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सतलुज नदी से सटे क्षेत्रों में अप्रिय घटना को अंकुश लगाने और सुन्नी के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों संबंधी निर्देश जारी किए गए। एसडीएम सुन्नी द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए।

इस दौरान एसडीएम सुन्नी ने आपदा प्रबंधन के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने और आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सुन्नी में सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी के साथ लगते मुख्यतः तीन वार्ड प्रभावित होते हैं व नदी के किनारे स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौ-सदन तथा मोक्षधाम जैसे महत्वपूर्ण संस्थान भी खतरे की संभावना में आ जाते हैं।



सुन्नी में आपदा प्रबंधन पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम सुन्नी राजेश वर्मा।

उन्होंने संबंधित संस्थानों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल स्तर में किसी भी प्रकार की वृद्धि की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए। बैठक के दौरान सतलुज नदी पर बने जेशी, भराड़ा और मगाण गांव के लिए झूले भी नदी पर अत्यधिक जल स्तर होने के नदी की जद में आय गए हैं।

इस संदर्भ में सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड प्रबंधन को गांवों को जोड़ने वाले इन पुलों की वैकल्पिक रूप से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एनटीपीसी एवं एसजेवीएन को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने बांधों एवं जलाशयों का जलस्तर नियमित रूप से मॉनिटर करें तथा आवश्यकता अनुसार जल प्रवाह को नियंत्रित एवं संतुलित रखें। इस दौरान एनटीपीसी, एसजेवीएन, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, पुलिस विभाग, आईटीआई सुन्नी के प्रधानाचार्य, कॉलेज प्राचार्य सहित कई मौजूद रहे।

## सीटू ने किया श्रमिक कल्याण बोर्ड रामपुर कार्यालय का घेराव

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (संबंधित सीटू) ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के कार्यालय रामपुर का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सीटू शिमला ज़िला अध्यक्ष कुलदीप डोगरा, यूनियन राज्य कोषाध्यक्ष अमित, ज़िला शिमला अध्यक्ष सुनील मेहता, सचिव परमिंदर, उपाध्यक्ष रूप लाल व ओम प्रकाश मौजूद रहे।

मज़दूर नेताओं ने कहा कि बोर्ड में पंजीकृत मज़दूरों को लाभों से वंचित रख कर बोर्ड के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। जहां एक तरफ केंद्र की सरकार द्वारा लेबर कोड लाकर बीओसीडब्ल्यू अधिनियम 1996 को कमजोर किया जा है वही हिमाचल सरकार भी बोर्ड के कार्यों में दिन प्रतिदिन नई नई अटकलें डाल रही हैं। मजदूरों नेताओं ने कहा कि अभी भी वर्ष 2020 में मज़दूरों के छात्रवृत्ति, विवाह, चिकित्सा आदि लाभ लंबित है।

## पंचायत भवन के लिए राशि स्वीकृत होने पर शिक्षा मंत्री का जताया आभार



घुन्ड़ा-भड़ेच का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात करता हुआ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ग्राम** पंचायत घुन्ड़ा-भड़ेच के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान बृजेश कंवर के नेतृत्व में सचिवालय में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मंत्री का हार्दिक धन्यवाद किया।

इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से ग्राम पंचायत घुन्ड़ा-भड़ेच के निर्माणाधीन पंचायत भवन का शिलान्यास करने का निवेदन किया। मंत्री ने इस अनुरोध को सहर्ष स्वीकार कर लिया, जिससे स्थानीय समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल ड़ेरटा, ग्राम पंचायत घुन्ड़ा-भड़ेच के उप-प्रधान नरेश शर्मा और वार्ड सदस्य गुलज़ार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिले** में आगामी मानसून सीजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय के बचत भवन में डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। डीसी ने विभिन्न विभागों द्वारा मानसून से पूर्व की गई तैयारियों, संभावित आपदाओं से निपटने की रणनीतियों तथा समन्वित कार्य योजना की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रो-एक्टिव रवैया अपनाएं तथा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहें। लोक निर्माण विभाग एवं जलशक्ति विभाग को एसडीएमएफ परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्षा ऋतु से पूर्व नालों और जल निकासी चैनलों की सफाई सुनिश्चित की जाए तथा बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली को सक्रिय रखा जाए। बांधों से जल छोड़ने की स्थिति की निगरानी और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग व केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी अलर्ट्स का त्वरित प्रचार सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। एनटीपीसी के अधिकारियों ने बताया कि एनटीपीसी डैम से लेकर मंडी-भराड़ी पुल तक लगभग 33 किलोमीटर तक लोगों को पानी छोड़ने के दौरान जागरूक करने के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करेगी। अब तक एनटीपीसी द्वारा 10 अर्ली मॉर्निंग सिस्टम लगाया था, जिसे बाद कर अब 17 किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को जलजनित और वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बरसात के मौसम में सर्पदंश के मामलों पर जनजागरूकता फैलाने और प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र इलाज उपलब्ध करवाने को भी प्राथमिकता देने को कहा। संवेदनशील बस्तियों की पहचान, आवश्यक वस्तुओं का अग्रिम भंडारण, स्वयंसेवकों के साथ समन्वय स्थापित करने, आपदा जोखिम मूल्यांकन एवं जिला आपदा प्रबंधन योजना की समझ को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### श्री नयनादेवी में 25 जुलाई से 5 अगस्त तक आस्था का महाकुंभ, तैयारियों को लेकर बैठक

## मंदिर क्षेत्र में होगी हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था

- डीसी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**हिमाचल** प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयनादेवी जी में श्रावण अष्टमी मेले इस बार 25 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित होंगे। श्रद्धा, व्यवस्था और नवाचार की त्रिवेणी को समेटे इस मेले की तैयारियों का श्रीगणेश कर दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को जिला मुख्यालय के बचत भवन में मंदिर न्यास की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की।

डीसी ने कहा कि मेला सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व है, जिसमें हर श्रद्धालु को सुविधा, सुरक्षा और सम्मान मिले। श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए सभी विभागों को दिशा-निर्देश किए हैं। मंदिर क्षेत्र में हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। सीसीटीवी के साथ-साथ क्राउड एनालिटिक्स कैमरे भी लगाए जाएंगे जो भीड़ बढ़ते ही अलर्ट जारी करेंगे। इस बार का मेला सिर्स परंपरा नहीं, तकनीक, सुरक्षा, स्वच्छता और सत्कार का संगम बनेगा। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और अपनी जिम्मेदारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का संकल्प लिया। मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। बस स्टैंड को कोहनी मोड़ पर अस्थायी रूप से शिफ्ट करने और वहां से एचआरटीसी की शटल सेवा शुरू करने की योजना बनाई गई है।



श्री नयनादेवी जी में श्रावण अष्टमी मेले को लेकर बैठक करते डीसी राहुल कुमार।

अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। पीने के पानी, विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग, परिवहन व खाद्य सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। खाद्य गुणवत्ता की रैंडम जांच के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं।

### 6 स्थायी और 6 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे

**मेले** के दौरान 24म7 स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध रहेगी। 6 स्थायी और 6 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे। किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को एम्स बिलासपुर या आनंदपुर साहिब तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस रोड प्लान भी तैयार किया जाएगा।

### वेटिंग एरिया तैयार दर्शन अब होंगे व्यवस्थित

मंदिर दर्शन को सहज बनाने के लिए तैयार वेटिंग एरिया में एक बार में 1500 श्रद्धालु विश्राम कर सकेंगे। यहीं से 150-150 श्रद्धालुओं के जत्थे दर्शन के लिए भेजे जाएंगे।

### लंगर भी होगा अनुशासित, स्वच्छता बनेगी पहचान

**लंगर** संचालन के लिए इस बार केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार होंगे और अनुमति उन्हीं को दी जाएगी जो सभी एसओपी पूरे करेंगे। ग्रीन मेला की अवधारणा को साकार करने के लिए प्लास्टिक प्रतिबंधित रहेगा और केवल बायोडिग्रेडेबल उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

## कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी और तानाशाही का पर्याय : त्रिलोक



जेल में यातनाएं सहने वाले वरिष्ठ नागरिक और उनके परिजनों को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**आपातकाल** के दौरान जेल में यातनाएं सहने वाले बिलासपुर शहर के वरिष्ठ नागरिक और उनके परिजनों को बुधवार को सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने उनके घर जाकर सम्मानित किया।

सम्मानित किए गए लोगों में वरिष्ठ पत्रकार पंडित जय कुमार, स्व. नरोतम दत्त शास्त्री की धर्मपत्नी प्रेमी देवी शास्त्री तथा स्व. राजेंद्र हांडा के पुत्र एडवोकेट विपुल हांडा शामिल हैं। त्रिलोक ने कहा कि कांग्रेस न केवल भ्रष्टाचार की जननी है, बल्कि वंशवाद और तानाशाही का पर्याय भी है। वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला मानने के बजाए 25 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। सरकार के फैसले का विरोध करने वालों को जेलों में डाल दिया गया। मीडिया की आवाज को भी कुचला गया। लोगों को बिना किसी कसूर के लंबे समय तक जेलों में रहकर यातनाएं सहनी पड़ीं। यह दिन भारत के इतिहास में हमेशा काले अध्याय के रूप में याद रखा जाएगा।

**बैठक** वेलफेयर एसोसिएशन की घुमारवीं इकाई ने मांगों को पूरा करने की उठाई मांग

## सरकार जल्द जारी करे महंगाई भत्ता किस्त

- कहा- बोर्ड में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए
- पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने व मांगों पर की चर्चा

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की घुमारवीं इकाई की बैठक बुधवार को एसोसिएशन के प्रधान रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

एचएस चंदेल व अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दोनों मुख्य अतिथियों ने एसोसिएशन की अब तक की गतिविधियों, मांगों तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी पेंशनर्स ने प्रदेश सरकार द्वारा 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स को एरियर की 50 प्रतिशत राशि प्रदान करने की अधिसूचना का स्वागत किया और अपेक्षा जताई कि विद्युत बोर्ड में भी इस अधिसूचना को शीघ्र लागू किया जाएगा। सदस्यों ने सरकार से शीघ्र महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की मांग की।



प्रधान रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई की बैठक।

### आउटसोर्स कर्मियों के लिए बने स्थायी नीति

**बिजली** बोर्ड में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक स्थायी नीति बनाने का आग्रह किया गया। रामलाल शर्मा ने बोर्ड में रिक्त पदों को शीघ्र भरने और पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष सुखराम, उपप्रधान रूपलाल शर्मा, दिलाराम, मदनलाल राणा, जेके महाजन, वित्त सचिव बीडी. शर्मा, उपप्रधान गुरुदेव कौशल, केएस संबयाल, बलदेव राज शर्मा, रमेश चंद पजीयाला सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने पेंशनर्स की लंबित मांगों और देनदारियों पर गहन चर्चा की।

## कांग्रेस ने देश की जनता के छीने थे अधिकार : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय बिलासपुर में प्रेसवार्ता में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 1975 में आज ही के दिन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को देश का काला अध्याय कहा जाना बिलकुल उचित है। लोकतंत्र का गला घोंटकर कांग्रेस ने देश की जनता के अधिकार छीन लिए। उस समय जो तानाशाही रवैया था और आज भी गांधी परिवार में दिखता है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज 'राहुल गाड़ी' के माध्यम से उसी सोच को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें लोकतंत्र को महत्व नहीं दिया जाता, बल्कि एक परिवार को सर्वोपरि माना जाता है। कांग्रेस ने कभी भी लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान नहीं किया और देश को बार-बार भ्रमित करने की कोशिश की है। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल, मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## घर और दुकानों से एकत्रित होगा प्लास्टिक कचरा

### बरठीं में डोर-टू-डोर प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर बैठक में बनाई रणनीति



विकास खंड कार्यालय झंडूता से आए खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन रमेश चंद बरठीं के व्यापारियों को जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**बरठीं** में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए त्रिमूर्ति मंदिर में डोर-टू-डोर प्लास्टिक कचरा संग्रहण को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

विकास खंड कार्यालय झंडूता के खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन रमेश चंद ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली के महत्व और इसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत नियमित रूप से प्लास्टिक कचरे को घर-घर से और दुकानों से एकत्र किया जाएगा, जिससे न केवल कस्बे की साफ-सफाई में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने व्यापारियों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की और इसे एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर पंचायत बरठीं के प्रधान, उपप्रधान राकेश मेहता, पंचायत सचिव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। उपप्रधान राकेश मैहता ने व्यापारियों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।


# लोअर मुगला में एनएच की जल निकासी बनी मकानों और फसलों के लिए खतरा

## शमशानघाट का पैदल रास्ता भी क्षतिग्रस्त, जन प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से मांगा समाधान

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चंबा नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 (हरदासपुरा) स्थित मुगला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए के निर्माण के दौरान बनाई गई गहरी जल निकासी नाली (कनवर्ट) ने लोअर मुगला क्षेत्र के लोगों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। बारिश और सीवरेज का पानी सीधे लोअर मुगला की ओर मोड़े जाने से लोगों के मकान, कृषि भूमि और फसलें बुरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं। शमशानघाट का पैदल रास्ता भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

यह गंभीर मुद्दा जनहित संगठन चंबा के महासचिव शिवकरण चंद्रा, पार्षद अंजु कुमारी (हरदासपुरा वार्ड), जीतेंद्र सूर्या, अध्यक्ष गुरु रविदास सभा चंबा समेत अन्य स्थानीय नागरिकों ने उठाया है। इन्होंने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए अविलंब इस जल निकासी व्यवस्था में संशोधन की



उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपने जाते एनएच प्रभावित।

- पानी निकासी को जियाड़ी गली की ओर मोड़ा जाए
- कनवर्ट को तत्काल किया जाए बंद
- क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थायी समाधान किया जाए सुनिश्चित

मांग की है। ज्ञापन में बताया कि 28 अप्रैल 2023 को एनएच चंबा द्वारा मुगला में बनाए गए गहरे कनवर्ट के कारण लोअर मुगला मौत के कुएं जैसा बन गया है।

प्रतिनिधियों ने मांग की है कि पानी की निकासी को जियाड़ी गली की ओर मोड़ा जाए। वर्तमान में बनाए गए कनवर्ट को तत्काल बंद किया जाए और क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन में यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में भारी जान-माल के नुकसान की आशंका है। उपायुक्त चम्बा ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए समस्या के प्राथमिकता से समाधान का आश्वासन दिया है।

प्रतिनिधिमंडल में जनहित संगठन चंबा के महासचिव शिवकरण चंद्रा, पार्षद अंजु कुमारी, गुरु रविदास सभा चंबा के अध्यक्ष जीतेन्द्र सूर्या, नेक राम, राकेश कुमार, कुसुम देवी, दिनेश कुमार, अमर लाल, गुरचरण शामिल हुए।

# कार खाई में गिरने से पंचायत सचिव की मौत

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत आने वाले गांव टप्पर में मंगलवार रात एक कार दुर्घटना होने से पंचायत सचिव मनोज अत्री की मौत हो गई। मनोज अत्री टप्पर पंचायत में बतौर सचिव अपनी सेवाएं दे रहे थे। मनोज अत्री बीते दिन बनीखेत में आयोजित आषाढ़ नाग देवता मेले की सांस्कृतिक संध्या में भाग लेने के उपरांत देर रात अपने घर लौट रहे थे। मनोज अत्री एक ईमानदार सरकारी कर्मचारी थे बल्कि एक अच्छे एक उभरते हुए कलाकार भी थे। उन्होंने हाल ही में कुछ गानों को लांच किया था जोकि लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हुए और उन्होंने एक अलग पहचान बनाई थी। स्थानीय लोग सहकर्मी प्रशासनिक अधिकारी और कला क्षेत्र से जुड़े लोग इस दुर्घटना निधन से शोक में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कर्म की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। मृतक के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला और मणिमहेश यात्रा के दौरान अर्जित ज्ञान के उपयोग के दिए निर्देश

## उपायुक्त ने की भीड़ प्रबंधन कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भीड़ प्रबंधन कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता की। भारतीय सेना से सेवानिवृत अधिकारी कर्नल वीएन सुपनेकर ने विभिन्न विभागीय 65 कर्मियों को तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान आपदा की स्थिति में प्रभावी भीड़ नियंत्रण एवं प्रबंधन से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यशाला में मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला चंबा प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अति संवेदनशील श्रेणी में शामिल है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्पष्ट उद्देश्य आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी हितधारकों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध करवाना है।

उपायुक्त ने यह भी उल्लेख किया कि जिला चंबा में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला तथा विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश



भारतीय सेना से सेवानिवृत अधिकारी कर्नल वीएन सुपनेकर को थाल भेंट कर सम्मानित करते डीसी।

यात्रा जैसे दो प्रमुख आयोजन मानसून सीजन के दौरान ही संपन्न होते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की दृष्टि से समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुकेश ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में सुधार की संभावनाएं सदैव बनी रहती हैं। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के समन्वयक को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विभागीय कर्मियों के तीन दलों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से संबंधित ऐतिहासिक चंबा चौगान में आपदा की स्थिति में प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए तैयार किए गए मॉडल चार्ट का विस्तृत अध्ययन कर आवश्यक सुझावों को आपदा प्रबंधन योजना का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने विभागीय कर्मियों को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला व मणिमहेश यात्रा के आयोजन के दौरान अपने विभागों से संबंधित दायित्वों के सफल निर्वहन में प्रशिक्षण कार्यशाला में अर्जित अनुभव एवं ज्ञान का व्यावहारिक स्तर पर पूर्ण उपयोग सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने भारतीय सेना से सेवानिवृत अधिकारी कर्नल वीएन सुपनेकर को शाल-टोपी एवं जिला की उत्कृष्ट धातु-शिल्प कलाकृति चंबा थाल भेंट कर सम्मानित भी किया।

# जनहित कार्यों को तय सीमा में पूरा करने के लिए कार्ययोजना करें तैयार: डॉ. नीलम



त्रैमासिक बैठक में आगामी योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आज बचत भवन चंबा में आयोजित की गई जिसमें गत बैठक की समीक्षा की तथा आगामी योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने सभी विभागों के अधिकारियों से जनहित के विभिन्न कार्यों को तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना को तैयार करने को कहा। बैठक में 76 मदों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित बनाएं ताकि आम जनमानस की समस्याओं का समाधान त्वरित किया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने कुछ मदों पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित कार्रवाई कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

त्रैमासिक बैठक में राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण गारंटी अधिनियम के तहत विकासखंड चंबा की 69 योजनाओं के लिए 1 करोड़ 30 लाख की धनराशि के सेल्फ को अनुमोदन भी प्रदान किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहता उपस्थित रहीं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अमित मेहरा ने भी विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने और चरणबद्ध तरीके से कार्य को पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में कृषि उपज विपणन समिति के अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला परिषद हाकम सिंह, जिला विकास अधिकारी ओपी ठाकुर, खंड विकास अधिकारी रामनाथ सिंह चौहान, उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह, जिला योजना अधिकारी जीवन कुमार, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा व जिला परिषद सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मगनूई गांव के आशीष ने एलाइड सर्विस एग्जाम में पाई सफलता



एलाइड सर्विस एग्जाम पास करने पर मगनूई गांव के आशीष का स्वागत करते ग्रामीण।

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**भटियात।** चंबा जिले के ककीरा जरई पंचायत के छोटे से गांव मगनूई के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले आशीष पुत्र केवल सिंह ने हिमाचल प्रदेश एलाइड सर्विस एग्जाम 2024-25 में शानदार सफलता हासिल की है। आशीष ने इस परीक्षा में 31वीं रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट टैक्सेशन व एक्साइज ऑफिसर पद के लिए चयनित होकर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। बुधवार सुबह जैसे ही आशीष गांव पहुंचे, पूरे मगनूई गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। गांववासियों ने ढोल-नगाड़ों और फूलों से उनका भव्य स्वागत किया। माता शीला देवी ने बेटे पर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी, जबकि पिता केवल सिंह ने भावुक होकर बेटे को गले लगाया और कहा कि मुझे आज अपने बेटे पर गर्व है, जिसने कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया।

इस मौके पर पंचायत उपप्रधान संदीप थापा, पंचायत सदस्य और हिमाचल युवा शक्ति के अध्यक्ष संजय कपूर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आशीष को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# बिजली खंभे से करंट लगने से भैंस बेहोश ग्रामीणों में आक्रोश

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** ग्राम पंचायत शलेला बाड़ी के तहत आने वाले चिड़ोग गांव में बुधवार सुबह एक गंभीर घटना सामने आई, जहां एक भैंस बिजली के खंभे के संपर्क में आने से अचानक बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, भैंस खंभे के पास चर रही थी, तभी वह उसके संपर्क में आई और मौके पर ही अचेत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि भैंस करीब दो घंटे तक बेहोश रही, हालांकि बाद में होश में आ गई, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ बिजली के खंभों में करंट आ रहा है और यह कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। लोगों का यह भी है कि इस समस्या को पहले भी विद्युत विभाग के ध्यान में लाया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा, बुधवार सुबह से ही पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि पूरे क्षेत्र की बिजली लाइन की गहन जांच की जाए।

# कम वोल्टेज की समस्या को लेकर लोगों ने जिलाधीश से की शिकायत



डिबरी व गरूटा गांव के ग्रामीण उपायुक्त चंबा मुकेश को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत टपून के गांव डिबरी व गरूटा के ग्रामीणों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुँचकर जिलाधीश महोदय से मुलाकात की और अपने क्षेत्र में लंबे समय से चल रही कम वोल्टेज की गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों ने बताया कि इन गांवों में बिजली की वोल्टेज अत्यंत कम रहती है, जिससे न केवल बिजली से चलने वाले उपकरण जैसे पंखे, फ्रिज, इन्वर्टर व मोटर ठीक से काम नहीं करते, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और घर के जरूरी कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस अवसर पर जागृति महिला मंडल डिबरी की महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और जिलाधीश महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि गांव में जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए या नई लाइन बिछाई जाए ताकि वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी कई बार बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे मजबूर होकर उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

# आईटीआई चंबा में 85 उम्मीदवारों को अंतिम चयन के लिए किया शॉर्टलिस्ट

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**आईटीआई** चंबा में बहुप्रतिष्ठित कंपनी डेंसों हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बी वोकेशनल प्रोग्राम के अंतर्गत कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। जिसमें 2024 व 2025 वर्ष में पास होने वाले आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, टर्नर,मशीनिस्ट ट्रेड के 120 बच्चों ने हिस्सा लिया। सबसे पहले उपस्थित उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा ली गई। परीक्षा में पास हुए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें 85 उम्मीदवारों को अंतिम चयन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। अंतिम चयन सूची इसी हफ्ते जारी कर दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को जॉब के साथ-साथ तीन वर्ष की बी. वोकेशनल की स्नातक डिग्री हासिल करने का सुनहरा मौका है। पढ़ाई के साथ-साथ इनको प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाएगी,



चंबा में बी वोकेशनल प्रोग्राम के अंतर्गत कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया।

जिसके लिए इनको वजीफा भी मिलेगा। हर महीने वजीफे के रूप में 22,055 रुपए मिलेंगे। जिसमें इनके बैंक खाते में 18655 रुपए जमा होंगे। यूनिवर्सिटी की फीस का भी कंपनी द्वारा भी भुगतान किया जाएगा जो इनके वजीफे से काटा जाएगा। तीन वर्ष पूरा करने के बाद इनको टेस्ट पास करने पर कंपनी में रेगुलर होने का अवसर भी मिलेगा। कंपनी की तरफ से सीनियर एचओ केतन यादव, एचआर अनुज, एचआर कुंदन ने इस कैंपस ड्राइव का आयोजन किया।

# अनु चौहान व सुजाता भारद्वाज ने नचाए दर्शक

## जालपा हिडंबा माता का चार दिवसीय मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक जालपा हिडंबा माता का चार दिवसीय मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मेले के अंतिम दिन हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी। मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्या में प्रधान ग्राम पंचायत मैहला राधा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दिन के समय में आयोजित प्रतियोगिताओं में कंचे हुड़ु, दंगल, दिव्य खेल कौड़ी, लंबी कूद, ऊंची कूद व शतरंज जैसे खेल शामिल किए गए। इन खेलों में बच्चे नौजवानों, व बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवाई। प्रधान ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। प्रधान राधा ने कहा कि हेल्पिंग यूथ मैहला की जितनी प्रशंसा



जालपा हिडंबा माता मेले की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति, हमारी परम्परा, और एकता का प्रतीक होते हैं। हर संध्या में स्थानीय कलाकारों से कार्यक्रम का आगाज किया गया। वहीं स्थानीय गायिका अनु निशु चौहान के गानों पर पंडाल में जमकर लोग नाचे, अनु ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत साईं भजन से की, उसके बाद आ सामिया, मैंरिया केलंगा, जोते पीयूरा सीना, तुलसो, शिमलो, तेरा मेरा लग्न, आदि कई नॉन स्टॉप गीत गाकर दर्शकों को झुमाया।

वहीं कांगड़ा से आई गायिका सुजाता भारद्वाज ने भी एक के बाद एक गाने गाकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं हेल्पिंग यूथ मैहला ने सभी ग्रामवासियों, बाहर से आए लोगों का, बंदला, पंचायत के वासियों का इस चार दिवसीय मेले को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# पंडोह डैम में गाद ही गाद



**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** इस बरसात का पहला ही दिन प्रदेश के लिए बड़ी तबाही ले कर आया है। कुल्लू जिला के बहुत से नदी नाले अपने साथ धन संपदा और जान-माल लेकर सबसे ज्यादा भयंकर दिखाई दिए हैं।

जीन का पानी और गाद पंडोह डैम में साफ दिखाई दे रहा है। लकड़ी का मानों जाल सा बीछ गया है। पानी का रंग गंदला सा होने से मिट्टी ही मिट्टी अपने साथ बहा ले कर चल रहा है। पंडोह जलाशय में 33011 क्युसिस पानी आ रहा है जबकि सपेलवे से 28725 क्युसिस पानी छोड़ा जा रहा है। अधिशाषी अभियंता बीबीएमबी पंडोह चंद्र मणी शर्मा ने बताया कि यह पहली बरसात थी। जिसमें गाद ही गाद आई है। पानी पहले से बढ़ा जरुर है मगर ज्यादा नहीं है। इसलिए किसी को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। फिर भी ब्यास नदी के किनारे बसे लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। कभी भी पानी का फ्लो बढ़ सकता है।


### सूडोकु नवताल- 7472

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7471 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |


# चंबा जिले में 28 और 30 जून को लगेंगी राजस्व लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवसों को 'राजस्व लोक अदालत' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 और 30 जून को जिला चंबा की सभी तहसीलों एवं उप-तहसीलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में सहायक समाहर्ता प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर लंबित इंतकाल, भूमि की तकसीम, निशानदेही तथा अन्य राजस्व प्रविष्टियों से संबंधित मामलों का त्वरित समाधान करेंगे। इन लोक अदालतों का मुख्य उद्देश्य जनता को सरल, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, जिससे आम लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। चम्बा, पुखरी, साहो, भरमौर, होली, भटियात, सिहुंता, सलूणी, भलेई, तेलका, पांगी व डल्हौजी सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# बाड़ी स्कूल परिसर से दूर बने शौचालयों से बच्चों की सुरक्षा पर संकट: एसएमसी

**अनंत ज्ञान, हस्सदपुरा (चम्बा)।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाड़ी में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर चिंता सामने आई है। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने उपायुक्त चंबा को बुधवार को एक ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय परिसर में नए शौचालयों के निर्माण की मांग की है। एसएमसी सचिव देवी ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय के लिए बनाए गए शौचालय प्रांगण से करीब 200 से 300 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। इन शौचालयों तक पहुंचने के लिए बच्चों को आम रास्ता पार करना पड़ता है, जहां अक्सर घोड़े, मवेशी और अन्य जानवर घूमते रहते हैं। ऐसे में छोटे बच्चों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा बन चुका है और किसी अप्रिय घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह स्थिति न केवल बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से चिंता का विषय है, बल्कि इससे उनकी नियमित उपस्थिति और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है।

# आधार अपडेट व पंजीकरण को लेकर लगा शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बुधवार को ग्राम पंचायत पल्यूर में आधार कार्ड के नए पंजीकरण एवं अपडेट को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार बीर सिंह ने की। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि आधार कार्ड अब सरकारी योजनाओं, स्कूलों और अन्य सेवाओं में अनिवार्य हो गया है, ऐसे में बच्चों का आधार पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है।

बीर सिंह ने कहा कि भविष्य में उप-तहसील साहू अंतर्गत आने वाली अन्य पंचायतों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव श्यामलाल, स्थानीय स्कूलों के शिक्षक, ग्राम पंचायत प्रधान, उप-प्रधान तथा सभी वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आकार देने के लिए तेल से मालिश करें। आर्थिक तौर पर सुधार तय है।

**वृष:** जो धुंध आपके चारों तरफ छाई हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें।

**मिथुन:** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तंदुरुस्त बनाए रखेगा। आज आप इश्क की चाशनी जिंदगी में घुलती हुई महसूस करेंगे। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं।

**कर्क:** दोस्तों और परिवार के सदस्यों को आपकी जिंदगी भले ही बेहतरीन नजर आए, लेकिन हाल ही हुई किसी घटना के चलते आप अंदर-ही-अंदर खिन्न और उदास होंगे।

**सिंह:** बच्चे आपकी शाम को खुशी की चमक लाएंगे। थकाऊ और उबाऊ दिन को अलविदा कहने के लिए एक बढ़िया डिनर की योजना बनाएं। उनका साथ आपके शरीर में फिर से ऊर्जा भर देगा।

**कन्या:** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की गलती न करें। अपनी जिंदगी और सेहत का सम्मान करें।

**तुला:** कानूनी मामलों की वजह से तनाव मुमकिन है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें- निवेश करने में काफी सावधानी बरतें।

**वृश्चिक:** अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएं, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा।

**धनु:** मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते समय आपको हिम्मत और मजबूती दिखाने की जरूरत है। सकारात्मक रवैये के माध्यम से आप आसानी से इन बाधाओं को पार कर सकते हैं।

**मकर:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। अपने खर्चों पर काबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें।

**कुंभ:** पीने की आदत को अलविदा कहने के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। आपको समझना चाहिए कि शुरुआत की सबसे बड़ी दुश्मन है और यह आपकी क्षमताओं पर भी कुठाराघात करती है।

**मीन:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शांति प्रदान करेगा। रिश्तेदारों के यहां छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी।

# आज का पंचांग

वीरवार, 26 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वावसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** प्रतिपदा (01:27) **नक्षत्र** आर्द्रा (08:47), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** ध्रुव (11:40), अभिजित (11:55-12:51) **राहुकाल** (02:08-03:353)

**विशेष दिन**

- 26 जून 2025: गुप्त नवरात्र आज से होंगे प्रारंभ।
- 26 जून 2025: नशा निषेध दिवस आज।

# 12 शिक्षकों ने लिया जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षण

## अब चंबा के तिस्सा और पांगी के 90 सरकारी स्कूलों में करवाएंगे कार्यक्रम को लागू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**नीति** आयोग (भारत सरकार) के आकांक्षी खंड कार्यक्रम के अंतर्गत मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन एवं हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से चंबा जिले के दो आकांक्षी खंडों तिस्सा और पांगी के 90 सरकारी स्कूलों में जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन से जुड़े आवश्यक कौशलों से भी सुसज्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित किया जाएगा, जो उनके अंदर समस्या समाधान, निर्णय लेने की क्षमता, आत्म-प्रबंधन, रचनात्मकता,



आकांक्षी खंड कार्यक्रम के तहत जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक।

सहानुभूति, आत्म-जागरूकता, अनुकूलनशीलता, संवाद कौशल, सहयोग, वार्ता कौशल और आत्मविश्वासपूर्वक अभिव्यक्ति जैसे 11 प्रमुख जीवन कौशलों को विकास करेंगी। इन जीवन कौशलों से विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बन सकेंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिले से 12 शिक्षकों का चयन मास्टर ट्रेनर के रूप में किया गया, जिन्हें 9 से 13 जून तक सामेती, मशोबरा (शिमला) में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया, जिसमें शिक्षकों को विषयवस्तु, गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन प्रक्रियाओं की गहन जानकारी दी गई।

कल्हेल शैक्षणिक खंड से हिमांशु, मान सिंह, बलबीर सिंह और गोविंद, तिस्सा शैक्षणिक खंड से विनोद, कमलेश, संजीव और मनोज तथा पांगी शैक्षणिक खंड से गुरदित्त सिंह, बिट्टू राम, पंकज और विपिन कुमार ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ये सभी शिक्षक अब अपने-अपने खंडों में स्थित विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे कार्यक्रम का क्रियान्वयन ब्लॉक स्तर पर सुनिश्चित हो सकेगा।

यह कार्यक्रम मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन, नीति आयोग तथा शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।


अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, अनिता कुमारी** पुत्री आर्मी न. 14246655-L एक्स हव. मोहिन्द्र सिंह निवासी गांव स्पेहड़, डाकघर भराड़ू, तहसील जोगिन्द्र नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) 175015 ने अपना नाम बदलकर अनिता धरवाल किया है।

**शिक्षा** हर लड़के और लड़की का अधिकार है, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि का हो, उन्हें वंचित करना पशुवत व्यवहार के समान है। -द्रौपदी मुर्मू

## संपादकीय

# हक की लड़ाई

हिमाचल प्रदेश सरकार अब अपने अधिकारों के लिए पूरी मजबूती से खड़ी हो गई है। वर्षों से लंबित भाखड़ा-ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) से मिलने वाले एरियर के मसले को एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बेहद आक्रामक ढंग से उठाया है। उनका यह बयान कि बीबीएमबी हिमाचल के हिस्से के एरियर पर कुंडली मारकर बैठा है, न केवल हिमाचल की भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि राज्य की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए उठाया गया ठोस कदम भी है। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि हिमाचल प्रदेश को बीबीएमबी परियोजनाओं से 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी के अनुरूप एरियर और मुआवजा मिलना चाहिए। बावजूद इसके बीबीएमबी और संबंधित राज्य पंजाब और हरियाणा लगातार अड़ंगा डालते रहे हैं। यह मसला वर्ष 2011 से चला आ रहा है। लगभग 14 साल बीत चुके हैं, लेकिन हिमाचल को उसके हक का पैसा नहीं मिल पाया है। यह स्थिति तब और विडंबनापूर्ण हो जाती है जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने से भी इनकार कर दिया जाता है।

समय-समय पर कभी पंजाब तो कभी हरियाणा अलग-अलग तर्क देकर इस भुगतान को टालते रहे हैं। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर एक छोटा पहाड़ी राज्य कब तक अपने हक के लिए बड़े राज्यों के सामने गिड़गिड़ाता रहेगा? मुख्यमंत्री सुक्खू ने अब सीधे शब्दों में चेतावनी दे दी है कि यदि बीबीएमबी हिमाचल को उसका एरियर नहीं देता है, तो राज्य सरकार किशाऊ बांध परियोजना पर आगे कोई कदम नहीं बढ़ाएगी। यह परियोजना केवल हिमाचल के लिए ही नहीं, बल्कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे इन राज्यों को जल आपूर्ति सुनिश्चित होनी है। यह कदम हिमाचल की तरफ से एक रणनीतिक दांव है। यदि किशाऊ परियोजना पर काम रुकता है तो इसका प्रभाव सीधे-सीधे उन राज्यों पर पड़ेगा जो आज हिमाचल के हक को नजरअंदाज कर रहे हैं।

सीएम सुक्खू ने खुलासा किया कि हिमाचल में एनएचपीसी, एनटीपीसी और एसजेवीएनएल जैसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम राज्य को अपने प्रोजेक्ट्स से 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली दे रहे हैं, लेकिन बीबीएमबी, जो कि भाखड़ा और ब्यास नदियों के जल संसाधनों से संचालित होता है, न तो मुफ्त बिजली दे रहा है और न ही एरियर। यह सीधे-सीधे अन्याय है। सोचने वाली बात यह है कि जब अन्य केंद्रीय उपक्रम नियमों का पालन करते हुए हिमाचल को उसका हक दे रहे हैं, तो बीबीएमबी को यह छूट क्यों दी जा रही है? यह मसला सिर्फ बीबीएमबी तक सीमित नहीं है। मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में स्थित शानन परियोजना, जिसकी लीज मार्च 2024 में समाप्त हो चुकी है, आज भी पंजाब के कब्जे में है। इस प्रोजेक्ट से पंजाब ने बीते 99 सालों में बेतहाशा बिजली उत्पादन कर मोटा मुनाफा कमाया है।

यह विवाद पंजाब पुनर्गठन अधिनियम से संबंधित नहीं है। मंडी जिला कभी भी पंजाब का हिस्सा नहीं रहा। इसलिए शानन प्रोजेक्ट की स्वामित्व की बात पूरी तरह हिमाचल के पक्ष में जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने भी हरियाणा के इस प्रोजेक्ट पर किए गए दावे को खारिज कर दिया था। इसके बावजूद पंजाब इसे हिमाचल को सौंपने में आनाकानी कर रहा है। हिमाचल सदैव पंजाब और हरियाणा को बड़ा भाई मानता रहा है। दोनों राज्यों के साथ हिमाचल का सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ता रहा है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाईचारे की इस भावना का व्यावसायिक और राजनीतिक लाभ उठाकर हिमाचल के हकों को नजरअंदाज किया जा रहा है। पानी, जो हिमाचल की नदियों से बहकर पंजाब और हरियाणा में पहुंचता है, वही पानी बिजली बनाकर इन राज्यों को करोड़ों का राजस्व देता है।

मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने इस मसले को केंद्र सरकार के सामने भी मजबूती से उठाया है। हिमाचल सरकार का साफ कहना है कि अगर केंद्र ने इसमें त्वरित हस्तक्षेप नहीं किया, तो राज्य सरकार किशाऊ समेत अन्य जल परियोजनाओं पर अपनी नीति को सख्त कर देगी। इससे न केवल पंजाब और हरियाणा, बल्कि दिल्ली और राजस्थान जैसे राज्यों पर भी दबाव पड़ेगा, जो इन परियोजनाओं पर निर्भर हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू का यह आक्रामक रुख निश्चित रूप से सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। यह केवल हिमाचल के आर्थिक हितों का मामला नहीं है, बल्कि यह राज्य के सम्मान और स्वाभिमान का प्रश्न बन गया है। यह भी स्पष्ट है कि हिमाचल अब किसी भी कीमत पर अपने हकों से समझौता नहीं करेगा। यह लड़ाई सिर्फ पैसे की नहीं, बल्कि न्याय की है। हिमाचल का पानी, उसकी जमीन और उसके प्राकृतिक संसाधन राज्य के लोगों की संपत्ति हैं। यदि हिमाचल के हिस्से का एरियर और संपत्ति नहीं मिलती है तो राज्य सरकार का सख्त रुख पूरी तरह जायज है। आने वाले महीने खासकर सुप्रीम कोर्ट में जुलाई में होने वाली सुनवाई इस लड़ाई में निर्णायक साबित हो सकती है। समय आ गया है कि हिमाचल अपने हक की लड़ाई में आखिरी दम तक डटा रहे और देश को यह दिखा दे कि एक छोटा पहाड़ी राज्य भी बड़े-बड़े ताकतवर राज्यों के सामने अपने अधिकार के लिए खड़ा हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### केंद्र में शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री

**धर्मेंद्र** देबेंद्र प्रधान भारत सरकार में वर्तमान 'शिक्षा मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री' हैं। इससे पहले वह 'पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्रालय' के कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे, किंतु 7 जुलाई, 2021 को मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार और फेरबदल के बाद उन्हें शिक्षा मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री बनाया गया है। धर्मेंद्र प्रधान को 3 सितंबर, 2017 को कैबिनेट मंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया था। संसद सदस्य के रूप में वह राज्यसभा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं और इससे पहले 14वीं लोकसभा के सदस्य थे। धर्मेंद्र प्रधान का जन्म को ओडिशा के तालचेर शहर में हुआ था। उन्होंने ओडिशा में बीजू पटनायक के गढ़ में बीजेपी के पैर जमाने में अहम भूमिका निभाई। पूर्व केंद्रीय भूतल परिवहन राज्य मंत्री देबेंद्र प्रधान के पुत्र धर्मेंद्र प्रधान ने नरेंद्र मोदी सरकार की घरेलू रसोई गैस उपलब्ध कराने की सबसे बड़ी सामाजिक पहल 'उज्वला' को आगे बढ़ाया। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में गरीब महिलाओं को रसोई गैस का कनेक्शन निशुल्क उपलब्ध कराया गया। ■



धर्मेंद्र देबेंद्र प्रधान
जन्म : 26 जून, 1969



कविता

## चलो फिर से प्रेम बोएं

अशोक सिंह गुलेरिया, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

*धधक रहे हैं नगर-नगर, जल रही है जमीं,*
*चीखती मासूम आंखें, कांप रही हैं छतें कहीं।*
*बारूदों की आग से, रिश्ते हुए हैं राख,*
*इंसानियत सिसक रही है, टुकड़ों में है सांस।*
*आओ, अब भी वक्त है—जख्मों को सी लें,*
*बंदूकें रखकर धरती पर, फूलों सा जी लें।*
*तोपों की भाषा थमे, बोलें दिल की बात,*
*जले दीपक प्रेम का, नफरत को जो दे मात।*
*मां का आंचल सूख न जाए, बचपन फिर मुस्काए,*
*सीमाओं से न लौटें शव, जीवन गीत सुनाए।*
*रंग न बहे खून का अब, हो प्रेम की धार,*
*एक नया सवेरा आए—बिना भय, बिना तकरार।*
*इस धरती को मंदिर समझें, हर दिल को धड़कन,*
*युद्ध नहीं, अब प्रेम हो—हर पल, हर क्षण।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अतुल्य, अजेय भारत: मोदी युग ने दिया पर्यटन को नया स्वरूप

पिछले दशक में, भारत की पवित्र भूमि को सिर्फ देखा ही नहीं गया है, बल्कि इसे फिर से खोजा गया है। पहाड़ अब सिर्फ परिदृश्य नहीं रह गए हैं। वे जीवित अभयारण्य हैं। केदारनाथ और बद्रीनाथ के बर्फ से ढके मंदिरों से लेकर बोधगया की ध्यानपूर्ण शांति और सारनाथ की सुनहरी नीरवता तक, भारत की आध्यात्मिक आत्मा ने एक-एक तीर्थयात्री की भावना को उद्वेलित किया है। इस युग में पर्यटन, विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) के जरिए नहीं, बल्कि भक्ति, स्मृति और फिर से जुड़ने की सभ्यतागत प्रेरणा के जरिए तैयार किया गया था।



लेखक : गजेंद्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री

2014 और 2024 के बीच, इस आध्यात्मिक जागृति ने देश के सांस्कृतिक मानचित्र को नया स्वरूप दिया। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी का प्रतीक था, फीनिक्स की तरह उभरा-2024 में यहां 16 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री आए, जबकि एक दशक पहले यह संख्या केवल 40,000 थी। उज्जैन को महाकाल के शहर के रूप में पुनर्जीवित किया गया, इसने 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों का स्वागत किया।

प्रकाश और पवित्रता में पुनर्जन्म लेने वाली काशी ने 11 करोड़ लोगों को अपनी पवित्र गलियों में भ्रमण करते देखा। बोधगया और सारनाथ की गूंज कई महाद्वीपों में सुनाई दी, दोनों तीर्थस्थलों ने 2023 में 30 लाख से ज्यादा साधकों को आकर्षित किया और फिर एक ऐसा क्षण आया, जो आंकड़ों से पार चला गया—जनवरी 2024 में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा। यह कोई उद्घाटन नहीं था, यह सभ्यता की धड़कन का जीर्णोद्धार था। महज छह महीनों में, 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आगमन हुआ—न सिर्फ देखने के लिए, बल्कि इससे जुड़ने के लिए। लगभग इतना ही ऐतिहासिक था, महाकुंभ 2025, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम था, जिसमें 65 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्री आस्था और उत्कृष्टता के संगम पर पहुंचे। अयोध्या और प्रयागराज, साथ मिलकर, भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दो



प्रकाश स्तंभ बन गए। यह पर्यटन नहीं था—यह घर वापसी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस वापसी को आकार, अवसंरचना और आत्मा दी गई। अब पर्यटन एक जांच सूची (चेकलिस्ट)-संचालित उद्योग नहीं रहा, बल्कि पवित्र 'स्व' को फिर से खोजने का एक राष्ट्रीय मिशन बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मंत्र- भारत में विवाह करें, भारत की यात्रा करें, भारत में निवेश करें- ने पर्यटन को एक सांस्कृतिक आह्वान में बदल दिया। मोदी सरकार ने प्रारंभ से ही पर्यटन को राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ताकत के रूप में देखा है। स्वदेश दर्शन और इसके उन्नत रूप, स्वदेश दर्शन 2.0 के माध्यम से, पर्यटन मंत्रालय ने रामायण, बौद्ध, तटीय और आदिवासी जैसे विषयगत सर्किट के तहत 110 परियोजनाएं विकसित कीं। 2014-15 में शुरू की गई मूल योजना में कुल 5,287.90 करोड़ रुपए की लागत से 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्वदेश दर्शन 2.0 में, स्थायी गंतव्यों को विकसित करने के लिए 2,106.44 करोड़ रुपए के साथ 52 परियोजनाएं जोड़ीं गईं।

चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) उपयोजना के तहत, 623.13 करोड़ रुपए की 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जबकि एसएएससीआई योजना के अंतर्गत राज्य के नेतृत्व में पर्यटन अवसंरचना के विस्तार के लिए 3,295.76 करोड़ रुपए की 40 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही, प्रसाद योजना के जरिए उन्नत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता के साथ 100 तीर्थ शहरों को पुनर्जीवित किया गया। इन प्रयासों से भारत में 2023 में 250 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की यात्रा दर्ज की गई-जो अब तक का सबसे अधिक है। 2024-25 के केंद्रीय बजट में एक ऐतिहासिक घोषणा के तहत 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, उन्हें निवेश और वित्तपोषण को आसान बनाने के लिए अवसंरचना सामंजस्य मास्टर सूची (आईएचएमएल) में जोड़ा गया। पुनरुद्धार केवल पवित्र स्थानों तक सीमित नहीं था। इसके चारों ओर ईको-टूरिज्म पार्क, टेंट सिटी और आदिवासी संग्रहालय विकसित हुए हैं-जो सम्मान को अवसर में बदल रहे हैं।

भारत का सभ्यतागत आत्मविश्वास इसकी कूटनीति में परिलक्षित होने लगा। फ्रांस, जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के राजनेताओं का, न केवल दिल्ली में, बल्कि वाराणसी, उदयपुर, अयोध्या और महाबलीपुरम में भी स्वागत हुआ। सॉफ्ट पावर अब सॉफ्ट नहीं रही-यह 3डी अनुभव हो गई। रिवर क्रूज, दीपोत्सव, आध्यात्मिक भ्रमण और सांस्कृतिक प्रदर्शन ने राजकौशल को आत्मा के शिल्प में बदल दिया। इस बीच, अतुल्य भारत 2.0 ने देश को स्मारकों की भूमि से बदलकर बदलाव की भूमि बना दिया। ऋषिकेश में योग, केरल में आयुर्वेद, पूर्वोत्तर में जनजातीय त्योहार और कच्छ में शिल्प ने पर्यटन इकोसिस्टम को जीवंत व विशिष्ट स्थान प्रदान किया।

विपणन को अब स्मृति से अलग करना मुश्किल था। इस नए भारत में, पर्यटन मौसमी नहीं है-यह सभ्यतागत है। यह वह स्थल है, जहां दर्शन का विकास से, जहां तीर्थयात्रा का प्रगति से और जहां त्योहार का अवसंरचना से मिलन होता है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने दुनिया का सिर्फ स्वागत नहीं किया - बल्कि उसे गले लगाया। जैसे भिक्षु बोधि वृक्ष की परिक्रमा करते हैं, जैसे तीर्थयात्री केदारनाथ की ठंडी हवा में मंत्रोच्चार करते हैं, जैसे दुल्हनें महलनुमा गुंबदों के नीचे विवाह करती हैं और जैसे सीमावर्ती गांव उत्सुक यात्रियों की मेजबानी करते हैं, एक सच्चाई हर पवित्र मार्ग और शांत गलियारे में गूंजती है। भारत केवल एक गंतव्य नहीं है, जहां की आप यात्रा करते हैं- यह एक ऐसा देश है, जहां आप कुछ शाश्वत की तलाश में बार-बार वापस आते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# नशे के विरुद्ध हर दिन एक संकल्प, हर पल एक प्रहार

आज के आधुनिक युग में जहां एक ओर भारत विकास के नित नए आयाम छू रहा है, वहीं दूसरी ओर नशाखोरी नाम का एक अदृश्य दानव हमारी जड़ों को खोखला कर रहा है यह एक ऐसी महामारी है जो हमारे समाज, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी और बच्चों के भविष्य को लील रही है।



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी (हमीरपुर)

हर वर्ष 26 जून को 'अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी निरोध दिवस' मनाया जाता है। कार्यक्रम होते हैं, भाषण दिए जाते हैं, शपथ दिलाई जाती है, लेकिन क्या सिर्फ एक दिन की जागरूकता और औपचारिकता उस जहर को खत्म कर सकती है, जो हमारे बच्चों की नसों में उतर रहा है? क्या एक दिन का उपदेश उस अंधेरे को मिटा सकता है जो नशे के रूप में युवाओं की चेतना पर छा रहा है? यह प्रश्न आज समाज के हर प्रबुद्ध नागरिक के लिए विचारणीय है। हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, अपनी शांत वादियां, पवित्र नदियां और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। यहां के लोग सीधे-सादे और मेहनती माने जाते हैं। ऐसे राज्य में यह कल्पना करना भी कठिन होता है कि नशा इतनी तेजी से अपनी जड़ें जमा चुका है, लेकिन वास्तविकता बेहद कड़वी है। आए दिन ऐसे समाचार मिलते हैं कि स्कूलों के बच्चे, महज 12-13 साल की उम्र के किशोर, नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। यह केवल शहरी क्षेत्रों की समस्या नहीं है, बल्कि ग्रामीण अंचल भी इससे अछूते नहीं रहे।

आंकड़े बता रहे हैं कि कुल्लू, कांगड़ा, मंडी, ऊना और सोलन जैसे जिलों में स्कूली विद्यार्थियों में चरस, स्मैक, अफीम, हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। यह




प्रवृत्ति न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को चौपट कर रही है, बल्कि उन्हें अपराध की दुनिया की ओर भी धकेल रही है। बच्चों और किशोरों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे कई गहरे और जटिल कारण हैं। आज के आधुनिक परिवारों में माता-पिता अक्सर अपने करियर और व्यस्त जीवनशैली में इतने उलझ जाते हैं कि वे बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। भावनात्मक जरूरतों की अनदेखी होती है और बच्चे अपने मन की बात कहने में झिझक महसूस करते हैं। यह संवादहीनता उन्हें अकेला महसूस कराती है और वे बाहरी दुनिया में सहारा खोजने लगते हैं। इंटरनेट, सोशल मीडिया, फिल्में, म्यूजिक वीडियो और वेब सीरीज ने नशे को 'कूल' और 'स्टाइलिश' बनाकर परोसा है।

इन माध्यमों पर नशे को ग्लैमरस दिखाना किशोरों को यह भ्रम देता है कि यह आधुनिकता की पहचान है। वे अपने पसंदीदा सितारों या ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स की नकल करने की होड़ में अपना भविष्य खो बैठते हैं। किशोरावस्था एक ऐसा दौर होता है जहां बच्चे अपने दोस्तों से अत्यधिक प्रभावित होते हैं। गलत संगति में पड़कर या दोस्तों के समूह में अपनी पहचान बनाने के लिए वे नशे का सेवन शुरू कर देते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा न करने पर वे समूह से अलग-थलग पड़ जाएंगे। कुछ बच्चे केवल जिज्ञासावश या रोमांच की तलाश में नशे को आजमाते हैं। यदि हम आज नहीं जागे, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल की वादियां, जो देवभूमि के नाम से जानी जाती हैं, नशे के अंधकार में खो जाएंगी। इसलिए, अब केवल दिवस मनाना पर्याप्त नहीं। अब हर दिन को एक संकल्प बनाना होगा। हर नागरिक को प्रहरी बनकर खड़ा होना होगा, क्योंकि यह लड़ाई हमारी आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व की है और इसमें कोई भी चूक भविष्य के लिए सबसे बड़ी कीमत बन सकती है। यह लड़ाई अब औपचारिकताओं की नहीं, संकल्प और सतर्कता की होनी चाहिए। हम सबको यह स्वीकार करना होगा कि यदि आज की पीढ़ी को बचाना है, तो कल का इंतजार नहीं कर सकते। अब वक्त है कि दिवस के मंच से उतरकर हम जमीन पर उतरें और हर घर, हर गली, हर विद्यालय, हर हृदय तक यह संदेश पहुंचे कि नशे के खिलाफ आवाज उठाना केवल सरकार का नहीं, हम सबका धर्म है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

'**सुभांशु** शुक्ला की अंतरिक्ष उड़ान' बुधवार को भारतीय समय के अनुसार जैसे ही दिन के बारह बजकर एक मिनट हुए, भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन, एक हिंदुस्तानी सुभांशु शुक्ला ने मानव इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया। नासा और विश्व के अन्य वैज्ञानिकों को साथ लेकर सुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष के लिए सफल उड़ान आरंभ कर दी। भारतीय वायुसेना के स्क्वाडर्न लीडर राकेश शर्मा जी के पश्चात अंतरिक्ष को छूने, पहुंचने वाले वो दूसरे भारतीय नागरिक बन गए। यहां सभी को यह विदित होना भी अनिवार्य है कि इस स्पेस मिशन में हमारे भारत का भी 550 करोड़ से अधिक रुपए का सहयोग, अनुदान और खर्च रहा है। संपूर्ण मानवता की ओर से सुभांशु शुक्ला और उनकी सारी टीम के संपूर्ण अंतरिक्ष कार्यक्रम की संपूर्ण सफलता के लिए हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं।

**मुमुक्षु के. ठाकुर**
**मोहल्ला-ओबड़ी, चंबा, ( हि. प्र. )**

# भविष्य में फिर कभी न लौट पाएं वो इंदिरा वाले 'काले दिन'

25 जून, 1975 को देश में लगी आपातस्थिति को आज 50 वर्ष हो गए हैं, लेकिन उन काले दिनों की याद आज भी मन मस्तिक पर वैसे ही ताजा है। उस दौर में श्री जय प्रकाष नारायण का आंदोलन अपनी चरम सीमा पर था। इसी दौरान 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने श्रीमति इंदिरा गांधी का 1971 का लोकसभा चुनाव रद्द कर दिया था। इस कारण उनके त्याग पत्र की मांग निरंतर ताकत पकड़ रही थी, परंतु श्रीमति इंदिरा गांधी ने त्याग पत्र देने के बजाय 25 जून की रात को देश में आपातस्थिति ही लागू कर दी। 26 जून प्रात: सभी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां शुरू हो गई थी। अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मौराजी भाई देसाई, चौधरी चरण सिंह, चौधरी देवी लाल सभी नेता मीसा में बंद कर दिए गए थे।



लेखक : शांति गौतम
स्वतंत्र लेखक

तानाशाही और निरंकुशता केवल अपना स्वार्थ देखती है उसके सामने विचारधारा आदि का कोई महत्व नहीं है। इसी को प्रामाणित करते हुए, इंदिरा गांधी ने न केवल विपक्षी, अपितु अपनी पार्टी के भी बड़े वरिष्ठ नेताओं को, जिसमें चंद्रशेखर, कृष्णकांत भी शामिल थे, को जेल में डाल दिया था। जिन लोगों को जेल में डाला गया उनमें से भारी संख्या में लोगों की नौकरियों चली गई, कारोबार बंद हो गए तथा कई परिवारों को भूखे मरने की नौबत आ गई थी, लेकिन इसके वावजूद सभी ने पूरी हिम्मत एवं साहस से इसका मुकाबला किया। उस दौरान सभी मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे तथा राजनीतिक कैदियों को जेल से न्यायालय में लाकर पेश करने के बजाय जजों को ही जेल में जाकर वहीं पर अदालत लगाने के आदेश दिए गए थे। पुलिस और सरकार पूरी तरह से निरंकुश हो गई थी तथा किसी को भी कभी भी, कहीं से भी और कोई भी झूठा केस बनाकर जेल में डाल देती थी तथा ऐसे सभी बंदियों की जमानत पर कानूनी तौर से प्रतिबंध भी लगा दिया गया था।

आपातस्थिति लगाने के लगभग 6 महीने बाद आरएसएस, विपक्षी नेताओं, जनसंघ आदि सभी गैर कांग्रेसी संस्थाओं ने जिनका आपातस्थिति के विरुद्ध आंदोलन प्रारंभ किया, जिनमें हजारों लोगों ने अपनी गिरफ्तारियां देकर देश की प्रधानमंत्री की तानाशाही को चुनौती दी। वह काले दिन बहुत ही डरावनें थे। रिश्तेदार, सगे-संबंधी, मित्र सभी मिलने से डरते थे। हर तरफ भय और आतंक का माहौल था। रेडियो पर सेंसर लगा था जिस कारण लोगों को छुप-छुप के बीबीसी के समाचार सुनने पर ही कुछ जानकारी मिलती थी। सारा देश एक खुली जेल की तरह हो गया था, जहां आतंक, क्रूरता एवं तानाशाही का माहौल था।



हर व्यक्ति पर पुलिस का खौफ था। एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि देश में अब लोकतंत्र कभी लौट के नहीं आएगा तथा एक व्यक्ति की तानाशाही ही अब आगे चलेगी। कई बार जेल में सोचते थे कि शायद जेलों से जीवित बाहर आ भी पाएंगे या नहीं। इंदिरा ने जब संसद का अधिवेशन आपातस्थिति को पास करने के लिए बुलाया, तो यह इतिहास में पहला और आखिरी अवसर था कि संसद में सभी विपक्षी बेंच खाली पड़े थे, बस इमर्जेंसी में सरकार का साथ देने वाली पार्टियों के सांसद ही सदन में उपस्थित थे। वह भी शायद पहली बार था कि गांधी ने बिना मंत्रिमंडल की स्वीकृति के राष्ट्रपति के पास आपातस्थिति लगाने की सिफारिश की थी जिसे तब के राष्ट्रपति फखरूदीन अली अहमद ने इस असंवैधानिक प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया था। कैबिनेट को इसकी सूचना अगली सुबह दी गई थी, परंतु सत्ता के नशे में डूबी इंदिरा गांधी ने अचानक जनवरी, 1977 में यह सोचा कि अब उनके मुकाबले कोई पार्टी या नेता नहीं टिक पाएगा तथा आपातस्थिति के विरुद्ध जोर पकड़ रहे आंदोलन, विदेशों का दबाव तथा विपक्ष को एक और झटका देने के उदेश्य से चुनाव करवाने का निर्णय किया और चुनाव की घोषणा होते ही जनता के धैर्य का बांध टूट पड़ा और लोग खुलकर इंदिरा गांधी के विरुद्ध लामबंद हो गए। जयप्रकाश नारायण द्वारा दिया गया नारा ''कांग्रेस को गया एक-एक वोट हाथ की हथकड़ी तथा पांव की बेड़ी साबित होगा'' ने रामबाण का काम किया। चुनाव में इंदिरा जी एवं कांग्रेस बुरी तरह चुनाव हार गए।

1977 में लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद ही देश से आपातस्थिति हटाई गई थी। जब इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव हारने के बाद त्याग पत्र लेकर तब के राष्ट्रपति श्री बीडी जती के पास गई तो जती ने उन्हें सलाह दी कि वह त्याग पत्र से पहले आपातस्थिति वापस ले लें अन्यथा नई सरकार उसी आपातस्थिति में बने कानूनों को इंदिरा गांधी के विरुद्ध इस्तेमाल कर सकती है। इस पर इंदिरा गांधी की ही सिफारिश पर राष्ट्रपति ने नई सरकार बनने से पहले ही आपातस्थिति हटा दी। आज भी वो काले दिन याद करके मन कांप उठता है, परंतु भारत की जनता में इतनी ताकत है और भारत का लोकतंत्र इतना मजबूत है कि किसी भी बड़े से बड़े संकट से बाहर आ सकता है। आज सारे देष को यह प्रण करने का दिन है कि कोई भी तानाशाह भविष्य में आपातस्थिति लागू करने की तो दूर, परंतु इसे लागू करने सोच भी न सके। 'फिर कभी न लौट पाएं वो काले दिन'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# काश ! हम देश की एकता के कार्यों में भी एकजुटता दिखा पाते

आज एक ऐसे गंभीर विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे, जो कि किसी भी तर्क से देशहित में नहीं माना जाता, वह गंभीर और चिंतनीय विषय है हमारे देश के विभिन्न धर्मों में कट्टरतावादिता एवं राजनीतिक महत्वाकांक्षा जिस कट्टरतावादी सोच के कारण हमारे देश में समय-समय पर अनेक दंगे फसाद और अमन शांति भरे देश एवं प्रदेश के वातावरण को खंडित करने का प्रयास किया जाता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिस अशांति के पीछे अनेक कारण बताएं जाते हैं, तो वहीं इसमें भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि धार्मिक कट्टरता सिर्फ, इसलिए फैलाई जाती है कि कुछ लोगों की (सियासत चमक सके कुछ की सत्ता बरकरार रहे) और फिर लोग बाकी सवाल न कर सकें, धार्मिक दुकानदारी चल सके, नफरत के बीज बोकर जहर की फसल काटी जा सके। ऐसे अनेक उदाहरण देशभर में देखने एवं सुनने को मिलते हैं।

इन सभी धार्मिक कट्टरवादिता और राजनीतिक लाभ के लिए समय-समय पर देश व प्रदेश की अमन शांति खतरे में पड़ जाती है। यहां देखने एवं समझने



वाला विषय यह भी है कि अगर किसी भी क्षेत्र में जनहित के लिए सरकार एवं प्रशासन के समक्ष आवाज बुलंद करनी पड़े, तो ऐसे गंभीर और सामूहिक कार्यों के लिए जनता की भागीदारी बहुत कम देखने एवं सुनने को मिलती हैं।

जिन जनहित के कार्यों के लिए हम सभी को राजनीति से ऊपर उठकर जनहित में आवाज बुलंद करनी चाहिए, तभी संभव है कि हम अपने क्षेत्र समाज की मूलभूत और विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने के लिए सफल हो सकते हैं, तो वहीं दूसरी ओर अगर किसी भी धर्म की कट्टरवादिता सोच और राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बात कि जाएं तो ऐसे स्थानों पर कुछ ही समय में सैकड़ों एवं हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट जाती है।

जिस भीड़ के जुट जाने पर यकीनन क्षेत्र में तनाव और चर्चा का विषय बन जाता है। इस प्रकार आज विभिन्न धर्मों के सभी शिक्षित और जागरूक युवाओं को इस गंभीर विषय में आत्मचिंतन और विश्लेषण करने का विषय है, जिस प्रकार हम आपके विभिन्न क्षेत्रों में अनेक समस्याए देखने को मिलती हैं। हमारे प्रयास होने चाहिए कि हम धार्मिक कट्टरवादिता और राजनीतिक महत्वाकांक्षा से दूर होकर सामाजिक कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए भी एकजुटता का परिचय दे ऐसी उम्मीद और विश्वास करते हैं।

बुद्धिजीवियों के अनुसार धार्मिक कट्टरवाद और राजनीतिक महत्वाकांक्षा का संबंध एक जटिल और अक्सर विवादास्पद विषय है। धार्मिक कट्टरवाद, जो किसी धर्म के सिद्धांतों को कठोरता से पालन करने और आधुनिक मूल्यों को अस्वीकार करने की विशेषता है, का उपयोग अक्सर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। राजनीतिक महत्वाकांक्षा, जो सत्ता हासिल करने या बनाए रखने की इच्छा है, धार्मिक कट्टरवाद को बढ़ावा दे सकती है या उसका फायदा उठा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पाड़छु पुल गिरने के विरोध में मौर्थ और प्रशासन के खिलाफ गरजी किसान सभा

## गावर व सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधकों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा ने भारी बारिश के बीच राष्ट्रीय उच्च मार्ग-03 पर गासियां खड्ड में निर्माणाधीन पाड़छु पुल गिरने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। सभा ने गावर व सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधकों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए मौर्थ और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभा ने आरोप लगाया कि कंपनी ने खड्ड में बिना अनुमति अवैध डंपिंग कर पुल निर्माण किया, जिससे जलभराव हुआ व गासियां माता मंदिर व मोक्षधाम जलमग्न हो गए। भूपेंद्र सिंह ने आपदा प्रबंधन टीम की तैनाती और दोषी कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सभा ने चेताया कि अगर 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई, तो 5 जुलाई के बाद एसडीएम कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। एडीएम ने 24 घंटे में पानी निकासी का चैनल बनाने व 10 दिन में मलबा हटाने के आदेश दिए, अन्यथा एफआईआर की चेतावनी दी।



निर्माणाधीन पाड़छु पुल गिरने के विरोध में किसान सभा के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

### भराड़ी में एडीएम मंडी को सौंपा मांग पत्र

**एडीएम** मंडी मदन कुमार को भराड़ी रेस्ट हाउस में मांगपत्र सौंपा गया, जिसमें हुक्कल स्कूल की गिरी सुरक्षा दीवार, अवैध डंपिंग हटाने, चोलथरा बाजार की सड़क बहाली, पाड़छु पुल के दोनों ओर सड़क निर्माण, नालियां बनाने और रियूर की ओबीसी/एससी बस्तियों की सुरक्षा की मांगें शामिल थीं।

# एसपी और एडीएम ने ध्वस्त पुल का किया निरीक्षण



पाड़छु पुल का निरीक्षण करते हुए एसपी साक्षी वर्मा व एडीएम डॉ. मदन कुमार।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**पुलिस** अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन लाल ने बुधवार को पाड़छु पुल के समीप जलभराव के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।

डॉ. मदन कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी को 24 घंटे के भीतर पानी और मलबे की स्थायी निकासी का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान राहत कार्यों में प्रयुक्त मशीनरी की संख्या में बढ़ोतरी करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि कार्य में और तेजी लाई जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मलबे का निष्पादन निर्धारित डंपिंग साइट पर ही किया जाए।

## 10 दिन से पहले नहीं हट पाएगी खड्ड में डंप मिट्टी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**आखिरकार** डेढ़ दिन बाद इंजीनियरों द्वारा सुझाई गई। तकनीक के चलते ही पाड़छु में डंप की गई मिट्टी से बनी झील का पानी सफलता पूर्वक निकाल दिया गया है। देर रात तक हाइड्रा जेसीबी पोकलेन द्वारा खुदाई के बाद इस डर से काम रोक दिया था कि कहीं करोड़ों क्यूबिक मीटर भरे इस पानी के एकदम निकलने से तबाही न मच जाए। तभी न की साइट इंजीनियर अंकित ने पल के भारी भरकम गर्डर को नीचे गिराने का फैसला लिया ताकि मिट्टी से पहले पानी गर्डर से टकराए यही तकनीक काम कर गई और सुबह 10 बजे तक सारा पानी निकल गया।

**इंजीनियरों की तकनीक से निकला पाड़छु डैम का पानी**

इस बीच कोई भी मुश्किल ना हो इसके लिए पूरी रात तहसीलदार मनीष, पटवारी साइट पर डटे रहे। एसडीएम स्वाति डोगरा ने बताया कृति सूट पानी का भरा हुआ था अधिकतर पानी निकल गया है। मंदिर पंप हाउस शमशान घाट सभी मलबे से बाहर निकल गए हैं। अब कंपनी को मड पंप मंगवाने का आदेश दिया है। कंपनी को 3 दिन के भीतर मिट्टी हटाने के आदेश दिए थे परंतु कंपनी ने इसमें असमर्थता जताई और 10 दिन में तमाम मिट्टी हटाने के आदेश माने हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 518 एनसीसी कैडेट्स सीखेंगे हथियार चलाना

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में लगातार एनसीसी कैंप का आयोजन हो रहा है। बुधवार को 2 एचपी बीएन एनसीसी मंडी, एटीसी-199 का विधिवत शुभारंभ कर्नल सुनील बह्ल, वीएसएम द्वारा किया गया। उन्होंने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि देश के रक्षक तुम्हीं हो। इसलिए नियमों के साथ जीना सिखना होगा। जरुरत पड़ने पर हथियार उचित का इस्तेमाल करना भी सिखना होगा। ये सब बारिकियाँ, ज्ञान और व्यवहारिक उपयोग 10 दिनों के इस कैम्प में सिखाया जाएगा। कैंप में एनसीसी कैडेट्स को शारीरिक, ड्रील एवं हथियार चलाने की ट्रेनिंग बेसीक ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कैम्प में कुल 518 एनसीसी केडट्स हिस्सा ले रहे है। कैंप में रक्त दान शिविर के साथ-साथ डेंटल चेकअप शिविर विशेष रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कैडेट्स के साथ-साथ स्थानीय लोग भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं।

### महाजन बाजार में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक, मंडी नरेश ठाकुर ने बताया कि 27 जून को 11 केवी जेल रोड एचटी लाइन के आस-पास पेड़ों की कांट-छांट का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत 27 जून को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक पैलेस, लोक निर्माण विभाग कार्यालय, ड्राईट, सुहड़ा मुहल्ला, रवि नगर, महाजन बाजार, कुसुम थियेटर तथा आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने की सूरत में यह कार्य अगले दिन किया जायेगा।

### विद्युत उपभोक्ता 10 से पहले करें केवाईसी

**अनंत ज्ञान, पधर।** सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने आज यहां बताया कि विद्युत उप मंडल पधर के अन्तर्गत आने वाले घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने की केवाईसी प्रक्रिया के लिए अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी केवाईसी विद्युत उपमंडल पधर कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कभी भी करवा सकते हैं।

### शहीद भरत राम के स्कूल नामकरण पर खुशी

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** शहीद भरत राम के नाम पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलाहोटा के नामकरण पर स्कूल की प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ ने खुशी जताई। इस संबंध में प्रधानाचार्य किरण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल का नामकरण शहीद भरत राम के नाम पर होने का पत्र विभाग की तरफ से प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ व बच्चों ने पलाहोटा पंचायत से संबंध रखने वाले शहीद भरत राम को नमन कर उनको याद किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों की वजह से ही हम शांति से अपना जीवन यापन करते हैं। कहा कि पाठशाला का नाम स्थानीय पंचायत से संबंध रखने वाले देश के लिए शहीद हुए भरत राम के नाम पर किया जाना पाठशाला समेत पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि जल्द इस संबंध में पाठशाला में स्कूल प्रबंधन समिति और पंचायत के साथ समस्त क्षेत्र के लोगों की मौजूदगी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहीद भरत राम को उनकी कुर्बानी के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### बगलामुखी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 29 से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तुंगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्ति पीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में 29 जून से 5 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी मंदिर के पुजारी अमरजीत शर्मा ने दी। आयोजन की शुरुआत 29 जून को प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्ण गोपाल जी श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति और धर्म के महत्त्व की कथा सुनाएंगे। प्रत्येक दिन कथा के उपरांत भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 5 जुलाई को प्रातः 11 बजे मंदिर परिसर में पूर्णाहुति के साथ होगा। पुजारी अमरजीत शर्मा ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस सात दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और मां बगलामुखी के दिव्य आशीर्वाद को प्राप्त करें।

### पूर्व छात्रा के निधन पर स्कूल ने जताया शोक

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर की पूर्व छात्रा प्राची ठाकुर (17) का बुधवार सुबह नेरचौक मेडिकल कॉलेज में दुखद निधन हो गया। वह पिछले एक वर्ष से गंभीर बीमारी से पीड़ित थी और उपचाराधीन थी। प्राची ठाकुर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर जमा दो तक की पढ़ाई इसी स्कूल से की थी। जमा एक में पढ़ाई के दौरान ही वह गंभीर बीमारी की चपेट में आ गई थी, जिससे उबर नहीं सकी। प्राची ठाकुर के पिता प्यार चंद ठाकुर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक जोगिंद्रनगर में कार्यरत हैं। प्राची की माता वंदना ठाकुर, जो शिक्षिका थीं, उनका पहले ही निधन हो चुका है। प्राची के निधन से स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण, सहपाठी और स्थानीय समुदाय गहरे शोक में हैं। स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जमवाल, पूर्व प्रधानाचार्य कर्नल शोभा सिंह व ओपी ठाकुर, वर्तमान प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, उप प्रधानाचार्य लता राणा, पीटीए प्रधान भास्कर गुप्ता समेत समस्त स्टाफ और प्रबंधन समिति ने शोक व्यक्त किया है।

### बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लीगल अथॉरिटी धर्मपुर के अध्यक्ष डॉ. युद्धवीर सिंह के आदेशानुसार अधिवक्ता भूप सिंह ठाकुर ने लीगल ऐड जागरूकता अभियान के अंतर्गत गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिद्धपुर में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने नशे से दूर रहने और इसके दुष्परिणामों को लेकर बच्चों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह बरारी, एडवोकेट सविता कुमारी, स्कूल के अन्य अध्यापकगण तथा लगभग 200 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अधिवक्ता भूप सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलता है, इसलिए सभी को इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में लिप्त हो, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस या प्रशासन को दी जाए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राओं ने नशे के खिलाफ एक भावनात्मक गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति से प्रभावित होकर भूप सिंह ठाकुर ने छात्राओं को 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि मौके पर ही भेंट की।

### भाजपा उपाध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलते हुए आपातकाल थोपा था। इस दौरान प्रेस की आज़ादी, नागरिकों के मौलिक अधिकार और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही सोच तब भी थी और आज भी वही मानसिकता बनी हुई है। संजीव कटवाल ने कहा कि कांग्रेस अब भी 'राहुल-प्रियंका' के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है और लोकतंत्र को परिवार की जागीर मानती है। उन्होंने आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं और आम नागरिकों को बिना मुकदमे के जेल में डालने, प्रेस सेंसरशिप और संविधान में अलोकतांत्रिक संशोधनों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में यही तानाशाही प्रवृत्ति देखने को मिलती है।

# गोहर-जंजैहली सड़क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** लोक निर्माण विभाग सिराज को बार-बार बोलने के बावजूद भी गोहर-जंजैहली सड़क मार्ग पर कोटला खनुला पंचायत के कोटला गांव के नजदीक गत दो वर्ष पहले हुई भारी बरसात में लहासा गिरने के कारण आधी सड़क बह गई थी। दो वर्षों में बार-बार लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों को बोलने पर भी उनका ध्यान नहीं गया। कई मर्तबा लोगों ने लोक निर्माण विभाग की उच्च अधिकारियों के साथ टेलीफोन पर उन्हें बताया गया उनके मोबाइल पर उसे टूटी हुई सड़क की फोटो भेजी गई। मगर गत दो वर्ष से लोक निर्माण विभाग के अधिकारी 20 मीटर का डंगा नहीं लगा पाए। स्थानीय पंचायत प्रधान दिना नाथ ग्राम पंचायत दाण बाहवा प्रधान अंजली शेर सिंह नेत्र सिंह, सूरज मनी, मुरारी लाल, संतोष कुमार, पुरनचंद, किशोर कुमार, हरीश कुमार, गंगाराम, दीवान चंद, गणेश चंद, तिलक राज, धर्मेंद्र वर्मा, यशपाल व पवन कुमार आदि कई लोगों ने सामूहिक रूप से लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व सीएम सुक्खू और स्थानीय विधायक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मांग की है कि इस रोड की कंडीशन को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों को शीघ्र निर्देश दिए जाएं ताकि इस टूटी हुई सड़क पर डंगा लगाकर इसे ठीक किया जाए।



**दो वर्ष पहले हुई बरसात में लहासा गिरने से बह गई थी आधी सड़क**

इस बारे में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सिराज जंजैहली रोशन लाल ठाकुर ने बताया कि इस डंगे के लिए ठेकेदार को बोला हुआ है। जल्दी ही ठेकेदार इसका काम शुरू कर देगा।

## मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क को किया जाए डेढ़लेन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** बैजनाथ उपमंडल की छोटा भंगाल घाटी के स्थानीय लोगों ने मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग को डेढ़लेन बनाने की पुरजोर मांग उठाई है। यह मार्ग मुल्थान, कोठी कोहड़, बड़ा ग्रां, घड़सा, राजगुंधा और विश्वप्रसिद्ध विल्लिंग पैरा ग्लाइडिंग स्थल से होता हुआ बीड़ से जुड़ता है। क्षेत्र के सुरजीत सिंह, प्यार चंद, दर्शन कुमार, रूमी राम, देश राज, संजय कुमार, रूप लाल, पूर्ण चंद, जसवंत सिंह और जगवीर सिंह सहित कई लोगों ने बताया कि बरोट और राजगुंधा जैसे उभरते पर्यटन स्थलों के चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। स्थानीय वाहन चालकों और पर्यटकों को संकरी सड़क के कारण बार-बार जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि मंडी और धर्मशाला से आने वाले पर्यटक इस मार्ग से होकर एक-दूसरे घाटी की ओर रुख करते हैं, लेकिन सड़क की खराब हालत के चलते उन्हें काफी परेशानी होती है। स्थानीयों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क मार्ग को डेढ़लैन बनाकर आवाजाही को सुगम बनाया जाए ताकि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिले और स्थानीय जनता को भी राहत मिल सके।

# बारिश से खिले सब्जी उत्पादकों के चेहरे, किसानों की बढ़ाई चिंता

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटियों में मंगलवार रात से लेकर बुधवार दोपहर तक रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। यह बारिश घाटियों में हाल ही में बंदगोभी की पौध लगाने वाले सब्जी उत्पादकों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है।



खेतों में लगाई बंदगोभी के लिए वरदान बनी बारिश।

स्थानीय उत्पादकों भागामल, सुभाष ठाकुर, जसवंत सिंह, शंकर देव, दुर्गा दास, मस्त राम व प्यार चंद का कहना है कि बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है जिससे अब उन्हें पनीरियों को रोजाना पानी नहीं देना पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर घाटी के परंपरागत किसानों ने इसे अपनी फसलों के लिए नुकसानदायक बताया है। उनका कहना है कि मार्च-अप्रैल में तेज गर्मी के कारण फसलें पहले ही सूखने की कगार पर थीं और अब लगातार हो रही वर्षा से उनकी फसलें और ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने चिंता जताई है कि यदि मौसम का यही रुख बना रहा तो उनकी मेहनत और पूंजी दोनों पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मौसम की निगरानी बढ़ाने और फसल क्षति की स्थिति में समय पर सहायता पहुंचाने की मांग की है।

# डिपुओं पर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाए प्रदेश सरकार: अशोक कवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा है कि प्रदेश सरकार डिपो संचालकों को मात्र चार प्रतिशत कमीशन देकर चार गुणा काम करवा रही है, जिससे डिपो संचालकों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी से जारी बयान में अशोक कवि ने कहा कि प्रदेश में 5200 डिपो धारक हैं जो निगम के गोदामों से राशन खरीदने के लिए अपना पैसा खर्च करते हैं। उन्होंने कहा कि डिपुओं पर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाए। दुकान का किराया, विभिन्न प्रकार के लाइसेंस के नवीनीकरण की फ़ीस, बिजली बिल, स्टेशनरी का खर्च, डिपुओं पर लगाई गई पॉश मशीनों को चलाने के लिए इंटरनेट आदि का सारा खर्च खुद अदा कर रहे हैं। ऐसे में जो चार फ़ीसदी कमीशन मिल रही है वह राशन वितरण की व्यवस्था पर ही खर्च हो जाती है।

**कहा- चार फीसदी कमीशन में चार गुना काम करवा रही सरकार, की जाए बढ़ोतरी**

कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों के दौरान डिपो धारकों को 20 हज़ार मासिक वेतन देने का वादा किया था जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इसे लेकर प्रदेश के डिपो धारकों में दिन प्रतिदिन सरकार के प्रति रोष पनप रहा है। विभाग द्वारा दी गई पॉश मशीनों को चलाने के लिए हर महीने 470 रुपए का अतिरिक्त खर्च भी डिपो संचालकों को ही उठाना पड़ रहा है। सीएम ने इस पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था लेकिन आज दिन तक सीएम के आश्वासन पर कोई जमीनी कार्य नहीं हुआ है।

## भियुली में भाजपा ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडी में विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक व नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने भियुली में पौधरोपण किया। उनके साथ नाचन के विधायक विनोद कुमार, विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा और अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। पौधरोपण के बाद भियुली में आपातकाल की घटनाओं पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कैसे कुचला गया, उसके चित्र प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में भाजयुमो द्वारा मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसके महत्व को समझाने का प्रयास किया।

# कौशल विकास से स्वरोजगार की नई राहें खोल रही प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** अनुसूचित जाति और व जनजाति विकास निगम वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार करके पात्र अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति परिवारों को वित्तीय और विकासात्मक सहायता प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा निगम के माध्यम से सूक्ष्म ऋण योजना, मियादी ऋण व शैक्षणिक ऋण सहित विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के तत्वावधान में निगम द्वारा आय अर्जक लघु गतिविधियों के लिए ऋण योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। सूक्ष्म ऋण योजना में 1.40 लाख रुपए तक की परियोजना लागत पर पात्र लाभार्थी को इस लागत के 90 प्रतिशत यानि 1.25 लाख रुपए की ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। यह ऋण तीन वर्षों की अवधि के लिए 6.5 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मियादी ऋण योजना के तहत 50 लाख रुपए परियोजना लागत पर पात्र लाभार्थियों को 45 लाख तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। पुनर्भुगतान की अवधि 7 वर्ष निर्धारित की गई है और 8 प्रतिशत दर पर ब्याज देय होगा। निगम के माध्यम से एससी से संबंधित युवाओं के लिए शैक्षणिक ऋण योजना के तहत 40 लाख तक अथवा पाठ्यक्रम शुल्क की 90 प्रतिशत राशि के बराबर ऋण देश या विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रदान किया जा रहा है।

**एससी और एसटी विकास निगम बना सशक्त माध्यम**

## मढ़ी स्कूल की कबड्डी टीम जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिरों की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरकाघाट के मौंही में किया गया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी की कबड्डी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पूरी टीम का चयन जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित किया। अब यह टीम सुंदरनगर के हटगढ़ में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। टीम के चयन पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश सकलानी और स्कूल प्रबंधन समिति ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्य ने अन्य विद्यार्थियों से भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं व ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है।

## खत्री सभा मंडी का दो दिवसीय वार्षिक आयोजन संपन्न

# मेधावी छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था खत्री सभा का वार्षिक आयोजन 21 और 22 जून को खत्री सभा भवन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सामाजिक उत्तरदायित्व, संस्कृति और शिक्षा को एक सूत्र में पिरोते हुए विविध आयोजन हुए।

21 जून को महासचिव एमपी वैद्य (पालू) ने वर्ष 2023-25 के 10वीं व 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों का अभिनंदन किया। सभा की कार्यकारिणी व यूथ विंग ने कार्यक्रम संचालन में सहयोग प्रदान किया। 22 जून को प्रात: वैदिक हवन के साथ मुख्य समारोह आरंभ हुआ।

सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविकांत वैद्य ने स्वागत भाषण दिया व दिवंगत सदस्यों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महासचिव ने कार्यवाही व लेखा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सभा ने ध्वनि मत से अनुमोदित किया।

समारोह में 85 वर्ष से अधिक आयु के 28 अति वरिष्ठ जनों को गरिमामय सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त मंड्याली कवि विनोद बहल और टांकरी विशेषज्ञ जगदीश कपूर को साहित्य में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बहल की कविता 'मुंह दखाई-मंड्याली रिस्तेदारी' ने सभी को भावविभोर किया।



### संविधान संशोधन व नई दिशा

**संशोधित** संविधान को वरिष्ठों के मार्गदर्शन से सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा के अध्यक्ष डॉ. नरेश वैद्य ने युवा वर्ग की सहभागिता की सराहना की व समारोह का समापन पारंपरिक मंड्याली धाम के साथ हुआ।

## आपातकाल लोकतंत्र पर काला धब्बा: रणधीर शर्मा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक एवं विधायक रणधीर शर्मा ने बुधवार को मंडी में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि 25 जून, 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि भाजपा इस दिन को हर वर्ष 'काला दिवस' के रूप में मनाती है ताकि नई पीढ़ी को कांग्रेस की तानाशाही प्रवृत्ति से अवगत कराया जा सके। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने 1975 में सत्ता में बने रहने के लिए संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की खुलेआम हत्या की थी। उन्होंने बताया कि उस समय हजारों विपक्षी नेता, कार्यकर्ता, पत्रकार और स्वयंसेवक बिना अपराध के जेलों में बंद कर दिए गए। हिमाचल से शांता कुमार, स्व. दौलतराम चौहान, सुरेश भारद्वाज समेत कई नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए यातनाएं सही। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा शुरू की गई 'लोकतंत्र प्रहरी सम्मान योजना' को मौजूदा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।



## आपातकाल पर विधायक त्रिलोक जम्वाल की दो टूक, कहा

# राहुल गांधी संविधान पढ़ें, फिर दें भाषण



सुंदरनगर पहुंचने पर विधायक त्रिलोक जम्वाल का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** विधायक त्रिलोक जम्वाल ने सुंदरनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस व सांसद राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को 1975 के 25 जून का वह काला अध्याय जरूर पढ़ना चाहिए, जब देश में 21 माह के लिए आपातकाल थोपा गया था। उन्होंने कहा कि जो लोग आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं, उन्हें पहले इतिहास पढ़ना चाहिए कि कैसे कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटा था।

विधायक ने याद दिलाया कि आपतकाल के समय लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ 'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' जैसे नारे दिए गए। उन्होंने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि वे लोकसभा या विधानसभा में खड़े होकर यह बताएं कि कैसे आपातकाल ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि जो लोग आज संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या उन्होंने कभी उसे पढ़ा भी है।

# एचआरटीसी डिपो धर्मपुर में 6 महीने से आरएम का पद रिक्त

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

**एचआरटीसी** डिपो धर्मपुर में आर एम का पद पिछले 6 महीनों से रिक्त होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बता दें कि बुधवार को सुबह 6:15 बजे धर्मपुर-संधोल बस न जाने से यात्रियों व स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ी। यही नहीं जब से आरएम इस डिपो से बदली हुआ है तब से यहां कुछ कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं जिसका एक उदाहरण 19 जून को भी देखने को मिला कि ड्राइवर धर्मपुर भूर बस को बस अड्डे में लगाकर अपने घर चला गया और सवारियां वहां इंतजार करती रही, मगर ड्राइवर के ना आने से आधे घंटे बाद सवारियों को दूसरी बस से अपने गंतव्य को जाना पड़ा और भूर बस अपने गंतव्य पर नहीं गई। जिप सदस्य जगदीश चंद बिट्टा, पंचायत समिति अध्यक्ष राकेश कुमार, धर्मपुर पंचायत प्रधान ज्योति देवी, सरसकान पंचायत प्रधान उमेश ने सीएम से आग्रह किया कि जल्द इस डिपो में आरएम की नियुक्ति की जाए।

**सुबह संधोल बस न जाने से यात्री व स्कूली बच्चे परेशान**

इस बारे जब धर्मपुर का अतिरिक्त कार्यभार संभाले मैनेजर सरकाघाट मेहर चंद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गोरत बस 5 बजे धर्मपुर के लिए आती थी व वही बस संधोल जानी थी, मगर खराब होने के कारण नहीं आई व संधोल भी नहीं गई। उन्होंने कहा कि 19 तारीख को जो ड्राइवर बस अड्डे पर गाड़ी लगाकर चला गया था उसके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**विरोध** दलित बस्तियों को जोड़ने वाली सड़क खोलने और भ्रष्टाचार की जांच की मांग

# एक्सईएन के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हिमाचल** किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में भारी बारिश के बावजूद सैकड़ों ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के जोगिंद्रनगर डिवीजन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी जोगिंद्रनगर बाजार से जुलूस निकालते हुए विभागीय कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एक्सईएन को हटाने और दलित बस्तियों को जोड़ने वाली वर्षों से बंद सड़क को खोलने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक्सियन ने बिना अनुमति के जनप्रतिनिधियों को कार्यालय से बाहर निकाल दिया और अभद्र व्यवहार किया। उनका कहना था कि उक्त अधिकारी पहले भी विभिन्न स्थानों पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं।

बाद में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम जोगिंद्रनगर से मिलकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जिसमें एक्सियन के कार्यकाल की न्यायिक जांच, उनकी संपत्तियों की जांच और प्रभावित क्षेत्रों की सड़कें खोलने की मांग की गई है। प्रदर्शन में कई पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों, नौजवान सभा व विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।




भारी बारिश में लोक निर्माण विभाग के जोगिंद्रनगर डिवीजन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी कैडेट्स का कॉलेज पहुंचने पर जोरदार स्वागत



प्रशिक्षण लेकर लौटे एनसीसी कैडेट्स का स्वागत करते कॉलेज के प्रबंधक।

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेकर पहुंचे एनसीसी कैडेट्स का स्वागत किया गया। संस्थान के प्रबंधन ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला में आयोजित शिविर में महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के 20 कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर के दौरान अनेक प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें राजकीय महाविद्यालय बीटन के कैडेट कमल व बलराम ने वॉलीबाल में प्रथम, सिमरन ने फायरिंग में तृतीय स्थान, लवप्रीत, प्रिया, अमनदीप, हरजीत, दीक्षा ने टेंट व पिचिंग में प्रथम, कैडेट होना ने दौड़ मे प्रथम स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भांगड़ा व स्वागत संगीत के लिए कैडेट्स को मेडल प्रदान किए गए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल ने प्रशिक्षण शिविर में सभी कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उनकी सराहना की तथा उन्हे प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर एनसीसी के केयरटेकर ऑफिसर प्रो. रमेश कुमार, प्रो. गुरदेव सिंह, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. रीना चंदेल, डॉ. रिचा शर्मा, प्रो. गुरमेल सिंह, प्रो. गुरजीत कौर, प्रो. बूटा राम व प्रो. ज्योति शर्मा सहित सभी गैर शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

### चंबोआ में पितृ यज्ञ कार्यक्रम का समापन



चंबोआ गांव में पितृ यज्ञ के समापन पर पूर्णाहुति डालते ग्रामीण व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की डीहर पंचायत के चम्बोआ गांव में दो दिवसीय पितृ यज्ञ समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. विनोद शर्मा ने पूजा पाठ के साथ शुरू किया। इसमें मुख्य यजमान अजीत कुमार, मोहनलाल शर्मा, सतपाल शर्मा, पं. जय लाल शर्मा, ओंकार दास शास्त्री, सत्येंद्र नाथ, पं. देवराज, पं. संजू, पं. सोनू, पंडित टोली, सुशील एवं समस्त गांव की समस्त नारी शक्ति ने पूजा पाठ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह पितृ यज्ञ की हवन के उपरांत पूर्ण आहुति डाली गई , तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया तथा पितरों का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ओंकार दास ने बताया कि हिंदू शास्त्रों के अनुसार पितृ यज्ञ में तर्पण ब श्राद्ध करने से व्यक्ति को पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर सतपाल शर्मा, ओंकार दास शास्त्री, रिटायर्ड कैप्टन जयलाल शर्मा, मनीष कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, पंकज शर्मा, रवि शर्मा, राकेश, जगदीश, कुलदीप, डॉ. रत्न चंद लुधियाना, यशपाल शर्मा, डॉ. विजय शर्मा, मनोज, अमित, हरीश, हर्ष कनाडा, डॉ. संजू दिल्ली, शिवदयाल, मदनलाल एवं अन्य गांववासियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# डे-बोर्डिंग स्कूल व हेलिपोर्ट की औपचारिकताएं समय पर हों पूरी

## डीसी जतिन लाल ने किया साइटों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने बुधवार को ऊना विधानसभा क्षेत्र के जनकौर हार में प्रस्तावित राजीव गांधी राजकीय राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल और हेलिपोर्ट परियोजना के लिए चिन्हित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जनकौर हार में स्कूल के लिए 117 कनाल भूमि का चयन किया गया है, जिसे शिक्षा विभाग के नाम पहले ही हस्तांतरित किया जा चुका है, साथ ही, 24 कनाल भूमि हेलिपोर्ट परियोजना के लिए चिन्हित की गई है। इस हेलिपोर्ट के निर्माण से आपातकालीन सेवाओं, आपदा प्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट के लिहाज से जिले में एक नई सुविधा उपलब्ध होगी।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित कर रही है। ये



डीसी जतिन लाल जनकौर में प्रस्तावित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की साइट का निरीक्षण करते हुए।

संस्थान प्री-प्राइमरी से कक्षा 12वीं तक सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होंगे, जिनमें स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, म्यूजिक रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ये स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और समग्र विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

उन्होंने बताया कि ऊना जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों ऊना, हरोली, गगरेट, चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ में भूमि चयन और औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और निर्माण कार्य की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

ऊना क्षेत्र में जनकौर हार, हरोली में बढ़ेड़ा, गगरेट में संघनई, चिंतपूर्णी में लडोली तथा कुटलैहड़ में बंगाणा (बोट) को निर्माण स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। संघनई में तो निर्माणकार्य भी तेजी से चल रहा है। इससे पूर्व, उपायुक्त ने रामपुर पुल के समीप रोड़ा में निर्माणाधीन हेलिपैड परियोजना का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# लोनिवि लगाएगा भरवाईं स्कूल की रिटेलिंग वॉल



भरवाईं स्कूल का हिस्सा जिसे बरसात के कारण खतरा है, पर 10 लाख खर्च होंगे।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** भरवाईं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की रिटेलिंग वॉल को लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने कदमताल शुरू कर दी है। विभाग ने इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्य की अनुमानित लागत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। यह डंगा भरवाईं बाइपास चिंतपूर्णी लिंक रोड पर उपतहसील कार्यालय के विपरित दिशा पर सड़क के किनारे दिया जाएगा। इस लिंक रोड के नीचे स्कूल का कैंपस है।

बताते चलें कि इस जगह रिटेनिंग वॉल की जरूरत बहुत थी क्योंकि भारी बारिश होने पर इस जगह से मलबे गिरने की आशंका बनी हुई थी जिससे की स्कूल कैंपस के साथ-साथ इस लिंक रोड को भी खतरा पहुंच सकता था। इस मुद्दे को

> इस रिटेनिंग वॉल के लिए टेंडर लगा दिया गया है। टेंडर खुलने के बाद कार्य को संबंधित ठेकेदार को अलॉट कर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।
> **सुखविंदर सिंह, अतिरिक्त कार्यभार अधिशाषी अभियंता लोनिवि भरवाईं**

समाजसेवी एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने संबंधित विभागों के आगे उठाया था, जिससे की अब लोक निर्माण विभाग इस कार्य को करवाने हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू कर चुका है।

विनोद शर्मा ने बताया कि वह लोक निर्माण विभाग का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने इस कार्य को शुरू करवाने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि वह इस स्कूल के छात्र रहें है और इस स्कूल के लिए विकास के लिए जो भी प्रयास उनको करने पड़ेंगे, वह करेंगे।

# लठियाणी-बंगाणा मार्ग पर गड्ढा हुआ सही

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के लठियाणी-बंगाणा मुख्य मार्ग पर राधा स्वामी सत्संग घर डडयार में पुलिया का निर्माण कुछ समय पहले ही हुआ था, जो फिर से छोटे वाहनों सहित बड़े वाहनों को परेशानी का कारण बना था और कारण था पुलिया पर डाली गई बजरी का उखड़ना था। कई दिनों से इस गड्ढे से वाहन चालकों को बहुत ही दिक्कत आ रही थी और हादसों का केंद्र बन रहा रहा। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में यह गड्ढा खूब छाया रहा। इसके बाद स्थानीय विधायक विवेक शर्मा विक्कू के आदेश के बाद विभाग ने उक्त स्थान पर बने गड्ढे को सही कर दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, सुरेश कुमार, दिनेश शर्मा, देशराज, मोहिंदर सिंह, सुशील कुमार, मोहित कुमार, सन्नी, मोहित शर्मा, नरेंद्र हीरा, यशपाल शर्मा, अमर चंद शर्मा, संदीप कुमार, कृष्ण कुमार, किशोरी लाल, रजनीश शर्मा, वेद प्रकाश, सुनीता देवी, मीनू वाला, सुषमा देवी, मीना कुमारी, सत्या देवी, रिंकू, दिशु, वंशिका, रोहित, मदन कुमार सहित गांववासियों ने विधायक का धन्यवाद किया है।

# बसाल अकादमी में भरे जाएंगे 2 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज शिवनिक एक्सीलेंस अकादमी बसाल में पुरुष वर्ग के लिए टीचर-कम-काउंसलर और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के दो पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 28 जून को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बीबीए, एमबीए या किसी भी संकाय में स्नातक डिग्री अनिवार्य है। चयन के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा 21 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, बॉयोडाटा की प्रति सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 78330-72505 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# 85 वर्षीय मलकियत की बाबा बालक नाथ के लिए पैदल यात्रा श्रद्धा और संकल्प का अद्भुत उदाहरण

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

बड़ूही। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 85 वर्षीय मलकियत सिंह अपने साथी प्रेम कुमार के साथ हाजीपुर तलवाड़ा से बाबा बालक नाथ जी के दरबार की ओर पैदल यात्रा पर निकले हैं। यह श्रद्धा और समर्पण से भरी यात्रा न केवल उनकी आस्था को दर्शाती है, बल्कि समाज को दृढ़ संकल्प और भक्ति का गहरा संदेश भी देती है।

इस यात्रा के दौरान आज यह श्रद्धालु जोड़ी बड़ूही पहुंची, जहां स्थानीय लोगों ने दोनों श्रद्धालुओं का स्वागत किया। लोगों ने उन्हें चाय, पानी की सेवा की। मलकियत सिंह और प्रेम कुमार यात्रा के दौरान किसी निर्धारित स्थान पर नहीं रुकते। जहां रात हो जाती है और जैसे भी जगह मिलती है, वहीं रुककर रात बिताते हैं। कभी किसी मंदिर परिसर, तो कभी किसी दुकान या धर्मशाला के बाहर इनका विश्वास यही है कि जहां बाबा बुलाएंगे, वहीं विश्राम मिलेगा। रास्ते में मिलने वाले स्थानीय निवासी इनके हौसले को और भी बढ़ाते हैं। लोग इन्हें भोजन, पानी, दवाई और विश्राम के लिए स्थान उपलब्ध कराते हैं। इस सेवा-भाव को देखकर दोनों श्रद्धालु भावुक हो जाते हैं और कहते हैं कि किबाबा बालक नाथ के नाम पर सभी कुछ मिल जाता है, ये रास्ता मुश्किल नहीं लगता।



अपने साथी प्रेम के साथ यात्रा को जाते मलकियत।

मलकियत सिंह बीते कई वर्षों से यह परंपरा निभा रहे हैं। उम्र की बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए, हर वर्ष बाबा बालक नाथ के दरबार में पैदल हाजिरी देने निकल पड़ते हैं। प्रेम कुमार, जो लंबे समय से उनके साथ इस यात्रा में शामिल होते हैं, कहते हैं कि बाबा में अटूट विश्वास ही हमें हर साल इस कठिन लेकिन पावन सफर के लिए प्रेरित करता है। इनकी यात्रा आगामी एक सप्ताह तक जारी रहेगी और वे नियत समय पर बाबा बालक नाथ जी के मंदिर दियोटसिद्ध पहुंचेंगे। वहां माथा टेककर आशीर्वाद लेकर यह श्रद्धालु फिर घर लौटेंगे।

मलकियत सिंह और प्रेम कुमार जैसे श्रद्धालु आज की पीढ़ी के लिए आस्था, अनुशासन और संकल्प का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी यह यात्रा यह साबित करती है कि जब मन में भक्ति हो, तो उम्र और कठिनाइयां कभी आड़े नहीं आतीं।

# विकास खंड ऊना में खोली जाएंगी उचित मूल्य की दुकानें

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विकास खंड ऊना के तहत दो उचित मूल्य की दुकानें खोली जाएंगी। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि नगर निगम ऊना के वार्ड नं. 1 और फतेहपुर पंचायत के वार्ड नं. 4 में उचित मूल्य की दुकानें खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति इसके लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल **https://emerginghimachal.hp.gov.in** पर 27 जून से लेकर 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास होना अनिवार्य है तथा आयु सीमा 18-45 वर्ष होनी चाहिए।

राजीव ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के लिए सार्वजनिक संस्थान या सार्वजनिक निकाय जैसे पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं व महिला मंडल/महिला संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग हिमाचल द्वारा परिभाषित एकल नारी, विधवा नारी जिसके बच्चे उस पर आश्रित हों, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति जोकि विकलांगता अधिनियम 1955 में परिभाषित किया गया है तथा उचित मूल्य की दुकान को कुशलतापूर्वक संभालने में सक्षम हो, भूतपूर्व सैनिक, शिक्षित बेरोजगार जिनके परिवार से कोई स्थाई नौकरी में कार्यरत न हो, ऐसे व्यक्तियों को द्वितीय प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा तृतीय प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आवश्यक दस्तावेज जैसे एकल नारी, विधवा, अपंगता प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक, बेरोजगारी प्रमाण पत्र आदि प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किए होनी चाहिए अन्यथा वांछित दस्तोवेज़ों को अपलोड न करने पर आवेदन स्वतः रद्द समझे जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए 01975-226016 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के 7 जुलाई तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना अंब के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 4 और सहायिकाओं के 7 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। कार्यकारी सीडीपीओ अंब कुलदीप कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन सादे कागज पर भर के 7 जुलाई सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय अम्ब में जमा करवा सकते हैं।

कुलदीप कुमार ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र छपरोहिए, स्तोथ, प्रतापनगर-1 और कटोहड़ खुर्द-2 में आंगनवाडी वर्करों का 1-1 भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र अरनवाल, झोला भटोला, सारड़ा, वधमाणा-1, मिरगु (अमोकला प्रीतम), सेरी-1 और थनीकपुरा में सहायिकाओं का 1-1 पद भरा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन पदो के लिए साक्षात्मकार 9 जुलाई को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अंब में होगा।

## मेडिकल ब्लॉक थानाकलां क्षेत्र सर्पदंश के दृष्टिकोण से संवेदनशील

# बरसात के मौसम में सर्पदंश के मामलों से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

बरसात होते ही सर्पदंश के मामलों में बढ़ौतरी हो जाती है। इससे बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो जाता है। इस वर्ष भी इस चुनौती से निपटने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में एंटी स्नेक वेनम का स्टॉक भेजना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही जोनल अस्पतालों के स्टाफ को भी सक्रिय किया गया है। बताना जरूरी है कि बरसात के मौसम में मेडिकल ब्लॉक थानाकलां क्षेत्र सर्पदंश के दृष्टिकोण से संवेदनशील रहा है।

विभाग ने संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए छह प्रमुख अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन की पर्याप्त व्यवस्था की है। बंगाणा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि बरसात के दौरान खेतों और खुले क्षेत्रों में काम करते समय विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर किसानों, मजदूरों और बच्चों को जागरूक रहना होगा। डॉ. नरेश ने कहा कि सांप अक्सर सूखे और सुरक्षित स्थानों की तलाश में घरों, खलिहानों, झाड़ियों और जल निकासी वाले क्षेत्रों में छिप जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग अपने घरों के आसपास सफाई रखें, खिड़की-दरवाजों को जालीदार बनाएं और रात्रि में टॉर्च का प्रयोग करें। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि किसी भी सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें क्योंकि समय पर उपचार से जीवन बचाना संभव है।

> **इन स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है एंटी वेनम**
>
> सीएमओ डॉ संजीव वर्मा के मुताबिक सिविल हॉस्पिटल बंगाणा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लठियाणी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमियाडी में एंटी वेनम उपलब्ध है।

# विवेक शर्मा ने एक वर्ष का कार्यकाल गांवों गरीबों की सेवा में किया समर्पित : दिनेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल को पूरी तरह गांव, गरीब और आम जनता की सेवा को समर्पित कर दिया है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके अथक प्रयासों और जनसेवा की भावना को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री सुक्खू का भी पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।



कुटलैहड़ के पूर्व कांग्रेस व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस नेता दिनेश खत्री ने विधायक विवेक शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। खत्री ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा न केवल एक ऊर्जावान और दूरदर्शी नेता हैं, बल्कि जनता के बीच भी एक सरल, हंसमुख और ईमानदार जनप्रतिनिधि की छवि बना चुके हैं। उनका व्यवहारिक दृष्टिकोण और जनसंवेदनशीलता उन्हें जनता के और करीब लाती है। दिनेश खत्री ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से बीते एक साल में कुटलैहड़ के कई गांवों में सड़कें पक्की की गईं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का आधुनिकीकरण हुआ, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और बिजली की आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनके प्रयासों से सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल और संसाधन मिल पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जनता के बीच विश्वास और संवाद कायम करने के लिए विधायक विवेक शर्मा ने नियमित जनसंपर्क अभियान चलाए, जिसमें वे घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनते और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करते रहे। इससे जनता के साथ उनका सीधा और सशक्त संवाद स्थापित हुआ। दिनेश खत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन और समर्थन से विवेक शर्मा को कार्य करने में मजबूती मिल रही है।

# उपमुख्यमंत्री ने किया भागवत कथा का श्रवण



भागवत कथा सुनाते स्वामी राजेंद्र दास महाराज, (दाएं) श्रवण करते मुकेश, डॉ. आस्था व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

गोंदपुर जयचंद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिवस की कथा में जगद्गुरु श्री स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर किया। उन्होंने आत्महत्या को सबसे बड़ा पाप करार देते हुए जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और ईश्वर विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। स्वामी जी ने कहा कि आत्महत्या के बाद व्यक्ति को प्रेत योनि में जाना पड़ता है, जहां उसका जीवन अत्यंत पीड़ादायक होता है और यह स्थिति हजार वर्षों तक बनी रहती है। चाहे कितनी भी विपत्ति क्यों न आए, आत्महत्या का विचार भी नहीं करना चाहिए।

उन्होंने परम सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सेवा यदि नि:स्वार्थ भाव से की जाए तो वह परम सेवा कहलाती है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। स्वामी राजेंद्र दास जी ने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि नारी साक्षात् जगदंबा का स्वरूप है। जिस प्रकार महापुरुष किसी अन्य लोक से नहीं आते, वे भी मां की कोख से ही जन्म लेते हैं, वैसे ही नारी को अपने आत्मस्वरूप को पहचानने की आवश्यकता है।

### गोंदपुर जयचंद में स्वामी राजेंद्र महाराज ने दिया आत्मबोध का संदेश

स्वामी जी ने भौतिक विज्ञान की अंधी दौड़ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज विश्व बारूद के ढेर पर बैठा है। विज्ञान ने इतने परमाणु हथियार बना लिए हैं कि पृथ्वी को 40 बार नष्ट किया जा सकता है। इसके विपरीत, अध्यात्म विज्ञान से किसी भी जीव को कोई हानि नहीं होती है। उन्होंने गोमाता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गाय समस्त कामनाओं की पूर्ति करती है। यदि गाय की रक्षा होगी तो पृथ्वी की रक्षा सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि भगवान की कृपा से संतों के दर्शन होते हैं और संतों की कृपा से भगवान के दर्शन संभव हैं। संतों के सान्निध्य से मन निर्मल होता है। कथा में हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उनकी पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री के साथ विशेष श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे और स्वामी जी के दिव्य वचनों का श्रवण किया।

इस दौरान बाबा सर्वजोत सिंह बेदी, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, प्रमोद कुमार, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव तथा क्षेत्र की अनेक पंचायतों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# भारतीय कराटे टीम के कोच व खिलाड़ी ने चिंतपूर्णी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

भारतीय कराटे टीम के कोच भरत यादव और खिलाड़ी मोहित यादव ने मंगलवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी और माथा टेका। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी गगन कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा अर्चना करवाई।

**मोहित यादव ने जीता था सिल्वर मेडल :** मोहित यादव ने पिछले वर्ष अमेरिका के टैक्सास के फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में चल रही यूएस ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में 75 प्लस कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। मोहित यादव दिल्ली देहात के कापसहेड़ा गांव के रहने वाले हैं।

**भरत यादव की भूमिका :** भरत यादव भारतीय राष्ट्रीय कराटे टीम के कोच हैं और कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन (केआईओ) से भी जुड़े हैं। उन्हें भारतीय टीम के राष्ट्रीय कोच के तौर पर उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वह सेंसई सावन और सेंसई संदीप गाडे के साथ कोच के तौर पर भी सूचीबद्ध हैं।

**पूजा-अर्चना का महत्व :** कोच और खिलाड़ी ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता चिंतपूर्णी का आशीर्वाद लिया। यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसमें उन्होंने अपनी जीत के लिए माता का धन्यवाद किया और आगे के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। यह वाला टूर्नामेंट मोहित यादव ने पिछले साल जीता था, अभी हाल ही में मोहित यादव ने एक अन्य खिताब भी जीता था।

**पहल** | किसानों को अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए हो रहे प्रयास

# सुकड़ियाल में खुला प्राकृतिक खेती आदान संसाधन केंद्र

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में आतमा परियोजना कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती आदान संसाधन केंद्र को रीता देवी गांव बिहामबी सुकड़ियाल पंचायत में स्थापित किया गया, जहां पर आसपास के किसानों को प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार घटक उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि किसान प्राकृतिक खेती सही ढंग से कर सकें और जो किस प्राकृतिक खाद और दवाइयां खुद नहीं बना सकते, वे इस दुकान से हर तरह के प्राकृतिक घटक खाद दवाइयां खरीद सकते हैं।

इससे प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा मिलेगा तथा जो किसान इस वजह से कि वे खुद प्राकृतिक दवाइयां और खाद नहीं बना सकते थे, वे भी अब प्राकृतिक खेती में जुड़ने लगेंगे। इस प्राकृतिक आदान संसाधन केंद्र से सुकड़ियाल पंचायत, पीपलू पंचायत के आसपास के किसानों को लाभ मिलेगा। आतमा परियोजना के अधिकारी, परियोजना निदेशक वीरेंद्र कुमार बग्गा, उप परियोजना निदेशक शामली गुप्ता, खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार, सहायक खंड तकनीकी प्रबंधक श्वेता ठाकुर व प्रियंका शर्मा द्वारा समय-समय पर प्राकृतिक खेती से संबंधित जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं और अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं और किसानों द्वारा अब भविष्य में जो भी उपज होगी उसका मूल्य भी बढ़ा दिया गया है।




जैव आदान संसाधन केंद्र जहां से अब किसानों को प्राकृतिक उत्पाद मिलेंगे।

प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार मक्की का मूल्य 4000 रुपए प्रति क्विंटल प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार गेहूं का मूल्य 6000 रुपए प्रति क्विंटल, व कच्ची हल्दी का मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम तथा अपनी उपज को मंडी तक पहुंचाने के लिए 2 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से लाने ले जाने का खर्चा भी मिलेगा, इसलिए अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# हैमर बॉल चैरिटेबल ट्रस्ट ने विधायक विवेक शर्मा का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हैमर बॉल चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक मंडल और हैमर बॉल एसोसिएशन के प्रदेश अधीक्षक अभय सिंह राणा, महासचिव जगदीश सहोता की ओर से कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा को एक आभार पत्र सौंपा गया। ट्रस्ट ने विधायक द्वारा दूसरी सीनियर हैमर बॉल चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 11,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि और डुमखर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 15 लाख की घोषणा पर उनका हृदय से धन्यवाद किया है।

अध्यक्ष अभय और सदस्यों रणधीर ने कहा कि विवेक शर्मा का खेलों और ग्रामीण विकास के प्रति समर्पण सराहनीय है। उन्होंने बताया कि हैमर बॉल जैसे नवोदित खेल को विधायक द्वारा दिए जा रहे सहयोग से खिलाड़ियों को नई ऊर्जा मिलेगी और क्षेत्रीय खेलों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। विधायक विवेक शर्मा द्वारा की गई इस आर्थिक सहायता से न केवल प्रतियोगिता आयोजन को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ट्रस्ट ने कहा कि विवेक शर्मा ने हमेशा युवाओं और खेलों को प्राथमिकता दी है और इस सहयोग से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

### चैंपियनशिप के लिए 11,000 व डुमखर खेल मैदान को दिए थे 15 लाख

विधायक विवेक शर्मा ने डुमखर क्षेत्र के लिए 15 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा कर क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। इस घोषणा से सड़क, जल आपूर्ति, सामुदायिक भवन जैसे बुनियादी ढांचे के कार्यों को गति मिलेगी। हैमर बॉल ट्रस्ट ने विधायक विवेक शर्मा को धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कुटलैहड़ क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

# ब्यास का जलस्तर बढ़ने पर सहमे लोग


ब्यास का जलस्तर एकाएक बढ़ गया, जिस कारण पतलीकूहल, महिली, कटराई और रायसन के लोग सहम गए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

ब्यास नदी का अचानक जलस्तर बढ़ने से ब्यास किनारे रहने वाले लोगों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

ब्यास का जलस्तर बुधवार दोपहर एकाएक बढ़ गया, जिस कारण पतलीकूहल, महिली, कटराई और रायसन के लोग सहम गए, वहीं, कुछ लोग ब्यास के जलस्तर को देखने के लिए अपने घरों से निकल पड़े।

स्थानीय निवासी संजय, मोहन, राकेश, शिव, राहुल ने कहा कि अभी तो मानसून ने दस्तक दी है, अभी तो पूरी बरसात आना बाकी है। ब्यास का जलस्तर एकाएक बढ़ने का कारण ऊपरी क्षेत्रों में भारी बारिश और अंजनी महादेव में बादल फटने का कारण बताया जा रहा है।

ब्यास प्रशासन ने नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क किया है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम स्थिति पर नजर रखे हुए है और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार है।

## अंजनी महादेव नाले में बादल फटने से आई बाढ़

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के पर्यटन स्थल सोलंग नाला के समीप अंजनी महादेव नाले में बुधवार को बाढ़ आ गई। हालांकि, बाढ़ से कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ, मगर नदी किनारे रह रहे लोगों की चिंता बढ़ गई।

प्रशासन ने सभी से आग्रह किया कि नदी किनारे रहने वाले लोग सतर्क रहें और नदी-नालों से दूरी बनाए रखें। अंजनी महादेव नाले में जब बाढ़ आई, तो उस समय पर्यटक वहां नहीं थे। बाढ़ की आवाज इतनी अधिक थी कि तीन किमी दूर तक सुनाई दी। नदी में लगातार पानी बढ़ने से पलचान पुल व सड़क को खतरा हो गया। इस जगह हाल ही में बीआरओ ने सुरक्षा दीवार लगाई थी। पलचान पंचायत की प्रधान कौशल्या व बीडीसी रेशमा ने बताया कि बाढ़ की आवाज बहुत डरावनी थी। उन्होंने बताया कि बाढ़ से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि अंजनी महादेव नाले में बाढ़ आई है, जिससे ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। उन्होंने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है। साथ ही पर्यटकों व लोगों से आग्रह किया है कि नदी-नालों के पास न जाएं।

आफत की बारिश


मनाली के पर्यटन स्थल सोलंग नाले के समीप अंजनी महादेव नाले में आई बाढ़।


जुआगी-चायल संपर्क मार्ग पर कुर्पण खड्ड के बढ़ते जलस्तर से अस्थायी पुलिया से गुजरते लोग व बच्चे।

## कुर्पण खड्ड के बढ़ते जलस्तर से अस्थायी पुलिया पर संकट

**अनंत ज्ञान, आनी**

प्रदेशभर में हो रही मूसलाधार बारिश का असर अब निरमंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुआगी और चायल पर भी दिखने लगा है।

बुधवार को सुबह से कुर्पण खड्ड के जलस्तर में भारी वृद्धि होने के कारण जुआगी-चायल संपर्क मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा बनाई गई अस्थायी पुलिया को खतरा पैदा हो गया है। इससे धाराबाग, तिंदर, जुआगी सहित आसपास के स्कूली बच्चों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। पिछले वर्ष 31 जुलाई की रात आई बाढ़ में क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण पुलियां जैसे बाहचा, बड़ोंगचा, जाओं धाराबाग, सांगवा, बजआगी आदि पुलियां बह गईं। बाढ़ को 11 महीने बीत जाने के बावजूद आज तक स्थायी पुलिया का पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों द्वारा बनाई गई अस्थायी पुलियां ही फिलहाल स्कूली बच्चों और स्थानीय जनता का सहारा बनी हुई हैं।

बुधवार सुबह पानी के तेज बहाव के कारण स्कूली छात्रों को पुल पार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाओं के प्रधानाचार्य राजू कश्यप ने चिंता जताते हुए कहा कि मानसून शुरू हो चुका है और ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सरकार को जल्द स्थायी पुल निर्माण करवाना चाहिए, नहीं तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं, इस मामले में एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने जानकारी दी कि क्षेत्र के तीन पुलों के लिए बीडीओ कार्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। स्थानीय जनता और अभिभावकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुल निर्माण में और देरी न की जाए।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की उदयपुर पंचायत में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत धरती आभा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य, आयुष, पशु पालन, राजस्व, तहसील कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खंड विकास कार्यालय, कृषि व बागवानी विभागों द्वारा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने भी इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाई। इस मौके पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले स्थानीय ग्राम पंचायत के लाभार्थियों के राशनकार्डों की ई-केवाईसी की गई। लोगों द्वारा राजस्व विभाग से विभिन्न प्रमाण पत्र, बागवानी विभाग द्वारा उद्यान कार्ड, ग्रामीणों के आधार कार्ड अपडेट करवाने का कार्य किया गया।

**27 जून को त्रिलोकीनाथ में शिविर होगा आयोजित**

आयुष विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 28 लोगों और स्वस्थ्य विभाग द्वारा 18 लोगों का परीक्षण किया गया और निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास लाहौल अकांक्षा शर्मा ने बताया कि जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 27 जून को त्रिलोकीनाथ में धरती आभा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय ग्राम पंचायत के निवासियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कॉलेज को साजिश के तहत बंद करने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का शिक्षा का क्षेत्र एक बार फिर राजनीति की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। राज्य सरकार द्वारा कुकुमसेरी स्थित जनजातीय क्षेत्र के एकमात्र राजकीय महाविद्यालय को चरणबद्ध तरीके से बंद करने का भाजपा ने आरोप लगाया है। पूर्व विधायक और भाजपा नेता रवि ठाकुर ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी को कठघरे में खड़ा किया है। रवि ने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा साफ तौर पर लाहौल-स्पीति से उच्च शिक्षा को खत्म करने की है। पहले कुकुमसेरी कॉलेज की लगभग 12 बीघा भूमि नेगी के निर्देश पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय को हस्तांतरित की गई, अब एक और कदम उठाते हुए कॉलेज की इमारत की धरातल मंजिल पर संचालित वाणिज्य संकाय को खाली करवाकर उसे स्कूल को दे दिया गया है।

### आनी में जन शिकायत निवारण कमेटी की बैठक का आयोजन

## मानसून की तैयारियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, आनी**

एसडीएम सभागार आनी में जन उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण कमेटी और मानसून की दस्तक के मद्देनजर बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनैत ने की। बैठक में उपमंडल स्तरीय जन शिकायत निवारण कमेटी के सभी सरकारी और गैरसरकारी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में गत वर्ष के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सड़कों की खस्ताहालत को सेब सीजन से पहले सुधारने, बिजली की समस्याएं और पानी की किल्लत की समस्याएं सामने आईं, जिन पर काम करने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। निर्णय लिया गया कि भविष्य में बैठक हर तीन माह बाद आयोजित की जाएगी। साथ ही निर्णय लिया गया कि अगली हर बैठक से पहले गैरसरकारी सदस्यों की शिकायतें और समस्याओं को लिखित में लिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि मानसून की दस्तक हो चुकी है, ऐसे में सभी विभागाधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। खासकर लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और पुलिस विभाग को व्यवस्था बनाकर रखने और मुस्तैद रहने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपदा से समय रहते निपटा जा सके। स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी निर्देश दिए गए कि वे ऐसे किसी भी भवन में, जो असुरक्षित है, मानसून के दौरान कक्षाओं को न चलाएं और बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

एसडीएम ने कहा कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है और पहली बैठक थी। इसमें कोशिश की गई कि सभी मुद्दों पर गौर हो साथ ही कहा कि भविष्य में शिकायतों और समस्याओं को लेकर गैरसरकारी सदस्यों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर शिकायतों और समस्याओं का निवारण किया जाएगा।


जन शिकायत निवारण कमेटी की बैठक के दौरान एसडीएम अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

## सौरभ व प्रणव ने एलाइड पास कर चमकाया आनी का नाम

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आनी क्षेत्र के दो होनहार युवाओं ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अलाइड सर्विसेज परीक्षा में सफलता अर्जित कर समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।


सौरभ वर्मा।


प्रणव शर्मा।

सौरभ वर्मा, पुत्र यशपाल वर्मा (सेवानिवृत्त उद्यान अधिकारी), निवासी दलाश को असिस्टेंट स्टेट टैक्सेज एंड एक्साइज ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिली है। उन्होंने दसवीं कक्षा की पढ़ाई आनी से, जमा दो की उच्च शिक्षा शिमला से प्राप्त की। वहीं, प्रणव शर्मा, पुत्र महेश शर्मा, निवासी रिवाड़ी को एक्सटेंशन ऑफिसर (ट्रेनी बेसिस) के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, दलाश से प्राप्त की। इन दोनों युवाओं की सफलता से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। परिजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने भी दोनों प्रतिभाओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं को प्रेरणा देगी और यह सिद्ध करती है कि कठिन परिश्रम और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त कर रही सरकार: प्रो. चंद्र

### कहा- कृषि उत्पादकों के साथ दूध के दाम में अभूतपूर्व वृद्धि हुई

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वर्तमान प्रदेश सरकार सशक्त कर रही है।

दूध के दामों में अभूतपूर्व वृद्धि के चलते पशुपालकों को लाभ पहुंच रहा है। कृषि उत्पादों का उचित न्यूनतम मूल्य घोषित करने से किसानों की आजीविका भी सुनिश्चित की जा रही है। सरकार प्रदेश के हर किसान, बागवान और पशुपालक तक कल्याणकारी नीतियां पहुंचाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। मंत्री प्रो. चंद्र कुमार बंजार में बुधवार को कृषि मेले में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न कृषि उत्पादों पर भी प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में इजाफा किया गया है। इसके अलावा अत्याधुनिक कृषि उपकरणों पर 50 फीसदी तक अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बंजार के किसानों से विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान मेले के आयोजन से बंजार क्षेत्र के किसानों-बागवानों और पशुपालकों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने अधिकारियों को किसानों-बागवानों की समस्याओं के लिए उचित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है। इससे पूर्व एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने मंत्री प्रो. चंद्र कुमार का बंजार में किसान मेला आयोजित करने को लेकर आभार जताया। उन्होंने किसानों-पशुपालकों के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और कृषि मंत्री चंद्र कुमार की सराहना की। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को किसान मेले के अवसर पर सम्मानित किया तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति बारे जानकारी प्रदान की। इस मौके पर लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें दूर करने के लिए अधिकारियों को मौके पर उचित दिशा-निर्देश जारी किए। कृषि, पशुपालन, बागवानी और आयुष विभाग ने इस दौरान शिविर स्थापित कर स्थानीय लोगों को जागरूक किया।



बंजार में आयोजित कृषि मेले के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

## कांग्रेस की आर्थिक हालत बेहद खराब हो चुकी: रवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पूर्व विधायक व भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार की आर्थिक हालत बेहद खराब हो चुकी है।

इसका ताजा उदाहरण लाहौल-स्पीति जिले में देखने को मिल रहा है, जहां त्रिलोकनाथ मंदिर जाने वाले बिहाड़ी पुल के रखरखाव के लिए, अब मंदिर ट्रस्ट के धन का सहारा लिया जा रहा है। रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि अब वह मंदिरों में जमा आस्था के पैसों पर निर्भर हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग ने डीसी लाहौल-स्पीति को एक पत्र भेजकर त्रिलोकनाथ मंदिर ट्रस्ट से करीब 10 लाख रुपए रिलीज करने का आग्रह किया है, जिससे क्षतिग्रस्त बिहाड़ी पुल का रखरखाव किया जा सके। भाजपा नेता ने साफ किया कि वे विकास विरोधी नहीं हैं और चाहते हैं कि त्रिलोकनाथ जैसे पवित्र स्थल तक पहुंचने वाला पुल जल्द से जल्द ठीक हो, लेकिन सरकार को जिम्मेदारी से भागना और धार्मिक संस्थानों के पैसों को बुनियादी ढांचे के कार्यों में झोंकना, सरकारी विफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विधायक खुद यह स्वीकार कर चुके हैं कि सरकार के पास पैसे नहीं हैं, तो इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है।

**सरकार अब मंदिरों में जमा पैसों पर हो गई है निर्भर**



### केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी कार्यालय में बैठक आयोजित

## रिजिजू लाहौल-स्पीति के लोगों को देंगे सौगातें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

27 से 29 जून तक भारत सरकार के संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के जिला लाहौल-स्पीति जिले के प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत बुधवार को डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय केलांग स्थित डीसी कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री 28 जून को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत उपमंडल काजा में उच्च हिमालयी खेल प्रशिक्षण केंद्र, आइस हॉकी रिंक, पवेलियन तथा खेल प्रशिक्षण केंद्र के क्रिकेट मैदान काजा में आधारशिला रखेंगे और 29 जून को केलांग शहर के लिए सीवरेज योजना की आधारशिला रखेंगे। बैठक में जिला मुख्यालय में स्थित समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंत्री के प्रस्तावित दौरे के सुचारु व सफल आयोजन, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने को लेकर योजना बनाना था। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने विभागों से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करें, ताकि मंत्री के दौरे के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था व असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह दौरा जिले के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, ठहराव, स्थल निरीक्षण, स्वागत कार्यक्रम तथा अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम उदयपुर अलिशा चौहान, पुलिस उपअधीक्षक रश्मि शर्मा, खंड विकास अधिकारी विवेक गुलेरिया, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंदर सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर आयोजित बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

**संगोष्ठी** गोविंद ने कहा, आपातकाल इतिहास पर कांग्रेस का लगाया हुआ ऐसा दाग, जिसे कभी नहीं मिटाया जा सकता

## इंदिरा गांधी ने मुगल शासकों की तरह क्रूर व्यवहार किया


आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर कुल्लू जिला भाजपा की संगोष्ठी में भाग लेती कंगना रनौत एवं गणमान्य लोग।

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** भारत वर्ष में आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

इस संगोष्ठी में पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर, मंडी की सांसद कंगना रनौत, जिला कुल्लू के भाजपा अध्यक्ष अमित सूद उपस्थित रहे। संगोष्ठी में आपात काल के साक्षी रहे पूर्व मंत्री स्व. कुंज लाल के पुत्र छविंद्र ठाकुर, स्व. भाजपा नेता चंद्रसेन के पुत्र जितेंद्र ठाकुर, स्वर्गीय गोविंद राम के पुत्र अजित सिंह, बेगम देवी सुपुत्री स्वर्गीय मनी राम और स्वयं भुक्तभोगी रहे जगदेव ने अपने विचारों को साझा किया और कहा कि आपातकाल ने उस दौरान लोगों को मुगल शासकों के क्रूर व्यवहार की याद दिलाई और आज भी कांग्रेस उस दाग को नहीं धो सकती है।

पूर्व मंत्री गोविंद ने कहा कि उस दौरान तत्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर तानाशाही पूर्ण व्यवहार पूरे देश को आहत कर गया। उन्होंने मुगल शासकों की तरह क्रूर व्यवहार किया भारतीय इतिहास में 25 जून, 1975 का दिन भारतीय संविधान की हत्या का दिन बनाया। कांग्रेस ने सत्ता के लालच में देश के नागरिकों के सभी अधिकार छीन कर और लोकतंत्र को तार-तार कर दिया था। आपात काल में विपक्षी नेता, समाजसेवी, पत्रकार जो भी लोकतंत्र व संविधान की बात करता था, उन सभी को चुन-चुनकर जेलों में डाल कर इंदिरा गांधी ने सारे हदें पार कर दी थी। पूर्व मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी ने हद तब पार कर दी थी, जब उच्चतम न्यायालय पर भी उन्होंने नियंत्रण कर न्याय व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया था, ऐसे में भारत का इतिहास कांग्रेस पार्टी के इस कुकृत्य के लिए उसे कभी माफ नहीं करेगा। इस मौके पर उस समय आपातकाल के खिलाफ अपनी आवाज उठाने वाले 17 परिवारों को सम्मानित किया गया। आपातकाल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जीवित सदस्यों ने आपातकाल के उस समय को याद करते हुए इसे एक भयंकर त्रासदी करार दिया।

### कांग्रेस ने की लोकतंत्र की हत्या: कंगना

**संगोष्ठी** को संबोधित करते हुए मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने आपातकाल की आलोचना करते हुए कांग्रेस पार्टी पर कड़ा प्रहार किया। कंगना ने कहा कि आज संविधान की कॉपी हाथ में लेकर घूमने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित सभी कांग्रेसी नेताओं को उस समय के आपातकाल पर भी दो शब्द बोलने चाहिए कि किस तरह उनके पूर्वजों के हाथ आपातकाल का विरोध करने वाले भारतीय नागरिकों के खून से सने हैं। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी की मानसिकता वही है, जो आज से 50 वर्ष पहले उनके पुरखों की थी, जिनके लिए सत्ता ही सब कुछ थी, ऐसे में आपातकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या की। इसके लिए देश उन्हें कभी भी माफ नहीं करेगा।

### 21 माह का कालखंड कभी नहीं भुलाया जा सकता: अमित

**इस** संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि आपातकाल का वह लगभग 21 महीने का कालखंड कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। आज की पीढ़ी को इसके बारे में जानकारी रखनी चाहिए कि किस प्रकार सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस और इंदिरा गांधी ने भारतीय नागरिकों से जीने तक के अधिकार को छीन लिया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश का विकास कर रही है और आज देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से चौथे स्थान पर ले आई है, तो ऐसे में कांग्रेस नेता संविधान की हत्या के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

## जिस्पा में संगोष्ठी में आपातकाल के अत्याचारों की दी जानकारी



जिस्पा में काला दिवस के रूप में विशेष संगोष्ठी के आयोजन पर मौजूद भाजपा पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

1975 में देश पर थोपे गए आपातकाल को 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लाहौल-स्पीति के जिस्पा में काला दिवस के रूप में विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान हुए राजनीतिक, सामाजिक और पत्रकारिता जगत पर पड़े प्रभावों को चित्रों, अखबारी कटिंग्स और स्तंभ लेखों के माध्यम से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी तथा प्रदर्शनी के मुख्य वक्ता, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि ठाकुर ने आपातकाल के काले अध्याय को याद करते हुए कहा कि वह दौर लोकतंत्र के लिए नर्क जैसा था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय न केवल युवाओं और बुजुर्गों, बल्कि नवविवाहित पुरुषों की भी जबरन नसबंदी करवाई गई। सत्ता की आलोचना करने वाले पत्रकारों और मीडिया संस्थानों पर पाबंदियां लगाई गईं और कई पत्रकारों को जेलों में बंद किया गया। रवि ने कहा कि तत्कालीन सरकार के दमनकारी रवैये से समाज का हर वर्ग प्रभावित हुआ और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक कर ली। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र की रक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को समझें। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि आपातकाल को भूलना देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा और नई पीढ़ी को इसकी सच्चाई से अवगत कराना जरूरी है।

## छात्रों को अनुशासन प्रशासनिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में बुधवार को बीए व बीकॉम प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्रों के लिए प्रवेश परामर्श सत्र आयोजित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आरंभ से पूर्व आयोजित इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को विषय चयन, अनुशासन एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. राजन देवी नेगी के मार्गदर्शन में किया गया। सत्र का संचालन प्रवेश संयोजक कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ठाकुर, सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र) द्वारा किया गया। प्रवेश समिति में सहायक आचार्य सुरेंद्र धीमान, राजेश चौहान व राहुल शर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बीए प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स उर्वशी, दीक्षा, कल्पना, सलीना, रूचि, तान्या, हर्षिता, विशाल, काम्या, जैसवीन, अदिति, विजय व ईशान ने परामर्श सत्र में भाग लिया। सत्र में विद्यार्थियों को विषय संयोजन चुनने, समय-सारिणी समझने, परीक्षा प्रणाली, कॉलेज की सुविधाओं और अनुशासन से जुड़ी जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### माता-पिता की स्मृति में मेधावियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** शिलाई मंडल के मिल्ला गांव निवासी बिजली बोर्ड में कार्यरत, सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक हेमराज राणा ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। हेमराज राणा ने यह पहल अपने (माता-पिता) की याद में शुरू की है। राणा ने इस अवसर का सौभाग्य देने के लिए कार्यवाहक प्रधानाचार्य के साथ-साथ समस्त अध्यापकों का भी आभार व्यक्त किया। इस वर्ष मिल्ला स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा है, जिसमें अमन राणा ने 471/500 अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाकर प्रथम, प्रीति ने 458/500 ने दूसरा, तमन्ना ने 457/500 तीसरा अनु ने 435/500 चौथा और शगुन ने 431/500 पांचवां स्थान अर्जित किया।

### बच्चों से मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय उच्च विद्यालय बातल में कार्यकारी खंड चिकित्साधिकारी डॉ. दूनी चंद के निर्देशानुसार किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य उदय सिंह ठाकुर द्वारा की गई। इस अवसर पर अर्की अस्पताल से किशोर परामर्शदाता सुरक्षा परमार ने उपस्थित छात्रों को छह घटक पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य नशा निवारण लिंग आधारित हिंसा विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संतुलित भोजन, स्वस्थ जीवनशैली व मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। साथ ही छात्राओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन व तनाव प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ उन्होंने किशोरों की समस्याओं से निपटने के लिए अभिभावकों व अध्यापकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने अर्की अस्पताल में बने नई दिशा केंद्र कमरा नंबर-209 में किशोरों की किसी भी समस्या के निपटारे व मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

### विनय कुमार आज व कल सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 26 व 27 जून, को सिरमौर जिले के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 26 को दोपहर 12 बजे नेहर-स्वार (अंजी) में क्षेत्र की जनता से मिलेंगे तथा 1:30 बजे ददाहू में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उपाध्यक्ष 27 को प्रातः 11 बजे नाहन में जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

### हर्षवर्धन चौहान कल सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 27 जून को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि इस दौरान उद्योग मंत्री प्रातः 11 बजे नाहन के बचत भवन में जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा बैठक तथा दोपहर बाद 2:30 बजे जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### आज डमलाणा, रनोह शासन में बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल दाड़लाघाट ई. विमल अत्रि ने बताया कि 11 केवी एचटी फीडर में लाइन के आवश्यक रखरखाव के लिए बिजली अनुभाग धुंदन के अंतर्गत आने वाले गांव पसल, धुंदन, स्यारी, दुईरु, ऐर, घरतुरी, म्याणा, रिहाल, बटेड़, कोटला, नेरी, काऔड़, गनदेवटा, डमलाणा, रनोह शासन, रनोह खालसा, मनलोग बडोग, हनुमान बडोग, मंदोटी, पथेड़, बानन, बुईला, संरयाज, पाटा, मनोल, धारठ, कोठी चांगर, क्यारी सोखर व इसके आसपास के क्षेत्र में बिजली सप्लाई 26 जून को प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक बाधित रहेगी। खराब मौसम या अन्य किसी परिस्थिति के कारण समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### फ्रेसिनियस लैब में 101 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** रोटरी क्लब बद्दी द्वारा फ्रेसिनियस लैब, किशनपुरा में 14वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 101 कामगारों ने रक्तदान किया। इस शिविर का शुभारंभ राकेश पटेल सीईओ साइट हेड ने किया। उन्होंने सभी रक्तदानियों का आभार जताते हुए बताया कि हर वर्ष कंपनी रक्तदान शिविर लगाती है, जो भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर सरनाम सिंह राणा एचआर हेड, शिखा शर्मा मैनेजर एचआर और सहायक एचआर रोटरी क्लब के कार्तिक शर्मा, दीपक झंगड़ा, अतुल गुप्ता मौजूद रहे। इस शिविर का संचालन डॉ. रोली अग्रवाल के नेतृत्व में रोटरी ब्लड बैंक चंडीगढ़ की टीम ने रक्त एकत्रित किया और कुल 101 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह आयोजन क्लब की सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और जीवन बचाने में रक्तदान के महत्त्व को उजागर करता है। रोटरी क्लब की अध्यक्ष कविता बंसल ने कहा कि रोटरी क्लब बद्दी अपनी सामाजिक गतिविधियों को जारी रखते हुए अनेक कार्यों को अंजाम दे रहा है।

### रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हिमाचल प्रांत के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शरगांव में पर्यावरण संरक्षण पर एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हिमाचल प्रांत द्वारा बीते 5 जून से 30 जून तक पर्यावरण संरक्षण जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। बच्चों को प्राकृतिक संसाधनों का संयमित उपयोग करने, अपने दैनिक कार्य में पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने और अपनी जीवन शैली को पर्यावरण अनुकूल बनाने पर बल दिया गया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने जल और भोजन को बर्बाद न करने, एक पौधा लगाकर उसका पोषण करने, कचरा इधर-उधर न फेंकने और जल वायु तथा किसी प्रकार का प्रदूषण ने फैलाने बारे प्रतीज्ञा ली।

### शूलिनी और आईआईटी मद्रास के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सहयोग और कौशल विकास के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते का उद्देश्य संयुक्त डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्रों के कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाना और आईआईटी मद्रास की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त शैक्षणिक और डिजिटल शिक्षा पहलों में उनकी सक्रिय भागीदारी को सुविधाजनक बनाना है। इस सहयोग के माध्यम से, शूलिनी विश्वविद्यालय विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को कारगर बनाने के लिए अपने परिसर में आईआईटी मद्रास कोड (सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन) अध्याय स्थापित करेगा।

# आवारा कुत्तों के आतंक से लोग असुरक्षित माहौल में जीने को मजबूर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** ठोडो मैदान के नजदीक करीब 45 लाख की लागत से डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम केयर यार्ड निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद नगर निगम शहर के लोगों को शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है।

आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए नगर निगम ने ठोडो मैदान के नजदीक रेन बसेरा बिल्डिंग के बेसमेंट में डॉग स्टरलाइजेशन ओटी यानी ऑपरेशन थियेटर का निर्माण किया है पर इसे शुरू करने के लिए अभी भी कुछ औपचारिकताएं बाकी हैं। ऐसे में शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। इसके लिए बाकायदा केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड से अनुमति ली है। लोगों ने उम्मीद की थी कि डॉग ओटी बनते ही शहर में स्ट्रे डॉग के स्टरलाइज (नसबंदी) का कार्य शुरू हो जाएगा। डॉग स्टरलाइजेशन के लिए ओटी के साथ ही डॉग यार्ड भी बनाया गया है। इसमें स्टरलाइज कुत्तों के रखरखाव और खानपान का प्रबंध होगा पर अभी कुत्तों की नसबंदी का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे लोगों में रोष है।



नगर निगम सोलन की तरफ से बनाया गया नसबंदी केंद्र।

"शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड का निर्माण किया गया है। प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है और मशीनरी इंस्टाल भी हो चुकी है। नसबंदी का कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए पशुपालन विभाग से बात चल रही है।
**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### रोज आते हैं डॉग बाइट के केस

**सोलन** अस्पताल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। डॉग बाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। यही कारण है कि नगर निगम ने अब डॉग स्टरलाइजेशन ओटी निर्माण का निर्णय लिया है। निगम चुनाव में भी कुत्तों की समस्या मुद्दा खूब उठा था, तब प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे, मगर अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। मोहल्ले और कॉलोनी में कुत्तों के झुंड रात को एक साथ भोंकते हैं, जिससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। साथ ही छात्रों की पढ़ाई बाधित होने के साथ-साथ रोगियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### स्कूली बच्चों की रहती है चिंता

**नगर** निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्तों के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती हैं। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों का अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नगर निगम ने कुछ वर्ष पहले कुत्तों का नसबंदी कार्यक्रम शुरू किया था, लेकिन नियम के तहत प्रबंध नहीं होने के चलते यह कार्यक्रम रुक गया। शुरू में जवाहर पार्क व ठोडो मैदान में ओपन डॉग स्टरलाइज किया जाता था, जिस पर केंद्रीय पशु बोर्ड ने आपत्ति जताई। पशु प्रेमियों ने भी इस पर आपत्ति जताई। साथ ही नसबंदी के बाद कुत्तों का सही रखरखाव भी नहीं हो पाया। इन्हीं कारणों के चलते यह कार्य आज तक लंबित है।

# बद्रिका आश्रम शालामू 15 लाख खर्च कर बनाएगा कोटला बारोग स्कूल का ऑडिटोरियम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कोटला बारोग के प्रिंसिपल बंसीलाल नेगी की पहल से स्कूली छात्रों को जल्द ऑडिटोरियम की सुविधा मिलेगी। इससे शिक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रिंसिपल की सकारात्मक पहल पर बद्रिका आश्रम शालामू की तरफ से स्कूल में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जा रहा है। इसकी कुल लागत 15 लाख है।

इस पूरे अभियान में प्रिंसिपल सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जैसे नेगी ने विद्यालय में अपना पदभार संभाला, तो उन्होंने देखा कि विद्यालय में एक ऑडिटोरियम की सख्त जरूरत है। गर्मी और बारिश के दिनों में बच्चों को गतिविधियां करना बहुत मुश्किल हो जाता था। उन्होंने भद्रिका आश्रम ट्रस्टी राजीव मित्तल और साध्वी श्रद्धा ओम से तीन बार व्यक्तिगत रूप से भेंट की, जिसके फलस्वरूप यह परियोजना अस्तित्व में आ सकी। विद्यालय में एक ऐसे ऑडिटोरियम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जहां सांस्कृतिक, शैक्षणिक, योग, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जा सकें। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह एक अनिवार्य संसाधन था। वर्तमान में लगभग 50 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है।



इसमें भवन का मुख्य ढांचा, छत, दीवारें तथा फर्श का कार्य शामिल है। इस ऑडिटोरियम में लगभग 250 छात्रों की बैठने की क्षमता होगी। भद्रिका आश्रम न केवल भवन निर्माण में सहयोग कर रहा है, बल्कि छात्रों के शारीरिक विकास को भी प्राथमिकता दे रहा है। इसी कड़ी में 3 लाख से अधिक मूल्य के खेल एवं जिम उपकरण विद्यालय को भेंट किए गए हैं। इन उपकरणों के माध्यम से छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और विद्यालय की खेल गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

# शटरिंग चोरी करने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जगत सिंह निवासी लोअर कच्चीघाटी शिमला ने पुलिस थाना कंडाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह ठेकेदारी का काम करते हैं और इनका आजकल क्यारी मोड़ में काम चल रहा है।

क्यारी मोड़ में चल रहे बिल्डिंग के निर्माण कार्य के दौरान 20 जून को एक लैंटर डालने का कम चल रहा था, जो कि 21 जून सुबह 3 बजे तक चला, उसके उपरांत यह लोग अपने घर चले गए। वह दिन के समय अपनी साइट पर पहुंचे, तो सड़क के किनारे रखी लोहे की शटरिंग प्लेटों में से 40 लोहे की शटरिंग प्लेटें गायब पाई गई, जब इन्होंने साइट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की चैक किया, तो इनकी साईट पर एक टिप्पर में दो व्यक्ति लोहे की शटरिंग की प्लेटें लोड करके कंडाघाट की तरफ ले जाते पाए गए। चोरी हुई शटरिंग की प्लेटों की कीमत लगभग 80,000 रुपए है, जिस पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुई शटरिंग प्लेटों की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण करके उक्त मामले में संलिप्त वाहन व आरोपी की पहचान की गई, जिस पर मामले में संलिप्त आरोपी विरेंद्र व चक्षु को पुलिस टीम द्वारा क्यारीबंगला से गिरफ्तार किया गया तथा वारदात में संलिप्त टिप्पर नंबर एचपी 63सी-9600 को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करके 4 दिन का पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया। इस मामले में उपरोक्त दोनों आरोपियों से की गई पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण पर पाया गया कि उपरोक्त दोनों आरोपियों ने चोरी की गई शटरिंग प्लेटों को रामपुर सियुड़ी (पंचकूला) हरियाणा में एक कबाड़ी की दुकान में बेच दिया है, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए चोरी की गई शटरिंग पलेटों को सियुड़ी (पंचकूला) हरियाणा से कबाड़ की दुकान से बरामद किया गया तथा आरोपी कबाड़ी सचिन को अन्वेषण में शामिल करके बीएनएसएस-2023 के प्रावधानों की धारा 35(3) के अनुसार पाबंद किया गया।



शटरिंग चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

# चल्यावन में तेंदुओं के आतंक से लोग डर के साये में जीने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत बरायली के गांव चल्यावन में दो तेंदुओं ने आतंक मचा रखा है।

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुओं से गांव में लकड़ी और घास लाने में परेशानी हो रही है और शाम को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुओं को पकड़कर उचित स्थान पर भेजा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए रात के समय गांव के नजदीक रहते हैं और पालतू जानवरों और कुत्तों को अपना शिकार बनाने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों में दिनेश चंद, विजय कुमार, कैलाश चंद, रमेश, महेंद्र कुमार, भूपेंद्र, पवन का कहना है कि उन्हें हर समय डर सताता है कि कहीं तेंदुआ उनके बच्चों को अपना शिकार न बना ले। पंचायत सदस्य पवन कुमार ने बताया कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तेंदुए की तस्वीरें कैद हुई हैं, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ घर के आसपास घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुओं को पकड़कर उचित स्थान पर भेजा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक तेंदुओं को पकड़ा नहीं जाता, तब तक उनकी परेशानी दूर नहीं होगी। उधर, वन क्षेत्र अधिकारी दाड़लाघाट सुदर्शन सिंह का कहना है कि विभाग को तेंदुए के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है, अगर ग्रामीण मांग करेंगे तो विभाग पिंजरा लगाएगा, ताकि भविष्य में किसी तरह का नुकसान न हो।

# 'नशे से इनकार' करने का महत्व बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोलन द्वारा डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के प्रति एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आकांक्षा डोगरा मुख्यातिथि रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को 'नशे से इनकार' करने का महत्व बताया और नशे के चंगुल में फंसे व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और सरकारी सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# किन्नौर भाजपा ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर मनाया काला दिवस

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** आज से ठीक 50 साल पहले, 25 जून, 1975 की सुबह, भारत में आपातकाल लागू करने की घोषणा की गई थी।



इस ऐतिहासिक और विवादास्पद घटना की 50वीं बरसी पर, किन्नौर भाजपा ने रिकांगपिओ में काला दिवस मनाया। इस अवसर पर, किन्नौर भाजपा के नेता सूरत नेगी ने कांग्रेस पार्टी पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। सूरत नेगी ने बताया कि भाजपा ने आपातकाल की 50वीं बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया, ताकि उस दौर के बुरे अनुभवों को याद किया जा सके। उन्होंने आपातकाल के दौरान पीड़ा झेलने वाले लोगों, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की कहानियों को मीडिया के साथ साझा किया। नेगी ने जोर देकर कहा कि आधी रात को कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के साथ अन्याय किया। भाजपा हमेशा से आपातकाल लगाए जाने पर कांग्रेस और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर सवाल उठाती रही है, लेकिन आज तक कांग्रेस के किसी भी नेता ने इन आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब नहीं दिया है। सूरत नेगी ने उस दौर की भयावहता का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं को चुन-चुनकर जेल में डाला गया, विरोध-प्रदर्शन करने वालों और आवाज उठाने वालों को कैद कर दिया गया। उन्होंने वर्तमान में कांग्रेस नेताओं द्वारा लोकतंत्र की हत्या के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकतंत्र की हत्या कांग्रेस ने वर्ष 1975 में ही कर दी थी।

# किरेन रिजिजू और कंगना रनौत आज से किन्नौर के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने रिकांगपिओ में कहा कि केंद्रीय यूनियन मंत्री किरेन रिजिजू व मंडी लोकसभा की सांसद कंगना रनौत 26 जून को जिला किन्नौर पहुंचेंगे, जहां उनका प्रशासन द्वारा स्वागत किया जाएगा। डीसी किन्नौर ने कहा कि किरेन रिजिजू व कंगना लोगों की समस्या सुनेंगे व जिले के मुख्यालय रिकांगपिओ में प्रशासन के साथ केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जनता को दिए जा रहे लाभ के बारे में बैठक का आयोजन होगा। इसमें मंत्री रिजिजू प्रशासन के अधिकारियों से केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चाएं करेंगे। रिजिजू 27 जून को जिला किन्नौर के पूह व ज्ञाबुंग में खेल स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे और जिले का दौरा समाप्त कर वे लाहौल-स्पीति जिले के लिए रवाना होंगे। वहीं, भाजपा के नेता सूरत नेगी ने कहा कि किन्नौर के अंदर 26 जून की शाम किरेन रिजिजू व कंगना पहुंचेंगे, जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा रिकांगपिओ, टापरी व कल्पा में दोनों बड़े नेताओं का भव्य स्वागत किया जाएगा।

# शूलिनी मेले के सफल आयोजन से डीसी गदगद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन एवं राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री और सोलन के विधायक कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल, दून के विधायक राम कुमार चौधरी, अर्की के विधायक संजय अवस्थी, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी तथा नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा सहित सभी विभागों तथा जिला वासियों का आभार व्यक्त किया।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह आयोजन सोलन के लिए विशेष है। जिला प्रशासन का यह प्रयास रहता है कि मेले से संबंधित सभी कार्य न केवल समय पर पूरे हों, बल्कि प्रत्येक कार्य आमजन की आशाओं के अनुरूप सफल हो। जिला प्रशासन, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं और मेले के आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों ने इस दिशा में अपना शत-प्रतिशत योगदान दिया है। डीसी ने कहा कि विभिन्न विभागों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सतत कार्य कर यह सुनिश्चित बनाया है कि मेला विभिन्न मापदंडों पर खरा उतरे।

## शांडिल ने सफल आयोजन के लिए बधाई दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने विभिन्न विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं और सोलन के निवासियों को राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और आशा जताई कि भविष्य में भी सभी इस तरह के आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देते रहेंगे। डॉ. शांडिल ने कहा कि मां शूलिनी मेला धार्मिक आयोजन होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, सौहार्द और भाईचारे का बेहतरीन उदाहरण है। इस मेले में मां शूलिनी की शोभा यात्रा में लाखों की संख्या में लोग मां के दर्शन के लिए एकत्र होते हैं। इसके साथ-साथ इस अवसर पर सोलन शहर में आयोजित किए जाने वाले भंडारे जन-जन के लिए लाभदायक सिद्ध होते हैं। तीन दिवसीय मेले की सांस्कृतिक संध्याओं का लोगों ने बड़ी संख्या में आनंद उठाया है। उन्होंने सोलन जिले के निवासियों के साथ-साथ मेले में पधारे शिमला तथा सिरमौर जिले के वासी, प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आगंतुक और देश के विभिन्न राज्यों के इस अवसर पर पधारे पर्यटकों तथा सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया है।



# एक शिक्षक के सहारे चल रहा मिडल स्कूल नगाली

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत नगाली के नगाली गांव स्थित मिडल स्कूल में केवल एक ही शिक्षक है।

लोगों ने शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने पर शिक्षक भेजने की मांग की। इस पर स्कूल में एक शिक्षक भेजा गया, लेकिन उसने तीसरे दिन तबादला करवा दिया। हालत ज्यों के त्यों और लोग ठगे से रह गए। इस समय स्कूल में शिक्षकों के चार पद खाली हैं। इससे शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हैं। विभिन्न माध्यमों से विभाग और सरकार से शिक्षकों की तैनाती की मांग की जाती रही है, जिसका किसी पर कोई असर नहीं दिखा, नतीजा नगाली मिडल स्कूल में क्षेत्र के लोग बच्चों को छठी कक्षा में ही दाखिल नहीं कर रहे। कई लोग बच्चों को दूर-दूर स्थित दूसरे स्कूलों में भेजने को मजबूर हो रहे हैं। मिडल स्कूल नगाली में शिक्षकों के पांच पद स्वीकृत हैं। इनमें टीजीटी आर्ट का पद वर्ष 2022 से, शास्त्री का पद वर्ष 2019 से, शारीरिक शिक्षा शिक्षक का पद वर्ष 2024 और कला अध्यापक का पद 2014 से रिक्त चल रहा है। स्कूल में छह कमरों का भवन, स्मार्ट क्लास रूम सहित तमाम सुविधाएं हैं, लेकिन शिक्षक के नाम पर स्कूल में केवल एक ही शिक्षक टीजीटी नॉन मेडिकल है, जिसके सहारे स्कूल चल रहा है। इस स्कूल में दुर्गम क्षेत्र में स्थित गांव नगाली, जड़ियाल, हुकक्ल, कानो, तेली और तेलों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। कई सालों से शिक्षकों के पद खाली होने के कारण कई अभिभावकों को मजबूरी में अपने बच्चों को दूर-दूर के स्कूलों में भेजना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोग जो कई सालों से स्कूल को अपग्रेड करने की मांग कर रहे थे, आज मिडल स्कूल के शिक्षकों को तरस रहे हैं। बीडीसी सदस्या सत्या देवी और पूर्व बीडीसी सदस्य अजय कुमार ने कहा कि विभाग लोगों की सुनवाई नहीं कर रहा है। पिछले दिनों स्कूल में एक शिक्षक भेजा गया, उसने तीसरे दिन अपना तबादला करवा दिया। इसके बाद अभिभावकों ने विगत दिन मामले को कैबिनेट मंत्री डॉ. कर्नल शांडिल के समक्ष रखा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट लेने के बाद स्कूल में शिक्षकों के पद भरने का आश्वासन दिया।

**गुणवत्ता** डीसी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत जल स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

# स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करें नियमित जांच

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी कार्यालय नाहन के सभागार में जल शक्ति विभाग की ओर से जल जीवन मिशन के तहत आयोजित जिला स्तरीय जल स्वच्छता समीति की बैठक डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।




जल जीवन मिशन के तहत जल स्वच्छता समिति की बैठक की अध्यक्षता करती डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा व साथ में अन्य।

इसमें जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने घरेलू उपभोक्ताओं, शैक्षणिक संस्थाओं, आंगनबाडी केंद्रों व अन्य संस्थानों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की ओर से नियमित जांच की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल शक्ति विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित जांच व निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने विभाग को प्रतिमाह नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने के लिए कहा।

अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग देव आनंद पुंडीर ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 1,21,917 घरेलू कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। जल जीवन मिशन के तहत जिले में 237 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें कि 134 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 65 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। जिले में 1590 स्कूलों में पानी के कनेक्शन तथा 61 वर्षा जल संग्रह इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं। इसी प्रकार 1430 आंगनबाड़ी केंद्रों में नल द्वारा जल उपलब्ध करवाया गया है।

जल जीवन मिशन के तहत जागरूकता संबंधित विभिन्न गतिविधियां वॉल राइटिंग, होर्डिंग व बैनर द्वारा, स्कूली प्रतियोगिताएं, ग्राम सभाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक व लोक गीतों के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं। विभाग द्वारा योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत 60 कर्मियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में 5 प्रयोगशालाओं तथा फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से स्कूलों, आंगनबाडी केंद्रों व पेय जल स्रोतों से एकत्रित पानी के नमूनों की जांच भी की जा रही है। बैठक में जिला विकास अधिकारी सिरमौर अभिषेक मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमिताभ जैन, उपनिदेशक उच्च शिक्षा हिमेंद्र चंद, उपनिदेशक कृषि राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ट्रांसजेंडर को किन्नर शब्द का संबोधन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना : बाबू राम

**अनंत ज्ञान, सोलन**



अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा प्रदेश मीडिया सचिव हिमाचल प्रदेश बाबू राम नेगी ने कहा कि किन्नर का संबंध जनजाति क्षेत्र अनुसूची-5 वर्तमान में जिला किन्नौर और पूर्व में किन्नर देश से रहा है।

उन्होंने भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई से मिल कर देश में प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया और फिल्म उद्योग और टेलीविजन में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को किन्नर शब्द उपयोग करने पर आपत्ति जताई। नेगी ने कहा कि 2014 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारतीय संघ मामले में एक एतिहासिक निर्णय दिया। इसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दी गई। इस दृष्टि से भी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया और फिल्म उद्योग और टेलीविजन सीरियल के द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को किन्नर शब्द उपयोग करने से सर्वोच्च न्यायालय की भी अवमानना हो रही है। जिला किन्नौर जनजाति क्षेत्र को अनुसूची पांच के अंतर्गत रखा गया है। पूर्व में किन्नर देश के अंदर वर्तमान जिला किन्नौर से लेकर तिब्बत तक किन्नर देश के नाम से जाना जाता था। किन्नर कैलाश भी वर्तमान जिला किन्नौर में ही है। किन्नर कैलाश का संबंध सारे संसार में देव शक्तियों एक से पंद्रह मांघ के बीच मिलने का साथ है इसलिए किन्नर कैलाश हिमाचल प्रदेश में होने के कारण अधिकतर गांव में देव शक्तियों को मनाने का प्रचालन शूरू हुआ। किन्नर कैलाश का संबंध शिव भगवान से है इसलिए पूरे संसार में शिव भागवन के नाम से पंच किन्नर कैलाश का नामकरण हुआ है।




## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सैनी बोले-

# संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है और वे संविधान को बचाने की दुहाई देते हैं, जबकि वे आज भी उनकी सरकार बनने के बाद धारा-370 को वापस करने जैसे बयान देकर भी संविधान को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से पिछले 11 वर्षों में यह देश संविधान के अनुरूप चला है और असल मायने में आजाद भारत को लोगों ने देखा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को करनाल में भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय-देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने कहा कि जब हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी का दंश झेल रहा था, उस समय हमारे देश के नायकों ने



अपना बलिदान दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियां खुली हवा में सांस ले सकें, लेकिन उस समय किसी को यह नहीं पता था कि देश एक ऐसा दौर भी देखेगा, जब पवित्र संविधान की हत्या की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून का दिन हम सबको याद कराता है कि उस समय कैसे रात के 12 बजे सरकार द्वारा इमरजेंसी का आदेश पारित होता है और आम लोगों को यातनाएं देते हुए पकड़ लिया जाता है। उन पर किए गए अत्याचारों से आज भी हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह आदेश उस सरकार की अपनी इच्छाशक्ति को पूरा करने के लिए जारी किया गया था। यह एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया था। देश के पवित्र संविधान को अपने स्वार्थ के लिए कुचल दिया गया। इमरजेंसी के दौरान संविधान और लोकतंत्र का एक बार भी स्मरण नहीं किया गया। किस प्रकार नेताओं और अपनी आवाज को बुलंद करने वाले लेखकों पर अत्याचार किए गए, उनको जेलों में बंद कर दिया गया, ताकि वे सरकार के खिलाफ कुछ न लिख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह 'स्मृति समारोह' केवल अतीत को याद करने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमें भविष्य के लिए तैयार करने का अवसर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक योगेंद्र राणा, भगवान दास कबीरपंथी, करनाल मेयर रेनू बाला गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. मुखर्जी के सपने को मोदी ने किया साकार

**सैनी** ने कहा कि उस समय की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के अंदर जाने के लिए परमिट प्रथा शुरू की। सरकार की क्या सोच थी कि उस हिस्से को देश से अलग करना चाहते थे। परंतु डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने परमिट प्रथा का विरोध किया और कहा कि इस देश में दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। वे यात्रा लेकर निकल पड़े और बिना परमिट के जम्मू -कश्मीर में चले गए। उन्हें अपनी कुर्बानी देनी पड़ी, तब जाकर परमिट प्रथा समाप्त हुई, लेकिन उसके बाद भी लंबे समय तक इस देश में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान चलते रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धारा-370 को समाप्त कर एक संविधान, एक प्रधान और एक निशान के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया।

# जौहरी एसो. के नवरत्न लर्निंग प्रोग्राम में कटारिया ने प्रदान किए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



जौहरी एसोसिएशन चंडीगढ़ द्वारा आयोजित नवरत्न लर्निंग प्रोग्राम-2025 देश का पहला ऐसा रत्न एवं आभूषण कार्यक्रम है, जो केवल चंडीगढ़ या ट्राईसिटी तक सीमित न रहकर पूरे भारतवर्ष के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है। यह कहना था चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का, जो इस द्वारा आयोजित नवरत्न लर्निंग प्रोग्राम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु एक समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे।

उन्होंने कहा कि भारत सदियों से रत्नों की भूमि रहा है तथा रत्न और आभूषण भारत की ऐतिहासिक और व्यापारिक शक्ति है। जौहरी एसोसिएशन की यह पहल हमारे देश के रत्न और आभूषण उद्योग को नए आयामों पर ले जाएगी। उन्होंने इस शैक्षणिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि जौहरी एसोसिएशन ने यह दिखा दिया है कि संगठित एवं गुणवत्तापूर्ण ज्ञान से उद्योग को नई दिशा दी जा सकती है। जौहरी एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकम चंद गोयल ने इस अवसर पर कहा कि विश्वभर में रत्न एवं आभूषणों के क्षेत्र में हमारी पहचान उत्कृष्ट कारीगरी, शुद्धता और सांस्कृतिक वैभव से हो रही है। परंतु आज के समय में, जब वैश्विक बाजार अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है. तो केवल पारंपरिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। जौहरी एसोसिएशन ने नवरत्न लर्निंग प्रोग्राम के रूप में एक अद्वितीय शैक्षणिक अभियान की शुरुआत की है।

संस्था के महासचिव नवीन रावत ने कहा कि इस लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से जौहरियों को यह सामर्थ्य मिलेगा कि वे अपने ग्राहकों को रत्नों के बारे में सटीक, प्रमाणिक और व्यावसायिक तरीके से जानकारी दे सकें। इससे न केवल बाजार में गलत जानकारी फैलने से रोका जा सकेगा, बल्कि जौहरी उद्योग को एक तकनीकी और प्रोफेशनल दिशा भी मिलेगी। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राहुल सिंघल ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया पहल से प्रेरित है।

## न्यूज ब्रीफ

### भल्ला को मिला 'आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस अवार्ड'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भल्ला को इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा 'सीएफओ-आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके कुशल वित्तीय नेतृत्व, रणनीतिक सोच और प्रशासनिक दक्षता के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित हुआ, जहां सांसद एवं वित्त पर स्थायी समिति के अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने उन्हें यह पुरस्कार भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया। इस पुरस्कार के चयन के लिए एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल गठित किया गया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं एनसीएलएटी के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एसजे मुखोपाध्याय ने की। चयन प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और गरिमा के साथ अंजाम दिया गया। यह पुरस्कार मेरे लिए एक प्रेरणा है और उन सभी सहयोगियों, साथियों व शुभचिंतकों को समर्पित है, जिन्होंने सदैव मेरा मार्गदर्शन और समर्थन किया।'




### हरियाणा पुलिस को मिलेंगे 783 नए सिपाही

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र भौंडसी में 28 जून को 783 रिक्रूट सिपाहियों की पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। इनमें 519 पुरुष एवं 264 महिला सिपाही शामिल हैं। पासिंग आउट परेड के साथ ही हरियाणा पुलिस को ये 783 महिला, पुरुष सिपाही मिल जाएंगे। इस दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के गृह सचिव, गोविंद मोहन मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आरटीसी भौंडसी के महानिरीक्षक बी सतीश बालन ने बुधवार को बताया कि सभी रिक्रूट सिपाही परेड के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इन सिपाहियों को प्रशिक्षण के दौरान कानून, ड्रिल, कंप्यूटर, चुनाव ड्यूटी, हथियारों एवं बिना हथियारों के आत्मरक्षा, बेतार यंत्रों का संचालन, फायर फाइटिंग, भीड़ प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही इन सिपाहियों को योग, स्मार्ट पुलिसिंग, कम्युनिटी पुलिसिंग जैसे विषयों पर भी व्यापक रूप से प्रशिक्षित किया गया है।

# चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर में लागू की गई 30 प्रमुख योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की साझा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू की जा रही भारत सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (यूटी) द्वारा एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़, डीजीपी पुष्पेंद्र कुमार, वित्त सचिव दीप्रवा लाकड़ा और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

भारत सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पोषण, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम शुरू किए हैं। प्रमुख कार्यक्रमों के पीछे अंतिम उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हासिल करना और यह सुनिश्चित करना है कि विकास समावेशी हो। चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ में लागू की गई 30 प्रमुख योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट साझा की। सचिवों ने क्रमशः अपने विभागों से संबंधित प्रत्येक योजना की स्थिति, उपलब्धियों और चल रही चुनौतियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी और आश्वासन दिया कि प्रशासन प्रत्येक मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान, केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की उपलब्धियों को केंद्र द्वारा प्रायोजित प्रमुख कार्यक्रमों में उजागर किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, जल जीवन मिशन (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन आदि शामिल हैं।

### चंडीगढ़ कांग्रेस ने मेयर चुनाव में मतदान की अनुमति के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ कांग्रेस ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा मेयर चुनाव में हाथ उठाकर मतदान की अनुमति देने के फैसले का गर्मजोशी से स्वागत किया है। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने इस साहसिक निर्णय के लिए प्रशासक का धन्यवाद किया। लक्की ने कहा कि चंडीगढ़ कांग्रेस और सांसद मनीष तिवारी इस फैसले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। यह निर्णय न केवल राजनीति को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे चंडीगढ़ नगर निगम और उसके पार्षदों की छवि भी बेहतर होगी, जो लगातार हॉर्स ट्रेडिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं। लक्की ने आगे मांग की कि चंडीगढ़ नगर निगम में भी दलबदल विरोधी कानून को तत्काल लागू किया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा को बरकरार रखा जा सके।

# सेक्टर-91 में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 8 दबोचे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मोहाली की साइबर क्राइम पुलिस ने सेक्टर-91 में अवैध गतिविधियों के लिए चलाए जा रहे एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक महिला सहित कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया और दावा किया कि पिछले छह महीने से चल रहे इस कॉल सेंटर से लोगों से 50 करोड़ रुपए की ठगी की गई।

पुलिस ने कॉल सेंटर में इस्तेमाल किए जा रहे 12 लैपटाप, 14 मोबाइल फोन और एक स्कार्पियो कार बरामद की है। पुलिस का कहना है कि ये युवक-युवतियां शिक्षित हैं और ऑनलाइन लोगों को फोन कर डराते थे कि उनके खाते से बिटकॉइन खरीदा गया है, जिसका इस्तेमाल किसी अवैध गतिविधि में किया गया है।

वह पीड़ितों को गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर उनके बैंक खातों की व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ठगी करते थे। इस फर्जी कॉल सेंटर पर काम करने वाले लोगों को विदेश स्थित एक अलग कॉल सेंटर से ठगी करने की जानकारी दी जाती थी।

डीएसपी रुपिंदरदीप कौर सोही ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ईडन कोर्ट सोसायटी, सेक्टर-91 के एक फ्लैट में अवैध कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने फ्लैट पर छापेमारी कर महिला सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी अफसर ढेर

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को



पकड़ने वाला पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास मंगलवार को एक हमले में मारा गया। दक्षिणी वजीरिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया, इसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक मोइज अब्बास भी था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि, उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन खरीदेगा 12 एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट्स

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मंगलवार को घोषणा की कि ब्रिटेन अमेरिका से 12 एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट्स खरीदेगा, जो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब दुनिया इजराइल-ईरान, भारत-पाकिस्तान और रूस-यूक्रेन जैसे युद्ध जैसे हालात से जूझ रही है। स्टारमर ने कहा, 'ये 12 एफ-35 विमान हमारी वायुसेना के लिए एक नया युग लेकर आएंगे और हमारे दुश्मनों को चेतावनी देंगे जो यूके और हमारे सहयोगियों को खतरा पहुंचा सकते हैं।' (अनंत ज्ञान)

### उपराष्ट्रपति धनखड़ की अचानक बिगड़ी तबीयत

**एजेंसी, नैनीताल।** उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ की उत्तराखंड में बुधवार को अचानक



तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत नैनीताल राजभवन ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उनका चेकअप किया। फिलहाल उनकी सेहत ठीक है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नैनीताल में कुमाऊं यूनिवर्सिटी के गोल्डन जुबली समारोह में चीफ गेस्ट थे। 45 मिनट के संबोधन में उन्होंने बार-बार 1989 में अपने साथ सांसद रहे डॉ. महेंद्र सिंह पाल का जिक्र किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ महेंद्र सिंह पाल के कंधे पर हाथ रखकर बाहर निकले। करीब 10 कदम चलने पर उपराष्ट्रपति पूर्व सांसद के गले लगकर भावुक हो गए। तभी उनके सीने में अचानक दर्द उठा। पूर्व सांसद महेंद्र पाल और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। (अनंत ज्ञान)

### बुर्का पहने शख्स ने लड़की को 5वीं मंजिल से दिया धक्का

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक नगर इलाके में बुर्का पहनकर घर में घुसे एक शख्स ने लड़की को 5वीं मंजिल की छत से धक्का दे दिया। आसपास के लोगों ने पीड़ित लड़की नेहा (19 साल) को एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। आरोपी की पहचान तौफीक (26 साल) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के रामपुर का रहने वाला है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# जयपुर-अजमेर हाईवे पर आग का गोला बना केमिकल टैंकर

**एजेंसी, जयपुर**



**ड्राइवर जिंदा जला, लोग गाड़ियां छोड़कर भागे**

जयपुर में हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक केमिकल टैंकर में आग लग गई। नेशनल हाईवे-48 पर हुए हादसे में टैंकर ड्राइवर जिंदा जल गया। हादसा बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे जिले के मोखमपुरा कस्बे में हुआ। टैंकर में भरा मेथेनॉल हाईवे पर बिखर गया। आग फैलने के डर से कई ड्राइवर मौके से गाड़ी छोड़कर भाग गए। हादसे के करीब आधा घंटे बाद तक हाईवे पर जाम लगा रहा। टैंकर में आग के बाद पूरे एरिया में ट्रैफिक रोक दिया गया था। इस कारण लंबा जाम लगा रहा। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी वाली याचिका खारिज

**एजेंसी, मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा- याचिका की सुनवाई में कोर्ट का समय बर्बाद हुआ है। हालांकि याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की बेंच ने कहा- इस याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसे में हम इसे खारिज करते हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि चुनाव में 6 बजे के बाद 75 लाख से ज्यादा वोट पड़े। साथ में चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महायुति ने 230 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। (अनंत ज्ञान)

# इंदौर में सोनम की अवैध पिस्टल बरामद, अब लैपटॉप की तलाश

**एजेंसी, इंदौर**

राजा रघुवंशी के मर्डर मामले में इंदौर में शिलॉन्ग एसआईटी ने सोनम की अवैध पिस्टल बरामद की है। ये पिस्टल इंडस्ट्रीज हाउस के पीछे नाले में एक सफेद थैली में मिली, जो सोनम के बैग में थी। बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स के घर के बाहर खड़ी एक कार से करीब 1 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं। शिलॉन्ग पुलिस बिल्डर लोकेंद्र तोमर, शिलोम और चौकीदार बलवीर को क्राइम ब्रांच थाने ले गई। यहां तीनों का आमना-सामना कराया जाएगा। पुलिस को सोनम के लैपटॉप की तलाश है। पुलिस उसे ढूंढने के लिए मंगलवार को इंदौर के महालक्ष्मी नगर इलाके में पहुंची थी। टीम उस बिल्डिंग के कॉन्ट्रैक्टर-ब्रोकर शिलोम जेम्स और चौकीदार बलवीर अहिरवार को भी साथ ले गई थी, जिसमें सोनम रुकी थी।

### सोनम और राज ने कबूला हमें है एक-दूसरे से प्यार

सोनम और राज कुशवाह ने शिलॉन्ग पुलिस के सामने पहली बार रिलेशन में होने की बात कही है। शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने बताया कि दोनों ने पूछताछ में कहा- हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों ने पहले ही अपराध स्वीकार कर लिया है। हमारे पास सबूत हैं। सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंध थे और दोनों ने राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रची थी। मुझे नहीं लगता कि हमें इस स्तर पर (नैरो एनालिसिस टेस्ट) क्यों करना चाहिए।

# 100 करोड़ ठगी के मामले में ईडी की महाराष्ट्र व गुजरात में छापेमारी

**एजेंसी, मुंबई/अहमदाबाद**

इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बुधवार को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी से जुड़े मामले में महाराष्ट्र और गुजरात के कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आम जनता से धोखाधड़ी के मामलों के सिलसिले में की गई है। ईडी का अहमदाबाद जोनल ऑफिस सुबह से ही जांच में जुटा है। यह छापेमारी मुंबई, सूरत और अहमदाबाद में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत चल रही है। यह मामला गुजरात पुलिस की तरफ से दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू किया गया, जिसमें मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश माफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और उनके अन्य सहयोगियों के नाम शामिल हैं। आरोपियों ने फेक SD ट्रेडिंग, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कानून एजेंसियों के नोटिस भेजकर धमकी देना और क्रिप्टो करेंसी में पैसे बदलकर हवाला नेटवर्क के जरिए विदेश भेजना जैसी तरकीबों से आम जनता से 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी की है। (अनंत ज्ञान)

### 224 भारतीय नागरिक इसराइल से भारत लौटे



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत बुधवार सुबह 224 भारतीय नागरिक इसराइल से भारत लौटे हैं। ईरान-इसराइल के तनाव के बीच दोनों देशों से अब तक 3394 भारतीयों को भारत लाया जा चुका है। इससे पहले 24 जून की रात 12.01 बजे 282 भारतीयों को लेकर एक फ्लाइट मशहद से दिल्ली पहुंची थी। (अनंत ज्ञान)

### सोना-चांदी के दामों में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 25 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 106 रुपए गिरकर 97,157 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 97,263 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 767 रुपए कम होकर 1,05,200 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,967 रुपए पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए और सोने ने 99,454 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

**सहमति** नाटो समिट में हुआ फैसला, ट्रंप ने कहा था-सदस्य देश अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे

# यूरोपीय देश अपना रक्षा खर्च बढ़ाने के लिए सहमत

**एजेंसी, हेग**

यूरोपियन देश अगले 10 साल में अपना रक्षा खर्च जीडीपी का 5 प्रतिशत तक बढ़ाएंगे। नीदरलैंड्स के द हेग शहर में हुई नाटो समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देशों से रक्षा खर्च बढ़ाने को कहा था। समिट के बाद सदस्य देशों की तरफ से जारी साझा स्टेटमेंट में कहा गया- हम सामूहिक सुरक्षा को लेकर अपने फैसले पर कायम है।



वॉशिंगटन संधि के आर्टिकल-5 के मुताबिक सदस्य देशों में से किसी पर भी हमले को सभी देशों पर हमला माना जाएगा। नाटो मीटिंग का एजेंडा यूरोपीय देशों के रक्षा खर्च में हिस्सेदारी को बढ़ाना ही था। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका नाटो को बहुत पैसा देता है, लेकिन बाकी देश अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। ट्रंप चाहते हैं कि सभी सदस्य देश अपने जीडीपी का 5 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करें। अभी नाटो के खर्च में यूरोपीय देशों का कुल योगदान केवल 30 प्रतिशत है, जो देशों की जीडीपी का औसतन 2 प्रतिशत है। (अनंत ज्ञान)

### आर्टिकल-5 पर मतभेद

**नाटो** समिट में सबसे बड़ी चिंता नाटो देशों के बीच रक्षा खर्च को लेकर आपसी मतभेद की रही। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा कि संगठन यूक्रेन जैसे मुद्दों से निपट सकता है, लेकिन ट्रंप ने नाटो की सबसे अहम संधि आर्टिकल-5 (एक-दूसरे की रक्षा का वादा) पर सीधा समर्थन देने से इनकार कर दिया।

# सेंसेक्स 700 अंक चढ़कर 82,756 पर बंद

## निफ्टी में भी 200 अंक की तेजी रही, यह 25,245 के स्तर पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 700 अंक चढ़कर 82,756 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 200 अंक की तेजी रही। यह 25,245 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी रही। टाइटन, महिंद्रा और इंफोसिस सहित कुल 16 शेयरों में 1-3.75 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल में 1 प्रतिशत की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 42 शेयरों में तेजी रही। एनएसई के सभी सेक्टर्स चढ़कर बंद हुए। ऑटो, आईटी मीडिया और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2 प्रतिशत तक की तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

**सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में रही तेजी**



### ग्लोबल मार्केट में तेजी

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 0.39 प्रतिशत नीचे 38,942 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.15 प्रतिशत चढ़कर 3,108 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.23 प्रतिशत चढ़कर 24,475 के स्तर पर, वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.04 प्रतिशत ऊपर 3,456 पर बंद हुआ। 24 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.19 प्रतिशत चढ़कर 43,089 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 1.43 प्रतिशत ऊपर 19,913 पर और एसएंडपी 500 1.11 प्रतिशत चढ़कर 6,092 पर बंद हुए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अनीश, सिफत और उमामहेश राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीते

**एजेंसी, देहरादून।** ओलंपियन अनीश भानवाला, सिफत कौर सामरा और जूनियर विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता उमामहेश मेदिनेनी ने 'ग्रुप ए' खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमश: पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर, महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस और 10 मीटर एयर राइफल में जीत दर्ज की। ये ट्रायल महाराणा प्रताप खेल कॉलेज में त्रिशूल निशानेबाजी रेंज पर हुए। अनीश ने फाइनल में 33 स्कोर किया जबकि आदर्श सिंह उनसे चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। नौसेना के प्रदीप सिंह शेखावत 23 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे । इससे पहले अनीश ने क्वालीफिकेशन के दूसरे चरण में 289 स्कोर किया था, जबकि पहले चरण में उनका स्कोर 293 था। उन्होंने कुल 582 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। प्रदीप 581 (290 और 291) के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर और गुरमीत सिंह तीसरे स्थान पर रहे। हरसिमर सिंह रत्ता , नीरज कुमार और आदर्श सिंह चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे। हाल ही में म्युनिख में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली सिफत कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर थ्री पोजिशंस फाइनल में 467.3 अंक के साथ शीर्ष रही। आकृति दहिया 456.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी 443.9 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 हराया

**एजेंसी, बर्लिन।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हॉफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंतत: तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम हालांकि, अधिक समय तक जश्न नहीं मना सकी, क्योंकि पांच मिनट बाद ही रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने इसके बाद अंतिम क्वार्टर में अजीत के गोल से बढ़त बनाई और जीत सुनिश्चित की। (अनंत ज्ञान)

### ललित ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट खिताब जीता

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के ललित बाबू ने बुधवार को यहां बेहतर टाई ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के मामिकोन घरिबयान को पछाड़कर मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। ग्रैंडमास्टर ललित बाबू ने शीर्ष वरीय जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लाविन पेंटसुलिया के खिलाफ अपनी नौवें और अंतिम दौर की बाजी जीतकर आठ जुटाए। मामिकोन ने भी भारतीय ग्रैंडमास्टर नीलोत्पल दास के खिलाफ अपनी बाजी जीती और उनके भी आठ अंक रहे। ललित बाबू ने हालांकि, मामिकोन के 54 के मुकाबले 54.5 के बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण खिताब जीता। उन्हें चार लाख रुपए की इनामी राशि मिली। दूसरे स्थान पर रहे मामिकोन को तीन लाख रुपए मिले। पांचवें स्थान पर रहे भारत के दीपन चक्रवर्ती को एक लाख 25 हजार रुपए की इनामी राशि मिली। (अनंत ज्ञान)

### हेड और जेसिका की खूबसूरत जोड़ी

**ऑस्ट्रेलिया।** ट्रैविस हेड की पत्नी जेसिका डेविस की गिनती फैशनेबल क्रिकेटर्स की वाइफ में होती है। उनका स्टाइल स्टेटमेंट कमाल का है। जेसिका अपने लुक को बहुत ही सिंपल रखा है।



# पहले टेस्ट में हार के बाद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं : गौतम गंभीर

## बोले-3 ही टेस्ट खेलेंगे बुमराह, शुभमन गिल की कप्तानी सटीक

**एजेंसी, लीड्स**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे, जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की।

बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है।

गंभीर ने संवाददाताओं से कहा, ''नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। सीरीज शुरू होने से पहले ही यह तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।''



अगला टेस्ट मैच बर्मिंघम में दो जुलाई से शुरू होगा, लेकिन गंभीर ने कहा कि टीम ने अभी तक यह फैसला नहीं किया है कि पांच मैचों की सीरीज में बुमराह अब किन दो मैचों में खेलेंगे। उन्होंने कहा, ''हमने अभी तय नहीं किया है कि वह कौन से दो अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे। उनके बिना भी हमारे पास ऐसा गेंदबाजी आक्रमण है जो इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकता है। हमें अपने गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है।'' (अनंत ज्ञान)

### सिर्फ शतक नहीं, जीत मायने रखती है

**भारत** के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऋषभ पंत के दो शतक जैसी व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे और जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम नतीजा होता है जो टीम हासिल नहीं कर सकी। अपने बेलागपन के लिए मशहूर गंभीर से जब पंत के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा,''तीन और शतक बने थे। ये सब सकारात्मक बातें हैं। शुक्रिया।''सिर्फ शतक नहीं, जीत मायने रखती है। मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा,''अगर आप कहते कि यशस्वी जायसवाल ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पदार्पण में शतक जड़ा, तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाए। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था।''

# कप्तान शुभमन गिल की नेतृत्व क्षमता पर उठने लगे सवाल



**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत की ओर से पांच शतक लगे। इसके बावजूद टीम इंडिया को पांच विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम इंडिया 1-0 से पीछे हो गई है। ऐसे में नए कप्तान शुभमन गिल की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने गिल की कप्तानी पर सवाल उठाते हुए माना कि उनके अंदर विराट कोहली जैसा ऑरा नहीं है। उन्होंने टीम इंडिया में हार्दिक पांड्या जैसे ऑलराउंडर की मांग कर दी है, जिससे लोग चौंक गए हैं। हुसैन ने लीड्स टेस्ट मैच के बाद शुभमन गिल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गिल को पहले टेस्ट मैच के दौरान सावधान रहना चाहिए था, क्योंकि उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के बाद टीम की कमान संभाली है।

**अब हार्दिक पांड्या ही बचा सकते हैं टीम इंडिया को: हुसैन**

मुझे लगा कि गिल के पास मैदान पर वैसा ऑरा नहीं है, जैसा इन दोनों खिलाड़ियों का था। आप इन दोनों नामों को देखें तो आपको पता चल जाएगा कि भारत की कप्तानी किनके हाथों में थी। (अनंत ज्ञान)

### रवींद्र जडेजा से क्यों नहीं की बात?

**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान ने कहा कि मैच के पांचवें दिन पिच पर कई जगह थोड़ा रफ हो गया था। रवींद्र जडेजा को वहीं गेंदबाजी करनी चाहिए थी। हुसैन ने कहा कि रवि शास्त्री और मार्क बाउचर हमारे साथ कमेंट्री बॉक्स में मौजूद थे। हम दिखा रहे थे कि गेंद कहां पिच हो रही है। जडेजा की एक भी गेंद रफ के पास पिच नहीं हो रही थी। नासिर हुसैन ने बताया कि इस दौरान रवि शास्त्री कह रहे थे, थोड़ा धीमा, थोड़ा वाइड, रफ में गेंदबाजी करो। मुझे आश्चर्य हुआ कि किसी भी सीनियर खिलाड़ी या कप्तान ने जडेजा से जाकर यह नहीं कहा कि थोड़ा वाइड गेंदबाजी करो। रवि शास्त्री सही कह रहे थे कि टीम इंडिया दो चीजों के कारण मुकाबला हार गई। इसके अलावा नासिर हुसैन ने भारतीय टेस्ट टीम में हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी को शामिल करने की बात की है।

### हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी की जरूरत

मैच के बाद नासिर हुसैन ने कहा कि टीम इंडिया को एक हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी की जरूरत है, जो तेज बॉलिंग करे और रन भी बनाए। टीम मैनेजमेंट नीतीश कुमार रेड्डी को अपने साथ ले गई है, लेकिन पहले टेस्ट मैच में शार्दुल ठाकुर पर भरोसा जताया गया। इसका टीम को फायदा नहीं मिला। टीम को एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की सख्त जरूरत है। नीतीश रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था और एक शतक भी लगाया था। उन्हें इस मैच में मौका दिया जाना चाहिए था।

# पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 7वें स्थान पर



**एजेंसी, दुबई**

भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे, जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं।

**पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर ने भी लगाए थे एक टेस्ट में दो शतक**

इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं, जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं।

पहले टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में 163 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम 11 स्थान की छलांग से 28वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत के निचले क्रम को दो बार आउट करना निर्णायक रहा : बेन

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले टेस्ट में भारत पर मिली पांच विकेट से जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया है, जिन्होंने भारत के निचले क्रम को दो बार आउट किया। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने हालांकि, कहा कि मैच का पलड़ा उसी समय उनके पक्ष में हो गया था जब इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।



स्टोक्स ने पहले टेस्ट की जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया

उन्होंने मैच के बाद कहा,''यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। बड़े स्कोर से इसका पता चलता है, लेकिन मैच का निर्णायक पल यही था कि हमने दो बार भारत के निचले क्रम को आउट कर दिया। इसी वजह से हम उन्हें बड़ा स्कोर बनाने से रोक पाए और विशाल लक्ष्य नहीं मिला जिसे पाना मुश्किल हो जाता।'' उन्होंने कहा,''हमने उन्हें 450-500 से आगे नहीं जाने दिया जो वह एक समय बनाते दिख रहे थे।'' भारत ने पहली पारी में आखिरी छह विकेट 41 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 34 रन के भीतर गिर गए।

स्टोक्स ने कहा,''जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरुआत चाहिए थी। ऐसे में विकेट बचाकर खेलना जरूरी था। डकेट और जैक ने जिस तरह से खेला, वह काबिले तारीफ है। दोनों एक-दूसरे के पूरक बनकर खेले।'' (अनंत ज्ञान)

### 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूज्डे' शतरंज टूर्नामेंट

## भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूज्डे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-9 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

# दूसरे टेस्ट में शार्दुल की जगह कुलदीप को मौका दे टीम इंडिया: मांजरेकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारतीय आक्रमण कमजोर नजर आया और इसको मजबूती प्रदान करने के लिए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में लाना चाहिए और शार्दुल ठाकुर को बाहर करना चाहिए।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले में पहली पारी में पांच विकेट चटकाए, लेकिन अन्य भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और ठाकुर उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं दे पाए। मांजरेकर ने कहा, ''कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा।''



बुमराह का सहयोग नहीं दे पाए बाकी गेंदबाज

उन्होंने कहा,''यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था।'' मांजरेकर ने कहा, ''लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा, इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा।''

मांजरेकर ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की परिस्थितियां पहले की तरह तेज गेंदबाजी के अनुकूल नहीं हैं, जिससे भारत को दो मुख्य स्पिनरों के साथ खेलने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें यह स्वीकार करना होगा कि इंग्लैंड की परिस्थितियां पहले की तरह नहीं है तथा मौसम काफी हद तक शुष्क है जिससे स्पिन गेंदबाजों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अब समय आ गया है जब भारत को दो मुख्य स्पिनर के साथ खेलने पर विचार करना चाहिए।'' मांजरेकर का मानना है कि बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा परिस्थितियों का फायदा उठाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा, ''प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों में सुधार की गुंजाइश है, लेकिन जडेजा पहले मैच में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे।''(अनंत ज्ञान)

# बायर्न म्यूनिख को हराकर बेनफिका ग्रुप सी में टॉप पर

**एजेंसी, चार्लोट ( अमेरिका )**



एंड्रियास श्जेल्डरुप के 13वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बेनफिका ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के भीषण गर्मी में खेले गए मैच में बायर्न म्यूनिख पर 1-0 से जीत हासिल की, जिससे पुर्तगाल का यह क्लब ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया।

इस हार के कारण बायर्न म्यूनिख दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि बोका जूनियर्स को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। यह मैच 36 डिग्री सेल्सियस के तापमान में खेला गया। बेनफिका के विंगर जियानलुका प्रेस्टियानी को गर्मी से संबंधित समस्याओं के कारण 25वें मिनट में उपचार लेना पड़ा और आखिर में वह 55वें मिनट में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। इससे पहले श्जेल्डरुप ने फ्रेडरिक ऑन्र्स के क्रॉस पर पेनल्टी स्पॉट के पास से दाहिने पैर से शॉट लगाकर गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकृत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनियाभर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं।''





पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।(अनंत ज्ञान)

### जज्बा

### नीरज बोले-गोल्डन स्पाइक जीत के बाद भी खुश नहीं हूं

# चोपड़ा की ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी, ओस्ट्रावा**



भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो, लेकिन पूर्व ओलंपिक चैंपियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता।

जीत के बाद उन्होंने कहा,''मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं, लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता।'' उन्होंने कहा,''मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैंने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा। आज वह सपना सच हो गया है।''

उन्होंने हालांकि कहा,''मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला । काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता।'' दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरुआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83-45 मीटर का थ्रो फेंका । तीसरे दौर में 85-29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आए। उनके अगले दो थ्रो 82-17 मीटर और 81-01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा।

पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है। 27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता।

अब वह बेंगलुरु में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे, जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)